सूर्योदय 7:01 सूर्यास्त 5:24

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 8.4 न्यू | 18.4 अधि |
| धर्मशाला | 6.0 न्यू | 20.1 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 81709.12 |
| निफ्टी | 24677.80 |
| सोना 77,620 | चांदी 95,623 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान




स्टॉर्क के सामने लड़खड़ाया भारत

पृष्ठ 14 पर


आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | शनिवार, 7 दिसंबर 2024 | 22 मार्गशीर्ष, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 351, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702


## न्यूज शॉर्ट्स

### राहुल की नागरिकता पर केंद्र से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी की याचिका पर शुक्रवार को केंद्र से अपना रुख स्पष्ट करने को कहा, जिसमें गृह मंत्रालय को राहुल गांधी की भारतीय नागरिकता पर निर्णय लेने का निर्देश दिए जाने का अनुरोध किया गया है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश विभु बाखरू और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने मौखिक रूप से केंद्र सरकार की ओर से पेश 'प्रॉक्सी' वकील से मामले में निर्देश प्राप्त करने को कहा।

### बेंगलुरु में लिंगायत संत की मूर्ति तोड़ी



**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में पार्सल डिलीवरी करने वाले एक युवक ने लिंगायत संत शिवकुमार स्वामी की मूर्ति खंडित कर दी। उसने मूर्ति के सिर पर बड़ा छेद कर दिया। मूर्ति तोड़ने वाले 37 साल के श्रीकृष्णा ने बताया कि मेरे सपने में जीसस क्राइस्ट आए थे, उन्होंने मूर्ति तोड़ने के लिए कहा। इलाके के लोगों को जब मूर्ति टूटने का पता चला तो उन्होंने तुरंत पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान की और उसे गिरफ्तार किया।

### कैलिफोर्निया में 7.0 तीव्रता का आया भूकंप




**कैलिफोर्निया।** अमेरिका के नॉर्थ कैलिफोर्निया में वीरवार देर रात भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 7.0 आंकी गई। यूएस वेदर सर्विसेस ने भूकंप के बाद सुनामी का अलर्ट जारी किया। हालांकि, 1 घंटे बाद अलर्ट को कैंसिल कर दिया। भूकंप से अब तक किसी भी तरह की हताहत की सूचना नहीं आई है। भूकंप का केंद्र कैलिफोर्निया के फर्नडेल सिटी से 9 किलोमीटर दूर प्रशांत महासागर में था।


अनंत ज्ञान

अनुभवी स्टाफ चाहिए

'अनंत ज्ञान' दैनिक अखबार को हिमाचल में अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार।

संपादकीय विभाग

उपमंडल स्तर पर जुझारू, ऊर्जावान और खोजी पत्रकारों की जरूरत है। डेस्क पर अनुभवी सब एडिटर चाहिए।

मार्केटिंग विभाग

मार्केटिंग रणनीति में माहिर मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव चाहिए।

मोबाइल नंबर: 8894521702
ई-मेल anantgyaanadm@gmail.com


## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- सीपीएस को बचाने में करोड़ों उड़ा रहे सीएम : जयराम -पेज 3
- बंगाणा को नगर पंचायत बनाने के मामले में बंटे लोग -पेज 10
- पर्यटन स्थल सिस्सू में कृत्रिम बर्फ बनी आकर्षण का केंद्र -पेज 11
- मतदाता सूची से बड़ी संख्या में हटाए गए मतदाताओं के नाम: केजरीवाल -पेज 13
- श्रीलंका को हराकर भारत अंडर-19 एशिया कप के फाइनल में -पेज 14


# महिला गृहरक्षकों को 180 दिन का मातृत्व अवकाश

## होमगार्डों का दैनिक भत्ता 60 से 500 रुपए होगा, सीएम ने की घोषणा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शुक्रवार को रिज मैदान शिमला में हिमाचल गृहरक्षा एवं नागरिक सुरक्षा के 62वें राज्यस्तरीय राइजिंग-डे कार्यक्रम की अध्यक्षता की। मुख्यमंत्री ने महिला गृहरक्षकों को 180 दिन का मातृत्व अवकाश प्रदान करने, प्रदेश के बाहर तैनाती के दौरान गृहरक्षकों के दैनिक भत्ते को 60 रुपए से बढ़ाकर 500 रुपए करने की घोषणा की।

इसके लिए आगामी बजट में प्रावधान किया जाएगा। सीएम ने कहा कि गृहरक्षा बल को सुदृढ़ करने के लिए 700 रिक्त पद भरे जाएंगे। पालमपुर और कांगड़ा इकाई परिसर में एसडीआरएफ मुख्यालय के निर्माण और संचार प्रणाली को सुदृढ़ करने के लिए धन आवंटित किया जाएगा। उन्होंने लोगों की सुविधा के लिए एसडीआरएफ नियंत्रण कक्ष में नए दूरभाष नंबर स्वीकृत करने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने आपदा प्रबंधन की क्षमताओं में सुधार करने के लिए सभी जिला मुख्यालयों पर ड्रोन स्टेशन स्थापित करने की भी घोषणा की। इससे पहले कमांडर विनय कुमार के नेतृत्व में 17 टुकड़ियां परेड में शामिल हुईं। प्लाटून कमांडर लता राही के नेतृत्व में महिला टुकड़ी दल, संबंधित कमांडर के नेतृत्व में प्रदेश के विभिन्न जिलों की टुकड़ियों ने परेड का शानदार प्रदर्शन किया। वहीं, सुरक्षित हिमाचल थीम पर गृह रक्षा के जवानों ने आपदा प्रबंधन तकनीक को प्रदर्शित किया। मुख्यमंत्री ने आपदा के कुशल प्रबंधन में गृह रक्षा एवं नागरिक सुरक्षा कर्मियों के समर्पित कार्यों और प्रतिबद्धता की सराहना की। उन्होंने कहा कि वर्तमान में एसडीआरएफ के पास 5 किलोग्राम की क्षमता तक वजन उठाने में सक्षम ड्रोन है और आपदा के प्रबंधन की दिशा में अधिक क्षमता वाले ड्रोन की आपूर्ति भी सुनिश्चित की जाएगी। प्रदेश सरकार ने गत दो साल में नादौन, देहरा, इंदौरा और कोटखाई में चार नए अग्निशमन केंद्र स्थापित किए हैं। अग्निशमन सेवा विभाग में विभिन्न श्रेणियों के 240 पद सृजित किए गए हैं।



**गृहरक्षकों के भरे जाएंगे 700 रिक्त पद**

**हर जिला मुख्यालयों में स्थापित होंगे ड्रोन केंद्र : सुक्खू**

### शिमला बटालियन को सर्वश्रेष्ठ बटालियन अवॉर्ड

**मुख्यमंत्री** ने मार्च पास्ट में नरेश शर्मा के नेतृत्व में शिमला बटालियन को सर्वश्रेष्ठ बटालियन पुरस्कार से सम्मानित किया और सर्वश्रेष्ठ यूनिट का पुरस्कार कंमाडेंट जनरल सतवंत अटवाल को मिला। इसके अलावा, विनोद कुमार व दिवंगत प्रवीण कुमार को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया। दिवंगत प्रवीण कुमार का अवॉर्ड उनकी पत्नी मीरा देवी को प्रदान किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रदर्शनियों का अवलोकन किया।

### आरबीआई ने महंगाई से परेशान किसानों को दी बड़ी राहत

# किसानों को अब बिना गारंटी मिलेगा 2 लाख रुपए का लोन

**एजेंसी, मुंबई**

**भारतीय** रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को बढ़ती महंगाई से किसानों को राहत देने के मकसद से बिना गारंटी के अब दो लाख रुपए तक का कर्ज उपलब्ध कराने की घोषणा की। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि मुद्रास्फीति और कृषि में उपयोग होने वाले कच्चे माल की लागत में वृद्धि को देखते हुए गारंटी मुक्त कृषि ऋण की सीमा को 1.6 लाख रुपए से बढ़ाकर दो लाख रुपए करने का निर्णय किया है।

इससे वित्तीय संस्थानों से कर्ज लेने को लेकर छोटे और सीमांत किसानों का दायरा बढ़ेगा। वहीं, बैंकों से कहा कि वे उसकी पहल 'म्यूलहंटर डॉट एआई' के साथ सहयोग करें, ताकि वित्तीय धोखाधड़ी के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले म्यूल खातों (फर्जी खातों) को हटाया जा सके। म्यूल खाता एक बैंक खाता है, जिसका इस्तेमाल अपराधी अवैध तरीके से पैसा लूटने के लिए करते हैं। गुमनाम व्यक्ति इन खातों को खोलकर इसमें लोगों से ठगी के पैसे जमा करवाते हैं। इन खातों से धन हस्तांतरण का पता लगाना और उसे वापस पाना मुश्किल होता है।

**बैंक फर्जी खातों पर लगाम लगाने के लिए 'म्यूलहंटर एआई' से जुड़ें**



### रेपो दर को स्थिर रखा सीआरआर में कटौती वृद्धि अनुमान घटाया

**आरबीआई** ने प्रमुख ब्याज दर में कोई बदलाव नहीं किया, लेकिन सुस्त पड़ती अर्थव्यवस्था को सहारा देने के लिए बैंकों के पास धन बढ़ाने के लिए नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में कटौती कर दी। इसके साथ ही आरबीआई ने आर्थिक गतिविधियों में सुस्ती के बीच मार्च 2025 को समाप्त होने वाले वित्त वर्ष के लिए अपने वृद्धि अनुमान को 7.2 प्रतिशत के पिछले अनुमान से घटाकर 6.6 प्रतिशत कर दिया। आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने लगातार 11वीं बैठक में नीतिगत ब्याज दर रेपो को 6.5 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखने का फैसला किया।

### मुख्य बातें

- प्रमुख ब्याज दर (रेपो) 6.5 प्रतिशत पर बरकरार।
- आरबीआई ने मौद्रिक नीति रुख को 'तटस्थ' बनाए रखा है।
- नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) को 4.5 प्रतिशत से घटाकर चार प्रतिशत किया।
- वित्त वर्ष 2024-25 के लिए जीडीपी वृद्धि का अनुमान 7.2 प्रतिशत से घटाकर 6.6 प्रतिशत किया।
- वित्त वर्ष 2024-25 के लिए मुद्रास्फीति अनुमान 4.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 4.8 प्रतिशत किया गया।
- एफसीएनआर (बी) जमा पर ब्याज दर की अधिकतम सीमा बढ़ाई गई।
- आरबीआई आम जनता तक सूचना के व्यापक प्रसार के लिए 'पॉडकास्ट' शुरू करेगा।

### लघु वित्त बैंकों को दी यूपीआई के माध्यम से कर्ज सुविधा देने की अनुमति

**भारतीय** रिजर्व बैंक ने लघु वित्त बैंकों को यूपीआई के जरिए पहले से स्वीकृत कर्ज देने की अनुमति दी। यूपीआई के दायरे का सितंबर 2023 में विस्तार किया गया। भुगतान बैंकों, लघु वित्त बैंकों तथा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को छोड़कर वाणिज्यिक बैंकों की ओर से 'फंडिंग' खाते के रूप में उपयोग किए जाने की सुविधा दी गई।

# मनाली-लेह मार्ग पर आज से वाहनों की आवाजाही बंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

**मनाली**-लेह मार्ग पर शनिवार से वाहनों की आवाजाही पूर्ण रूप से बंद हो जाएगी। डीसी एवं अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण लाहौल-स्पीति राहुल कुमार ने आदेश जारी करते हुए कहा कि शनिवार से अगले वर्ष गर्मियों तक दारचा-सरचू (राष्ट्रीय राजमार्ग-03) और दारचा-शिंकुला सड़क पर यातायात पूर्णतया बंद कर दिया है।

इन सड़कों पर दोनों तरफ से किसी भी तरह के वाहनों की आवाजाही की अनुमति नहीं होगी। उन्होंने बताया कि अत्यधिक ठंड पड़ने से बारालाचा टॉप और शिंकुला टॉप दर्रे पर सड़क पर बर्फ जमने की घटनाएं स्पष्ट रूप से देखी जा रही है। इस कारण से आपदा की घटनाओं की रोकने और यात्रियों के फंसने की स्थिति से बचाने के लिए इन सड़कों पर आवाजाही बंद की गई है। अब सैलानी अगले साल मई महीने में ही मनाली-लेह की बर्फीली वादियों के दीदार कर सकेंगे। आदेशों का उल्लंघन करने पर 1 वर्ष कारावास या जुर्माना का प्रावधान है।

**दारचा-सरचू व दारचा-शिंकुला सड़क पर भी वाहनों की आवाजाही बंद**

### आईटीबीपी जवान की गिरने से मौत

**कुल्लू।** कुल्लू जिले के बबेली स्थित आईटीबीपी संस्थान में शुक्रवार को एक जवान की गिरने से मौत हो गई है। जवान आईटीबीपी द्वितीय बटालियन बबेली में बतौर इंस्ट्रक्टर के पद पर था। मृतक की पहचान सुनील सिंह (37) पुत्र बसबंत सिंह निवासी मनोहर बाग, डाकघर व तहसील जोशीमठ, जिला चमोली (उत्तराखंड) के रूप में हुई है। रायसन के पास मलोगी गांव के साथ आईटीबीपी के 32 जवानों का पर्वतारोहण का प्रशिक्षण चल रहा था। पहाड़ी में रस्सी को खोलते समय सुनील सिंह नीचे गिर गया, जिसे उपचार के लिए कुल्लू अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों से मृत घोषित कर दिया। मामले की पुष्टि पुलिस अधीक्षक कुल्लू डॉ. कार्तिकेयन ने की है।

# संसद में सिंघवी की बेंच से नोटों की गड्डी मिलने पर हंगामा

## सभापति धनखड़ ने बताया तो खड़गे बोले- नाम लेना ठीक नहीं, भाजपा बोली- जांच हो

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**संसद** के शीतकालीन सत्र के 9वें दिन लोकसभा और राज्यसभा में जमकर हंगामा हुआ। सत्तारूढ़ भाजपा सांसदों ने कांग्रेस और उसके नेता राहुल गांधी के अमेरिकी कारोबारी जॉर्ज सोरोस से संबंध होने और राज्यसभा में विपक्षी सदस्य अभिषेक मनु सिंघवी की बेंच के पास 500 रुपए के नोट की गड्डी मिलने को लेकर विपक्षी पार्टी पर हमला बोलते हुए हंगामा किया।

हंगामे के चलते लोकसभा को पूरे दिन के लिए स्थगित कर दिया गया। वहीं, राज्यसभा में भोजनावकाश से पहले का कामकाज लगभग सामान्य ढंग से चलने के बाद गैर सरकारी कामकाज नहीं हो पाया। भाजपा के सदस्य सदन में नोटों की गड्डी मिलने के मामले में कांग्रेस से जवाब मांगते हुए हंगामा कर रहे थे और सदन को पूरे दिन के लिए स्थगित कर दिया गया। उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि वीरवार को सदन की कार्यवाही स्थगित होने के बाद कांग्रेस सांसद अभिषेक मनु सिंघवी की सीट से नोटों की गड्डी मिली थी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि जांच से पहले किसी का नाम लेना ठीक नहीं है। मैं अनुरोध करता हूं कि जब तक जांच पूरी नहीं हो जाती और घटना की प्रामाणिकता स्थापित नहीं होती, तब तक किसी सदस्य का नाम नहीं लिया जाना चाहिए। ऐसा चिल्लर काम करके ही देश को बदनाम किया जा रहा है। कांग्रेस सांसदों ने कहा कि अडानी मुद्दे से ध्यान भटकाने की साजिश है, अगर कोई जेब में 50,000 रुपए रखता है तो यह कोई अपराध नहीं है।



**कांग्रेस सांसद बोले- अडानी मुद्दे से ध्यान हटाने की साजिश**

### रिजिजू बोले- इसमें क्या गलत है?

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि रूटीन प्रोटोकॉल के मुताबिक एंटी-सैबोटाज टीम ने संसद की कार्यवाही खत्म होने और सदन को बंद करने से पहले सीटों की जांच की थी। इसी दौरान नोट का बंडल मिला। इस पर आपत्ति क्यों होनी चाहिए कि अध्यक्ष सदस्य का नाम न लें। अध्यक्ष ने सही तरीके से उस सीट नंबर और उस सीट पर बैठे सदस्य का नाम बताया। इसमें क्या गलत है? जांच होनी चाहिए।

### सिद्धबाड़ी का जवान अरुणाचल में शहीद

**धर्मशाला।** धर्मशाला के सिद्धबाड़ी की बागनी पंचायत के 29 वर्षीय जवान अक्षय कुमार ने अरुणाचल प्रदेश में ड्यूटी के दौरान शहीद हो गया। अक्षय 19 डोगरा बटालियन में तैनात था और उनकी शहादत की खबर गांव में पहुंचते ही पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है। अक्षय ने 2015 में 19 साल की उम्र में भारतीय सेना की सेवा शुरू की थी। पिता संसार चंद ने बताया कि अक्षय की दो महीने पहले ही शादी हुई थी। अक्षय का पार्थिव शरीर शनिवार को पूरे सैन्य सम्मान के साथ उनके पैतृक गांव बागनी लाया जाएगा।



# अगस्ता वेस्टलैंड घोटाला : क्रिश्चियन मिशेल की जमानत याचिका पर सीबीआई से मांगा जवाब

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट ने 3,600 करोड़ रुपए के अगस्ता वेस्टलैंड घोटाला मामले में कथित बिचौलिए क्रिश्चियन मिशेल जेम्स की जमानत के अनुरोध वाली याचिका पर शुक्रवार को सीबीआई से जवाब मांगा।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की पीठ ने सीबीआई को नोटिस जारी कर चार सप्ताह के भीतर याचिका पर जवाब देने को कहा है। कथित घोटाला अगस्ता वेस्टलैंड से 12 वीवीआईपी हेलिकॉप्टर की खरीद से संबंधित है। जेम्स ने दिल्ली हाईकोर्ट के 25 सितंबर के आदेश को चुनौती देते हुए सर्वोच्च न्यायालय का रुख किया है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने अपने 25 सितंबर के आदेश में मामले में जेम्स को जमानत देने से इनकार कर दिया था। ब्रिटिश नागरिक जेम्स को दिसंबर 2018 में दुबई से प्रत्यर्पित किया था और बाद में गिरफ्तार किया था। हाईकोर्ट ने पहले जेम्स की जमानत याचिका खारिज करते हुए कहा था कि जब उसकी पिछली जमानत याचिकाएं खारिज की गई थीं, तब से परिस्थितियों में कोई महत्वपूर्ण बदलाव नहीं आया है।



### 1984 सिख विरोधी दंगा : खोखर की याचिका पर सीबीआई को नोटिस

**सुप्रीम** कोर्ट ने सीबीआई को नोटिस जारी कर 1984 के सिख विरोधी दंगों के मामले में सजा के निलंबन की मांग करने वाली बलवान खोखर की याचिका पर जवाब दाखिल करने को कहा। अधिवक्ता राकेश दहिया के माध्यम से दायर अपनी याचिका में उन्होंने शीर्ष अदालत को अवगत कराया कि आवेदक के फरलो के आवेदन पर शीघ्रता से विचार करने के शीर्ष अदालत के विशिष्ट निर्देश के बावजूद जेल अधिकारियों ने आवेदन को केवल 26 सितंबर, 2024 को खारिज कर दिया।

# आने वाला समय पूर्वी भारत और पूर्वोत्तर का : मोदी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने कहा कि लंबे समय तक पूर्वोत्तर क्षेत्र को वोटों की संख्या से तोला गया, लेकिन जब से केंद्र में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार बनी है, तब से दिल्ली और दिल से दूरी के भाव को कम करने का प्रयास किया है। मोदी ने राष्ट्रीय राजधानी स्थित भारत मंडपम में तीन दिवसीय अष्टलक्ष्मी महोत्सव का उद्घाटन करते हुए कहा कि पूर्वोत्तर के आठ राज्यों, असम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड, त्रिपुरा और सिक्किम में अष्टलक्ष्मी के दर्शन होते हैं तथा विश्वास जताया कि आने वाला समय पूर्वी भारत व पूर्वोत्तर का होगा।

**प्रधानमंत्री ने किया भारत मंडपम में तीन दिवसीय अष्टलक्ष्मी महोत्सव का उद्घाटन**






**आंदोलन** शंभू बॉर्डर से अंबाला की ओर कूच कर रहे किसानों ने तोड़े बैरिकेड्स, पुलिस ने दागे आंसू गैस के गोले

# किसानों ने एक दिन का दिया अल्टीमेटम

**एजेंसी, चंडीगढ़**

**पिछले** नौ माह से पंजाब-हरियाणा के शंभू बॉर्डर पर धरना दे रहे किसानों ने शुक्रवार को दिल्ली कूच किया। इस दौरान पुलिस ने उन्हें आगे नहीं बढ़ने दिया और उन पर आंसू गैस के गोले दागे, जिससे कई घायल हो गए। हालांकि, शंभू बॉर्डर पर स्थित दो बैरिकेड्स पार कर अंबाला की ओर उन्होंने मार्च किया, लेकिन हरियाणा पुलिस और पैरामिलिट्री बलों ने तीसरे बैरिकेड पर उन्हें रोक दिया।

किसानों ने बैरिकेडिंग और कंटीले तार हटा दिए, लेकिन हरियाणा पुलिस ने बॉर्डर पार नहीं करने दिया। करीब अढ़ाई घंटे तक किसान बैरिकेडिंग के सामने खड़े रहे। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि अब 101 किसानों का 'जत्था' 8 दिसंबर को दिल्ली की ओर कूच करेगा। उन्होंने सरकार को एक दिन का अल्टीमेटम दिया है। उन्होंने कहो कि वे बातचीत के लिए तैयार हैं। हम सरकार से टकराव नहीं चाहते हैं।



### अंबाला के 11 गांवों में मोबाइल इंटरनेट बंद

**हरियाणा** सरकार ने शुक्रवार को अंबाला जिले के 11 गांवों में मोबाइल इंटरनेट और एक साथ कई लोगों को संदेश भेजने की सुविधा 'बल्क एसएमएस सेवा' को नौ दिसंबर तक निलंबित कर दिया। यह निलंबन 'तनाव, विवाद, आंदोलन और सार्वजनिक शांति भंग' होने की आशंकाओं के कारण किया गया है, क्योंकि किसानों का एक समूह न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की मांग को लेकर दिल्ली तक मार्च करने की तैयारी कर रहा था। अंबाला के डंगडेहरी, लोहगढ़, मानकपुर, ददियाना, बारी घेल, लार्स, कालू माजरा, देवी नगर, सद्दोपुर, सुल्तानपुर और काकरू गांवों में प्रतिबंध लागू कर दिया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### सुन्नी महाविद्यालय के विद्यार्थी लोक नृत्य में प्रथम



**महेंद्र कुमार, सुन्नी।** अटल बिहारी वाजपेई राजकीय महाविद्यालय सुन्नी के विद्यार्थियों ने नेहरू युवा केंद्र जिला शिमला द्वारा आयोजित वार्षिक जिला स्तरीय युवा उत्सव प्रतियोगिता में लोक नृत्य एवं संगीत वर्ग में प्रथम स्थान तथा पुरस्कार के रूप में 7000 की नकद राशि को प्राप्त किया। बता दें कि प्रतियोगिता का आयोजन 5 दिसंबर 2024 को राजकीय महाविद्यालय चौड़ा मैदान शिमला में आयोजित की गई थी। कार्यक्रम में जिसमें शिमला शहरी के विधायक हरीश जनार्थ ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की तथा विधायक द्वारा विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। प्राचार्य प्रो. अंजलि चौहान ने सभी विद्यार्थियों व प्रो. रश्मि चौहान को इस उपलब्धि के अवसर पर बधाई दी है।

### नुक्कड़ नाटक से नशे के खिलाफ किया जागरूक



**महेंद्र कुमार, सुन्नी।** राजकीय महाविद्यालय धामी, 16 मील द्वारा गोद लिए गए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धामी, हलोग और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बथालंग में एनएसएस स्वयंसेवियों द्वारा नशा निवारण विषय पर नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। वहीं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धामी और महाविद्यालय के स्वयंसेवियों द्वारा हलोग में नशा जागरूकता रैली का भी आयोजन किया गया। स्वयंसेवियों का नेतृत्व दिनेश शर्मा, कार्यक्रम अधिकारी एनएसएस, तथा नाटक की निर्देशक मिस साची सूद, सहायक प्रोफेसर भूगोल द्वारा किया गया। धामी स्कूल के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. जनेश कपूर ने कहा कि महाविद्यालय, स्कूल और समुदाय के सयुंक्त प्रयासों से सामाजिक बुराइयों से लड़कर नई पीढ़ी को सुरक्षित किया जा सकता है। इस अवसर पर डॉ. प्रवीण जरेट, डॉ. रमेश चंद, डॉ. गीता तथा स्कूल का स्टॉफ भी उपस्थित था। प्रधानाचार्य स्कूल श्री योगेश शर्मा ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### दामिनी ने चंडीगढ़ विश्वविद्यालय में कमाया नाम



**दशमी रावत, रोहड़ू।** रोहल गांव की बेटी दामिनी सिवान ने चंडीगढ़ के पंजाब विश्वविद्यालय में अपनी पहचान बनाई है। दामिनी जो फोरेंसिक साइंस विभाग में पीएचडी शोधार्थी है और फोरेंसिक वैज्ञानिक हैं। उन्होंने अपने मार्गदर्शक प्रोफेसर केवल कृष्ण और अपनी टीम के साथ मिलकर एक ऐसा सॉफ्टवेयर विकसित किया है, जो असली और नकली हस्ताक्षर को कुछ ही सेकंड में 90 फीसदी तक की सटीकता के साथ पहचान सकता है। इस सॉफ्टवेयर को भारत सरकार से कॉपीराइट भी प्राप्त हुआ है। रोहलवासियों ने दमिनी और उनकी पूरी टीम की इस उपलब्धि पर गर्व महसूस किया है।

### जेओए (आईटी) अभ्यर्थियों ने मुख्यमंत्री का जताया आभार



**अनंत ज्ञान, शिमला।** जेओए (आईटी) पोस्ट कोड 903 और 939 के एक प्रतिनिधिमंडल ने ओक ओवर में मुख्यमंत्री सुक्खू से भेंट कर इन पोस्ट कोड का परिणाम घोषित करने के लिए आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार पिछले दो वर्षो से युवाओं को रोजगार और स्वरोजागर के अवसर उपलब्ध करवाने के लिए प्रमुखता से कार्य कर रही है और इस दौरान सरकारी क्षेत्र में 30,000 से अधिक पद सृजित किए गए हैं। पिछली भाजपा सरकार ने अपने पांच वर्षों के कार्यकाल में केवल 20,000 सरकारी नौकरियां प्रदान की । उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार युवाओं के लिए स्वरोजगार के अवसर सृजित करने की दिशा में भी कार्य कर रही है।

### अर्णव ने बॉक्सिंग में जीता सिल्वर मेडल



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं के पीजी डीसीए प्रथम वर्ष के अर्णव आदित्य पटियाल ने दौलतपुर चौक महाविद्यालय ऊना में आयोजित बॉक्सिंग प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल जीता। उन्होंने यह मेडल 92 किलो वर्ग में जीता। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राकेश राणा ने अर्णव की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि महाविद्यालय के लिए गर्व का विषय है। इस उपलब्धि के लिए उन्होंने शारीरिक शिक्षा विभाग की अध्यक्ष डॉ. अंजू व बॉक्सिंग कोच गौरव ठाकुर को बधाई दी। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राकेश राणा, प्रो. प्रीतम लाल, डॉ. अंजू और गौरव ठाकुर मौजूद रहे।

### कोठी में मनाया बाबा साहेब का परिनिर्वाण दिवस



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** भारत के सशक्त संविधान के शिल्पकार एवं भारत रतन बाबा साहेब डा. भीम राव अंबेडकर जी का परिनिर्वाण दिवस कोठी पंचायत में हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति, जनजाति, ओबीसी तथा अल्पसंख्यक वर्ग संयुक्त संघर्ष मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्षा बर्फी देवी की अध्यक्षता में मनाया गया। इस मौके पर संयुक्त संघर्ष मोर्चा के जिलाध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त डीएसपी अंबेडकरवादी सीता राम कौंडल विशेष रूप से मौजूद रहे। अपने संबोधन में जिलाध्यक्ष सीता राम कौंडल ने कहा कि समाजिक, आर्थिक उत्थान के लिए सभी को बाबा साहेब द्वारा बताए मार्ग पर चलने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में शिक्षा सबसे जरूरी है, संघर्ष का स्थान उसके बाद में है। यदि आप शिक्षित होंगे तो अपने हकों के लिए लड़ सकते हैं। इस अवसर पर भारतीय संविधान की पुस्तक भी बांटी गईं ताकि शोषित वंचित समाज को अपने अधिकारों का बोध हो सके। वहीं जिला इकाई के महासचिव नंद लाल आचार्य ने बताया कि परम पूज्य बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के परिनिर्वाण दिवस पर उन के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने व उनकी पुण्य स्मृति में कार्यक्रम का आयोजन कोठी पंचायत में किया गया।

### कांग्रेस ने एक भी गारंटी पूरी नहीं की : गर्ग



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** कांग्रेस सरकार ने अब तक एक भी गारंटी कांग्रेस पूरी नहीं की है। कोरी घोषणाओं का जश्न मनाने वाली कांग्रेस सरकार पतन की ओर जा रही है। आमजनता को टैक्स के बोझ तले दबाया जा रहा है। यह बात पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग ने कांग्रेस सरकार पर हमला करते हुए कही। गर्ग ने कहा कि सत्ता में आने के खातिर वोट ठगने के लिए तरह तरह के प्रलोभन दिए गए थे। सता में आते ही गारंटियों को पूरा करना तो दूर उल्टा जनता को उपदेश देना शुरू कर दिए हैं। प्रदेश की जनता कांग्रेस सरकार के झूठे कार्यों को देख रही है। प्रदेश की जनता इसका जवाब आने वाले समय में देगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस सरकार कर्मचारियों के हितों से खिलवाड़ कर रही है। ओपीएस देने की बात करने वाली कांग्रेस सरकार कर्मचारियों को समय पर वेतन तक नही दे पा रही है। दावे बड़े बड़े हो रहे हैं लेकिन धरातल पर हर वर्ग परेशान है। मुख्यामंत्री के अलावा मंत्रियों के कार्यलयों पर पैसा लुटाया जा रहा है। छोटे से प्रदेश में उपमुख्यामंत्री व सीपीएस बनाने का कार्य कांग्रेस ने किया है। अपने मित्रों को खुश करने के लिए कैबिनेट रैंक के दर्जे रेवड़ियों की तरह बांट दिए। सूबे पर बड़ा बोझ डाला जा रहा है। गर्ग ने कहा कि आज प्रदेश का हर वर्ग महंगाई से त्रस्त है। बिजली दरें बढ़ा दी है, बसों के किराए बढा दिए गए , डीजल पैट्रोल के दाम बढा दिए गए। रोजमर्रा से जुड़ी हर वस्तु प्रदेश में महंगी बिक रही हैं।

विक्रमादित्य ने गिनाई सुक्खू सरकार की गारंटियां, भाजपा पर साधा निशाना, कहा–

## केंद्र से मिल रही कम ग्रांट, भाजपा में चली असली और नकली की लड़ाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने भाजपा पर निशाना साधा है। शिमला में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि प्रदेश में सत्ता संभालने पर कांग्रेस सरकार को कई एसेट्स भी मिले और भारी लाइबिलिटी भी मिली। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश एक पहाड़ी प्रदेश है और पहाड़ी प्रदेशों को केंद्र से विशेष ग्रांट मिलती है लेकिन हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की सरकार आने के बाद खुल कर ग्रांट नही मिल रही है।

विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनते ही सरकार ने सीएम सुक्खू के नेतृत्व में मंत्रिमंडल के सामुहिक प्रयासों से प्रदेश के विकास को गति दी है। कांग्रेस ने जनता को दी गारंटियों को पूरा किया है। पहली कैबिनेट में ओपीएस बहाल की, महिलाओं को 1500 रुपए देने का काम शुरू कर दिया है , युवाओं को 680 करोड़ की स्टार्टअप योजना की शुरुआत कर दी, प्रदेश में राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल खुल रहे है, दूध के दामों में रिकॉर्ड वृद्धि की है। उन्होंने कहा कि रोजगार को लेकर विपक्ष हल्ला करता रहता है।

उन्होंने कहा एक साल में एक लाख नोकरियां सिर्फ सरकारी क्षेत्र में नही सभी क्षेत्रों में देने की बात कही थी और उनकी सरकार ने दो सालों में सिर्फ 31000 हजार नोकरियां दे दी है। भाजपा ने अपने पूरे 5 सालो में ही सिर्फ 20000 नोकरियां दी। विक्रमादित्य सिंह ने इसको लेकर विपक्ष को चुनोती देते हुए कहा कि इसके लिए वह सदन में चर्चा करने को तैयार है। उन्होंने कहा कि इसी तरह सभी गारंटियों पर काम चल रहा है। वहीं विक्रमादित्य सिंह ने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि बीजेपी में असली और नकली की लड़ाई चली हुई है। वहीं कर्ज को लेकर विक्रमादित्य सिंह ने प्रदेश पर विपक्ष के आरोपों पर कहा रोजमर्रा के काम के लिए कर्ज लेना पड़ता है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार दो सालों में 2600 करोड़ की राजस्व वृद्धि की है।

विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि नेता विपक्ष बताएं कि उन्होंने अपने शासन काल में प्रदेश की अर्थव्यवस्था की मजबूती के लिए क्या कदम उठाए है ।

### 61 गांवों को जोड़ा जा रहा है सड़कों से

**विक्रमादित्य** सिंह ने कहा कि सरकार के दो साल के कार्यकाल के उनके विभाग में उन्होंने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए है। लोकनिर्माण विभाग में सख्त कदम उठाते हुए पीएमजेएसवाई -3 में उन ठेकेदारों को काम नही दिया जो अपना पुराना काम पूर्ण नही कर पाए। इससे कई ठेकेदार बाहर हुए है, जिसको लेकर उन पर बड़ा दवाब बना लेकिन वह फैसले पर अटल रहे। मंत्री ने कहा कि उन्होंने विभाग में के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए है कि वह समय में सभी कार्य पूरे करें। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि अब तक विभाग में 13238 करोड़ खर्च किए है दो सालों में 1370 किलोमीटर सड़के बनाई है इसके अलावा 1990 किलोमीटर सड़कों पर क्रॉस ड्रैनेज भी बनाई है और 1740 किलोमीटर सड़कों की टायरिंग की है इसके अलावा 61 नए गांव को सड़कों से जोड़ा जा रहा है।

## बुशहर दुग्ध उत्पादक संघ ने मुख्यमंत्री सुक्खू से की भेंट

**अनंत ज्ञान, शिमला**



बुशहर दुग्ध उत्पादक संघ, जिला शिमला के एक प्रतिनिधिमण्डल ने आज यहां मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू से भेंट कर, भैंस और गाय के दूध के खरीद मूल्य में ऐतिहासिक वृद्धि के लिए आभार व्यक्त किया। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार ने दुग्ध उत्पादकों के कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए अनेक ऐतिहासिक कदम उठाए हैं जबकि किसी भी पिछली सरकार ने दुग्ध उत्पादकों के कल्याण के लिए प्रयास नहीं किए।

इस अवसर पर प्रतिनिधिमण्डल ने मुख्यमंत्री को हिमाचली टोपी और शॉल भेंट कर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है और किसानों के उत्थान की दिशा में निकट भविष्य में और अधिक प्रयास किए जाएंगे।

### देवता शिकड़ू महाराज के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा देखने उमड़ी लोगों की भीड़

**दशमी रावत, रोहड़ू**

रोहड़ू के आराध्य देव शिकड़ू देवता महाराज के नवनिर्मित मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा।

प्रतिष्ठा समारोह के दुसरे दिन देवता शिकड़ू महाराज के नवनिर्मित मंदिर की शिखा पुजन की रस्म पूरी हुई, जिसमें देवता के गुर व ब्राह्मणों द्वारा शिखा पुजन की रस्म को अदा किया गया। मंदिर प्रांगण में देवताओं का नृत्य आकर्षण का मुख्य केंद्र रहा। देवलुओं ने भी पारंपरिक रिवाज के साथ नृत्य किया। प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भाग लेने पहुंचे मेहमान देवता मोहरिश महाराज की शोभायात्रा बाजार से डेरे तक पहुंची।( अनंत ज्ञान)

## शिमला के रिज मैदान पर भिड़े पर्यटक, वीडियो वायरल

**अनंत ज्ञान, शिमला**

शिमला के रिज मैदान पर एक बार फिर पर्यटकों द्वारा मारपीट करने व हुड़दंग मचाने का मामला समाने आया है। रिज पर मारपीट का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसने देखा जा सकता है कि रिज मैदान पर गुरुवार देर शाम किस तरह युवक मारपीट कर रहे हैं। उसके बाद वहां से भाग जाते हैं, लेकिन पुलिस में लड़ाई को लेकर कोई मामला दर्ज नहीं है। यही नहीं पुलिस हुड़दंगियों को पकड़ने में भी नाकाम रही है।

जानकारी के अनुसार रिज मैदान पर 6/7 नवयुवक किसी बात को लेकर आपस में उलझे तथा आपस में मारपीट करने लगे। मारपीट करने के उपरांत ये युवक लक्कड़ बाजार की तरफ भाग गए। मारपीट की पुलिस में कोई शिकायत दर्ज नहीं करवाई गई ।पुलिस द्वारा रिज पर पूछताछ करने पर पता चला कि ये युवक बाहर से आए सैलानी थे। यह पहला मौका नहीं है जब।

रिज मैदान पर इस तरह खुलेआम मारपीट की गई हो। इससे पहले कई बार पर्यटकों ओर स्थानीय लोगो में मारपीट का मामला समाने आ चुका है।

रिज पर हाई पावर कैमरा भी लगा है बावजूद इसके पुलिस रिज पर हुड़दंगियों को पकड़ने में नाकाम रहती है। एसएचओ सदर धर्मसिंह नेगी का कहना है कि रिज पर मारपीट का कोई मामला दर्ज नहीं है।

### सड़कों की पासिंग का झूठा श्रेय ले रहे शिक्षा मंत्री : अशोक जस्टा

**भरत ठाकुर, कोटखाई।** पूर्व भाजपा सरकार में बनी सड़कों की पासिंग कर शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर जुब्बल कोटखाई की जनता को गुमराह करने में लगे है।



भाजपा जुब्बल कोटखाई के महामंत्री अशोक जस्टा ने कहा कि यहां की जनता अब जागरूक है वह भली भांति जानती है कि उनकी सड़कों का काम किस सरकार में शुरू हुआ और उनकी सड़क के लिए किस सरकार ने कितनी धनराशि स्वीकृत की है। जुब्बल-कोटखाई कांग्रेस नेता गलतफहमी में है, उनको लगता है कि सड़कों में दो दिन जेसीबी मशीन भेजकर पुरी सड़क बनाने का श्रेय ले लेंगे, ऐसा क्षेत्र की जागरूक जनता होने नही देगी।

## सुरेश कश्यप ने अंबेडकर को दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, शिमला**



भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सुरेश कश्यप ने कांग्रेस पार्टी की सरकार द्वारा राज्यपाल को भीमराव अंबेडकर महापरिनिर्वाण दिवस पर न बुलाने पर मोर्चा खोलते हुए कहा कि आज भारतीय संविधान के रचनाकार भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर पूरा देश उनको नमन कर रहा है, लेकिन विभिन्न सरकारी कार्यक्रम आयोजित किए गए पर महामहिम राज्यपाल को किसी भी कार्यक्रम का न्योता न दिया जाना कांग्रेस पार्टी की संकीर्ण मानसिकता को दर्शाता है।

वहीं उन्होंने कहा कि नाहन में स्थित डॉक्टर यशवंत सिंह परमार मेडिकल कॉलेज निर्माण में देरी और बुनियादी ढांचे की चुनौतियों के बीच संघर्ष कर रहा है, परंतु वर्तमान में प्रदेश सरकार द्वारा योजना का क्रियान्वन और कमीशनिंग का कार्य करने में असमर्थ साबित हो रही है।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार इस योजना की गंभीरता को समझते हुए आवश्यक कदम उठाएं ताकि यह योजना आम जन को समर्पित की जा सके। सुरेश कश्यप ने दिल्ली भाजपा कार्यालय में अंबेडकर जी को विनम्र श्रद्धांजलि दी।

### आकांक्षा ने लेक्चरर पद पर चयनित होकर बढ़ाया क्षेत्र का मान

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग द्वारा हाल ही में जारी लेक्चरर (अंग्रेजी) भर्ती परीक्षा के परिणाम में सिरमौर जिले की राजगढ़ तहसील के कुंथल गांव की होनहार बेटी आकांक्षा दिल्टा ने अपनी कड़ी मेहनत और लगन से सफलता प्राप्त की है।



आकांक्षा की प्रारंभिक शिक्षा कुन्थल, नहोल और देवठी मंझगांव के स्कूलों से हुई। इसके बाद उन्होंने सोलन कॉलेज से स्नातक (बीए) और अंग्रेजी विषय में परास्नातक (एमए) की पढ़ाई पूरी की। शिक्षा के प्रति उनके समर्पण और अध्यापन के क्षेत्र में आने के शौक ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया।

## बिलासपुर जिले में 350 करोड़ रुपए के सड़क निर्माण कार्य प्रगति पर : राजेश धर्माणी

### सरकार ने जिले में 60 किमी से अधिक सड़कों का निर्माण, 100 किमी से अधिक सड़कों का सुधारीकरण किया

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

जिला बिलासपुर में सड़क निर्माण और सुधार के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य किए हैं, जिनकी कुल लागत 350 करोड़ रुपए से अधिक है। इन कार्यों ने क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक विकास को नई दिशा दी है और सरकार सड़क अवसंरचना के माध्यम से विकास को तेज़ी से बढ़ावा दे रही है। इस दौरान न केवल सड़क कनेक्टिविटी को बेहतर बनाया जा रहा है, बल्कि क्षेत्र की ग्रामीण बस्तियों को भी बेहतर परिवहन सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं। नगर नियोजक, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक और औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने बताया कि पिछले दो वर्षों में, प्रदेश सरकार ने जिला बिलासपुर में 60 किलोमीटर से अधिक नई सड़कों का निर्माण और 100 किलोमीटर से अधिक सड़कों का सुधारीकरण किया है। इसके अलावा, 10 नई बस्तियों को मोटर योग्य सड़क सुविधा से जोड़ा गया है। इन कार्यों ने न केवल ग्रामीण इलाकों को शहरों से जोड़ा, बल्कि लोगों की जीवनशैली में भी सुधार किया है। यह विकास लोक निर्माण विभाग और जिला प्रशासन के निरंतर प्रयासों का परिणाम है। मंत्री राजेश धर्माणी ने बताया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत, जिले में 19 परियोजनाएँ स्वीकृत की गईं, जिनके लिए 186 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इन परियोजनाओं में से 4 परियोजनाएँ पूरी हो चुकी हैं और 18 किलोमीटर नई सड़कें बनाई गई हैं। इस योजना का उद्देश्य दूरदराज के इलाकों में सड़कों का निर्माण करना है, जिससे ग्रामीणों को बेहतर यातायात सुविधा मिल सके और उनकी जीवनशैली में सुधार हो सके। इसके अलावा, नाबार्ड योजना के तहत 14 सड़कों का निर्माण पूरा हो चुका है, जिनकी कुल लंबाई 52 किलोमीटर है। इन सड़कों के निर्माण में 11 करोड़ रुपये का खर्च आया है। इसके साथ ही, 2 नई परियोजनाओं के लिए 7.73 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है। इन सड़कों के निर्माण से स्थानीय लोगों को न केवल बेहतर कनेक्टिविटी मिली है, बल्कि इसके द्वारा आर्थिक गतिविधियों में भी तेजी आई है।

सीआरआईएफ योजना के तहत, नवगांव-बेरी सड़क (एमडीआर-34) के 37 किलोमीटर हिस्से के सुधार और उन्नयन के लिए 79.25 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। यह कार्य इलाके की कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

#### सड़क सुरक्षा और यात्रियों की सुविधा बढ़ी



**विभाग** के आवधिक नवीनीकरण और एएमपी योजनाओं के तहत, 4068 लाख रुपए की लागत से 180.82 किलोमीटर ग्रामीण सड़कों और 16 किलोमीटर राष्ट्रीय उच्चमार्गों का नवीनीकरण किया गया है। इस कार्य से सड़कों की सुरक्षा और यात्रियों की सुविधा बढ़ी है। उन्होंने बताया कि कोटदार को जोड़ने वाला बागछाल पुल, जो पिछले 25 वर्षों से निर्माण की प्रतीक्षा कर रहा था, अब बनकर तैयार हो चुका है। यह पुल भारत का सबसे लंबा आरसीसी कैंटिलीवर पुल है, जिसकी लंबाई 317 मीटर है। इसका उद्घाटन 16 मार्च 2024 को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा किया जाएगा। इस पुल से लगभग 25,000 की आबादी को सीधा लाभ मिलेगा और क्षेत्र में यातायात की सुगमता में भी वृद्धि होगी।

## पैचवर्क पूरा होने से पहले ही उखड़ने लगा संपर्क मार्ग

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

घुमारवीं उपमंडल की संपर्क सड़क घुमारवीं-बरठीं वाया सुनहानी पर किए जा रहे पैचवर्क के काम में विभाग के काम की गुणवत्ता का कारनामा देखने को मिला है। अभी सड़क का पैचवर्क खत्म भी नहीं हुआ कि सड़क उखाड़ना शुरू हो गई। करीब 3 वर्ष पहले करीब 35 लाख रुपए से इस 3 किलोमीटर सड़क की टारिंग का का काम किया गया था। तब भी टारिंग का काम पूरा होने से पहले ही यह सड़क उखाड़ना शुरू हो गई थी। इसके बाद विभाग द्वारा उस समय दोबारा से सड़क की टारिंग करवाई गई थी। करीब 3 वर्षों बाद इस सड़क पर काफी मात्रा में गड्ढे पड़ चुके थे। जिससे वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इसी के चलते विभाग द्वारा एक बार फिर से सड़क का पैच वर्क कार्य पिछले हफ्ते ही शुरू किया था ।लेकिन अभी पैच वर्क कार्य पूरा भी नहीं हुआ था सड़क का पैच वर्क उखाड़ना शुरू हो गया। हालात यह है कि गड्ढो में डाली गई बजरी तथा तारकोल निकलकर सड़क के साइड पर इकट्ठा हो गया ।लेकिन अब विभाग बहाने बनाने पर उतरा है। विभाग का कहना है की मौसम टारिंग के अनुकूल नहीं है। स्थानीय लोगों ने कहा कि विभाग जरा सड़क का पैचवर्क गुणवत्ता का बिलकुल भी ध्यान नहीं रखा गया है और इसे ठीक नहीं किया गया तो उसकी शिकायत विभाग के उच्च अधिकारियों के साथ राज्यपाल तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री को की जाएगी।



> **अभी** इस सड़क का पैचवर्क कार्य शुरू नहीं किया गया है। यह सिर्फ एक ट्रायल था, क्योंकि मौसम अनुकूल न होने के कारण पहले ट्रायल किया गया था, ताकि पता चल सके कि पैचवर्क ठीक से हो पाएगा या नहीं। सड़क का पैचवर्क कार्य अभी शुरू किया जाएगा।
>
> **-अनुज पराशर, सहायक अभियंता, लोक निर्माण विभाग घुमारवीं)**

### स्वारघाट को नगर पंचायत नहीं, कॉलेज की है जरूरत : रणधीर शर्मा



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** प्रदेश सरकार द्वारा बिना जनता की मांग और सुझाव के ही स्वारघाट को नगर पंचायत बनाने का निर्णय लिया गया है। यह बात नयना देवी के विधायक रणधीर शर्मा ने सर्किट हाउस बिलासपुर में वीरवार को आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि अधिसूचना जारी होने के बाद स्थानीय लोगों से दो सप्ताह के भीतर आपत्तियां मांगी गई थीं। 90 प्रतिशत लोगों द्वारा हस्ताक्षर करके आपत्ति दर्ज की गई थी। इसके बावजूद इस अधिसूचना को वापिस नहीं लिया गया है, जिससे लोगों में नाराजगी देखने को मिल रही है। स्वारघाट को नगर पंचायत बनाने से यहां के ग्रामीण जहां मनरेगा की सुविधा से वंचित रह जाएंगे, वहीं टीसीपी जैसी संस्था काम शुरू कर देगी। इससे घर और पशुशाला बनाने के लिए भी लोगों को नक्शा पास करवाना पड़ेगा। रणधीर शर्मा ने कहा कि स्वारघाट को नगर पंचायत बनाने आवश्यकता नहीं है, बल्कि डिग्री कॉलेज खोले जाने की ज्यादा आवश्यकता है जो पूर्व भाजपा सरकार में खोला गया था और वर्तमान कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आते ही उसे बंद करने का काम किया है।

**आह्वान** घुमारवीं कॉलेज में छात्रावास स्वच्छता अभियान का शुभारंभ

## लक्ष्य निर्धारित कर उसे पाने के लिए करें कड़ी मेहनत: डॉ. राकेश

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**



स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं के कन्या छात्रावास के लिए मेंटरिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. राकेश राणा ने छात्राओं को जीवन कौशल से संबंधित विभिन्न टिप्स दिए। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि छात्रावास में विद्यार्थी विभिन्न क्षेत्रों और संस्कृति से संबंध रखने के बावजूद बिना किसी भेदभाव के मिलजुल कर रहना सीखते है साथ ही शेयरिंग और केयरिंग भी सीखते हैं। उन्होंने कहा लड़कियों का आत्मनिर्भर बनना समय की मांग है तभी वे आर्थिक, सामाजिक रूप से स्वतंत्र और मानसिक रूप से स्वस्थ रह सकती हैं। इस अवसर पर पीजी की छात्राओं ने करियर से संबंधित प्रश्न भी पूछे प्राचार्य ने मार्गदर्शन करते हुए कहा कि सबसे पहले अपना लक्ष्य निर्धारित करें और फिर उसे प्राप्त करने के लिए निरंतर कड़ी मेहनत करें।

डॉ. राकेश राणा ने छात्राओं को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दीं। इससे पूर्व उन्होंने छात्रावास में तीन दिवसीय स्वच्छता अभियान का भी शुभारंभ किया। उन्होंने पढ़ाई और सफाई के अपने मोटो पर बल देते हुए छात्राओं को अपने छात्रावास, महाविद्यालय और घर पर स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया। स्वच्छता अभियान में पहले दिन छात्रावास इको कल्ब प्रभारी निशा और अक्षिता की अगुवाई में दीक्षित, अनीता, मनीषा, लता, अंशिका, शैली, रिया, सोनिया, शालू,अमृता, कनिका, पलक, प्रांजल, विजेता, शेफाली,अनीता, सफाई कर्मचारी निशा, परिचारिका मंजू और अन्य छात्राओं ने छात्रावास परिसर में सफाई में श्रमदान दिया। इस अवसर पर छात्रावास की 71 छात्राएं और हिंदी विभाग से प्रो. कविता विशेष रूप से उपस्थित रही।






## न्यूज ब्रीफ

### सड़क हादसे में 24 वर्षीय युवक की मौत

**सालबिया शर्मा, गरली।** रियाडा के कुंदली हार में गत देर रात सड़क हादसे में एक की मौत हो गई। जानकारी अनुसार रात करीब दस बजे कुंदली हार स्थित नर्सिंग इंस्टीच्यूट के निकट अचानक बाइक बेकाबू होकर सड़क किनारे पत्थर से टक्र रा गई। इस हादसे में 24 वर्षिय युवक की मौके पर मौत हो गई। मृतक की पहचान दीपक कुमार निवासी सियोरपाईं के रूप में हुई है। मौके पर पहुचीं देहरा पुलिस ने शव तथा बाइक को कब्जे में लेकर कारवाई शुरू कर द्दी। देहरा पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा उसके शव परिजनों के हवाले कर दिया है।

### प्रदेश में एजुकेशन सिस्टम फेल : धर्माणी



**घुमारवीं।** प्रदेश में एजुकेशन सिस्टम फेल हो चुका है, स्कूल शिक्षकों के लिए तरस रहे हैं। रैंकिंग में हमेशा शीर्ष पर रहने वाला राज्य आज 21वें स्थान पर पहुंच चुका है, लेकिन सरकार अपनी नाकामियों का जश्न मनाने की तैयारीयों में जुटी है। यह बात भाजपा प्रदेश प्रवक्ता महेंद्र धर्माणी ने कही। धर्माणी ने प्रदेश में शिक्षा की लगातार गिरते स्तर के लिए प्रदेश सरकार को जिम्मेवार ठहराया है। उन्होंने कहा कि पिछले दो सालों में कांग्रेस पार्टी और सरकार के बीच जो अंतर्कलह रही है। सरकार बीते 2 सालों में उस अंतर्कलह को ही सुलझाने में लगी रही। उसके कारण बीते दो वर्षों में प्रदेश में कोई भी विकास कार्य नहीं हो पाया है। इसका नवीनतम उदाहरण है कि जो प्रदेश शिक्षा में अग्रणी राज्य था। आज बुरी तरह से पिछड़ रहा है और यह सरकार अपनी इन्हीं नाकामियों का जश्न मनाने जा रही है।

### कंप्यूटर बेस्ड स्क्रीनिंग टेस्ट में 112 का चयन

**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश कर्मचारी चयन आयोग हमीरपुर द्वारा ऑपरेशन थिएटर असिस्टेंट पोस्ट कोड 1073 के 162 पदों के लिए कंप्यूटर बेस्ड स्क्रीनिंग टेस्ट का परिणाम घोषित कर दिया है। चयन आयोग के सचिव विक्रम महाजन ने बताया कि इन पदों के लिए 112 उम्मीदवारों का चयन किया गया है। इन उम्मीदवारों के कागजातों की जांच 16 और 17 दिसंबर को आयोग कार्यालय में की जाएगी। उन्होंने बताया कि संबंधित परिणाम आयोग की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

### कार की टक्कर से स्कूटी चालक की मौत

**हमीरपुर।** सदर थाना हमीरपुर के तहत डिडवीं टिक्कर में तेज रफ्तार कार ने स्कूटी चालक को टक्कर मार दी, जिससे स्कूटी चालक दूसरी कार पर जाकर गिर गया। इस हादसे में स्कूटी चालक शेर सिंह पुत्र अमर सिंह गांव धलोट डा.खा. बोहणी की मौत हो गई। इस मामले की शिकायत राकेश कुमार पुत्र स्व. मस्त राम गांव कलोट डा.खा. रखोह तहसील सरकाघाट जिला मंडी ने की है। शिकायतकर्ता के अनुसार वह गत दिवस 3 बजे अपनी गाड़ी से मारुति ऐजैंसी टिक्कर के पास पहुचा तो उनकी गाड़ी के आगे एक स्कूटी न. एचपी-22सी-9860 जा रही थी, जिसमें एक अन्य व्यक्ति पीछे बैठा था। उसी समय सामने से एक तेज गति से गाड़ी आई, जिसने पहले स्कूटी नंबर एचपी-22सी-9860 को टक्कर मारते हुए रगते हुए स्कूटी चालक व इसके साथ बैठे दूसरे व्यक्ति को स्कूटी सहित गिरा दिया तथा गाड़ी चालक ने स्कूटी को टक्कर मारने के बाद शिकायतकर्ता की खड़ी गाड़ी को सामने से टक्कर मार दी। इस हादसे में गाडी को करीब 10-15 मीटर पीछे धकेल दिया। उसी समय आसपास के लोग इकट्ठा हो गए उन्होंने स्कूटी चालक व उनके साथ बैठे दूसरे व्यक्ति को एंबुलेंस के माध्यम से हमीरपुर अस्पताल ले गए जहां शेर सिंह को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर ने बताया कि मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है।

### चिट्टा तस्करों पर पुलिस का शिकंजा, 4 काबू



**शिमला।** शिमला पुलिस ने चिट्टा तस्करों पर शिकंजा कसा है। पुलिस ने रामपुर के ननखड़ी में चिट्टा तस्करी मामले में 4 युवकों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पुलिस पहले ही एक युवक को गिरफ्तार कर चुकी है, जिसके बाद अब उक्त 4 युवकों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों की पहचान पवन मेहता (39) पुत्र शेर सिंह निवासी ग्राम भवेरा डाकघर जाहू, सूरज मेहता (31) पुत्र प्रभु दयाल निवासी ग्राम पनोली डाकघर खुन्नी, प्रांशुल ठाकुर (24) पुत्र दलीप निवासी गांव टप्रोग डाकघर खुन्नी व बलवंत मेहता (40) पुत्र मेहर सिंह निवासी ग्राम थाना एवं तहसील ननखड़ी जिला शिमला के रूप में हुई है। गौर रहे कि बीते रोज पुलिस ने एक बंटी नामक युवक को 7.12 ग्राम चिट्टा के साथ गिरफ्तार किया था। इसके बाद से पुलिस लगातार मामले की छानबीन कर रही है। पुलिस को आशंका है कि इन युवकों के तार क्षेत्र में फैले चिट्टा तस्करों से भी जुड़े हो सकते हैं। डीएसपी रामपुर नरेश शर्मा ने मामले की पुष्टि की है।

# सीएम सुक्खू ने डॉ. बीआर अंबेडकर की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि की अर्पित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने चौड़ा मैदान में भारत रत्न और भारतीय संविधान के निर्माता डॉ. भीम राव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. अंबेडकर एक महान राजनीतिज्ञ थे और उन्होंने भारतीय संविधान तैयार करते समय सभी के लिए समान अधिकार सुनिश्चित किए और देश में लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।



स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल, हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष आरएस बाली, उप-मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया, विधायक हरीश जनारथा, अजय सोलंकी, सुदर्शन बबलू, मलेंदर राजन, हरदीप सिंह बावा, हंसराज और विनोद कुमार, हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक के अध्यक्ष देवेंद्र श्याम, नगर निगम शिमला के महापौर सुरेंद्र चौहान, पूर्व महापौर जैनी प्रेम और सोहन लाल, पार्षदगण, उपायुक्त अनुपम कश्यप और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

### राज्यपाल ने भी दी श्रद्धांजलि



**राज्यपाल** शिव प्रताप शुक्ल ने बाबा साहब डॉ. बीआर अंबेडकर की पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि अर्पित की। राज्यपाल ने कहा कि भारतीय संविधान निर्माता डॉ. अंबेडकर ने लोगों को सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने के लिए अथक प्रयास किए तथा गरीबों, शोषितों एवं वंचितों का बेहतर जीवन सुनिश्चित करने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि सामाजिक भेदभाव जैसी प्रवृत्तियों से मुकाबला करने में डॉ. अंबेडकर के समानता, भाईचारे एवं एकता की भावना जैसी शिक्षाएं महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

# पीडब्ल्यूडी में 800 करोड़ रुपए की पेमेंट ड्यू : भाजपा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भाजपा के पूर्व मंत्री सुखराम चौधरी एवं प्रदेश महामंत्री बिहारी लाल शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के युवा मंत्री को टिप्पणी करने से पहले सोच लेना चाहिए, जिस मंत्री के महकमे में ठेकेदारों की 800 करोड़ की पेमेंट नहीं हो पा रही है वह मंत्री अपनी उपलब्धियां क्या गिना रहे हैं यह समझ से परे है, लगता है मंत्री लिपट पोथी करने में एक्सपर्ट है तभी सरकार के पक्ष में उपलब्धियां गिनने आ गए।



उन्होंने कहा कि हिमाचल में ठेकेदार आर्थिक संकट संकट में घिर गए हैं। पीडब्ल्यूडी समेत तमाम विभागों में विकास परियोजनाओं को सिरे चढ़ाने वाले ठेकेदारों को भुगतान नहीं हो पा रहा है। राज्य भर में अकेले पीडब्ल्यूडी के ही करीब 800 करोड़ रुपए फंसने की बात कही जा रही है। 21 नवंबर के बाद ट्रेजरी में पहुंचे बिलों का भुगतान नहीं हो पाया है। अकेले पीडब्ल्यूडी की बात करें, तो नाबार्ड समेत अन्य सड़क प्रोजेक्ट में काम कर रहे ठेकेदारों के बिल विभाग के पास पहुंच रहे हैं और विभाग इन बिलों को ट्रेजरी में भुगतान के लिए बढ़ा रहा है। ट्रेजरी में जाकर बिल फंस रहे हैं। इससे ठेकेदारों समेत उनके पास काम करने वाले मजदूर घोर आर्थिक संकट में हैं।

ठेकेदारों ने इस बारे में पीडब्ल्यूडी मंत्री और डायरेक्टर ट्रेजरी से भी शिकायत की है, पर मंत्री जी के कान बंद हो चुके है। उन्होंने कहा की मंत्री जी को एक चीज तो बतानी चाहिए कि वह जश्न किस बात का मानना चाहते हैं। आईजीएमसी में इलाज नहीं हो रहे हैं, टेस्ट बंद है, कर्मचारी हड़ताल पर जाना चाहते हैं, पेंशन का भुगतान नहीं हो रहा है।

# सीएम ने गृहरक्षा विभाग के 15.05 करोड़ की लागत से निर्मित भवनों का किया लोकार्पण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने गृह रक्षा विभाग के 15.05 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित विभिन्न भवनों का लोकार्पण किया। इसमें जिला शिमला में 3.15 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित गृह रक्षा बटालियन प्रशिक्षण केंद्र पराला, जिला सिरमौर में 73 लाख रुपए से निर्मित गृह रक्षा 4/2 कंपनी कार्यालय पांवटा साहिब, 81 लाख रुपए से निर्मित गृह रक्षा 4/4 कंपनी कार्यालय रेणुका जी, 81 लाख रुपए से निर्मित गृह रक्षा 4/6 कंपनी कार्यालय मोगीनंद, 81 लाख रुपए की लागत से निर्मित गृह रक्षा 4/7 कंपनी कार्यालय कफोटा, जिला मंडी में 43 लाख रुपए की लागत से निर्मित गृह रक्षा 6/6 कंपनी कार्यालय करसोग, जिला कुल्लू के शाड़ाबाई में 68 लाख रुपए से निर्मित कमांडेंट आवास, 1 करोड़ रुपए से निर्मित गृह रक्षा 7/6 कंपनी कार्यालय आनी, जिला शिमला में 61 लाख रुपए से निर्मित गृह रक्षा 3/5 कंपनी कार्यालय सुन्नी और केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान शरगीण में 6.2 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित छात्रावास एवं बैरिक शामिल हैं।



स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. (कर्नल) धनीराम शांडिल, हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास बोर्ड के अध्यक्ष आर.एस. बाली, उप-मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया, विधायक हरीश जनारथा, अजय सोलंकी, सुदर्शन बबलू, मलेन्द्र राजन, हरदीप सिंह बावा, हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक के अध्यक्ष देवेन्द्र श्याम, नगर निगम शिमला के महापौर सुरेन्द्र चौहान, उप-महापौर उमा कौशल, पूर्व महापौर जैनी प्रेम और सोहन लाल, पार्षदगण, उपायुक्त अनुपम कश्यप, पुलिस महानिदेशक अतुल वर्मा, कमांडेंट जनरल होम गार्ड सतवंत अटवाल और एडीजीपी अभिषेक त्रिवेदी तथा पुलिस एवं गृह रक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

### सीएम सुक्खू ने कहा-प्राकृतिक खेती से तैयार मक्की के आटे को बाजार में उतारेंगे

मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा है कि वर्तमान राज्य सरकार प्राकृतिक खेती से उत्पादित मक्की के आटे को 'हिमभोग' ब्रांड के साथ बाजार में उतारेगी। उन्होंने कहा कि जल्द ही इस ब्रांड का शुभारंभ किया जाएगा और इसे बाजार में उपलब्ध करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि अभी तक वर्तमान सरकार के प्रयासों से प्राकृतिक खेती से जुड़े 1506 किसान परिवारों से 4000 क्विंटल से अधिक मक्की की खरीद की गई है। लाहौल-स्पीति और किन्नौर जिलों को छोड़कर बाकी सभी जिलों से यह खरीद की गई है। उन्होंने कहा कि सोलन जिला से सर्वाधिक 1140 क्विंटल, चंबा से 810 क्विंटल तथा मंडी से 650 क्विंटलमक्की की खरीद की जा चुकी है। सुक्खू ने कहा, ''वर्तमान राज्य सरकार प्रदेश में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने का प्रयास कर रही है। हिमाचल प्रदेश गेहूं और मक्की की सर्वाधिक न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रदान करने वाला देश का पहला राज्य है। राज्य में प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों से गेहूं 40 रुपए और मक्की 30 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से खरीद का कार्य शुरू हो चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में 35, 000 हेक्टेयर भूमि पर प्राकृतिक खेती की जा रही है जिससे 1.98 लाख किसान जुड़े हैं। इन किसानों की सुविधा के लिए राज्य सरकार ने डेढ़ लाख से अधिक किसानों का निःशुल्क प्रमाणीकरण भी किया है तथा इस वर्ष 36,000 किसानों को प्राकृतिक खेती के साथ जोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार प्राकृतिक खेती उत्पादों के लिए 10 मंडियों में आधारभूत ढांचा विकसित कर रही है ताकि उन्हें अपना उत्पाद बेचने में किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश की लगभग 90 प्रतिशत आबादी गांवों में रहती है। इसी लिए सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने के लिए अनेक कदम उठा रही है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में मृत मिला 39 वर्षीय सरकारी कर्मचारी

**शिमला।** शिमला में एक 39 वर्षीय सरकारी कर्मचारी संदिग्ध परिस्थितियों में मृत अवस्था में मिला है। मृतक शिमला के गियालफो हाउस स्ट्रोबेरी हिल में रहता था और सेंट्रल गुड्स एंड टैक्स डिपार्टमेंट में कार्यरत था।

पुलिस को गत दिवस स्थानीय लोगों से सूचना मिली कि छोटा शिमला के स्ट्रोबेरी हिल में गियालफो हाउस में एक व्यक्ति संदिग्ध परिस्थितियों में मृत अवस्था में पड़ा हुआ है। पुलिस ने उक्त व्यक्ति को आईजीएमसी पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित किया। पुलिस ने घटना की सूचना परिजनों को दी। पुलिस ने बताया कि अभी पोर्स्टमार्टम नहीं हुआ है। फोरेंसिक लैब जुन्गा की टीम ने भी मौके पर आकर निरीक्षण किया है। फिलहाल मौत के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

पुलिस ने बताया कि मृतक व्यक्ति की पहचान रोहित इंदौरा पुत्र रोहताश इंदौरा निवासी रोजवुड अपार्टमेंट द्वारका दिल्ली के रूप में हुई है। उक्त व्यक्ति जॉइंट कमिश्नर सेंट्रल गुड्स एंड टैक्स डिपार्टमेंट में कार्यरत था।

### सांसद इंदु गोस्वामी के प्रश्न पर केंद्रीय नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री ने बताया

# हिमाचल को हवाई अड्डों के विकास के लिए अब तक 213.52 करोड़ जारी

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

केंद्रीय नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने राज्यसभा सांसद सुश्री इंदु गोस्वामी को संसद में एक प्रश्न के उत्तर में बताया की क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करने के लिए शुरू की गई उड़ान योजना के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश को हवाई अड्डों के विकास के लिए अब तक 213.52 करोड़ जारी किए गए हैं, जिसमे से 31 अक्तूबर 2024 तक 160.46 करोड़ की धनराशि का उपयोग किया गया।



उन्होंने बताया की उड़ान योजना के अंतर्गत 29 राज्यों को अब तक 5278.56 करोड़ जारी किए गए हैं जिसमे से 31 अक्तूबर 2024 तक 4135.44 करोड़ की धनराशि का उपयोग किया गया है।

उन्होंने बताया की उड़ान योजना के अंतर्गत पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड और केंद्र शाशित लद्दाख राज्यों को अब तक क्रमश 143.25 करोड़, 60.65 करोड़, 137.42 करोड़ और 10.20 करोड़ रुपए जारी किए गए जिसमें से 31 अक्तूबर 2024 तक पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड और केंद्र शाषित लद्दाख राज्यों ने क्रमश 143.22 करोड़ , 35.65 करोड़, 76.68 करोड़ और 0.30 करोड़ रुपए की धनराशि का उपयोग किया गया है।

उन्होंने राज्यसभा सांसद सुश्री इंदु गोस्वामी को बताया की उड़ान योजना के अंतर्गत सर्वाधिक 1128.32 करोड़ की धनराशि उत्तर प्रदेश को आबंटित की गई है जिसमें से राज्य में 31 अक्तूबर 2024 तक 1096.29 करोड़ रुपए की धनराशि का उपयोग किया गया है।

# सीपीएस को बचाने में करोड़ों उड़ा रहे सीएम : जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश के मुखिया हिमाचल के विकास और जनहित के बजाय सीपीएस बचाने में जीजान लगा रहे हैं। हाईकोर्ट द्वारा सीपीएस को हटाने के आदेश देने के बाद भी सरकार उन्हें बचाने की कोशिश में लगी है और प्रदेश के विकास में खर्च किए जा सकने वाला बजट वकीलों को हायर करने में करोड़ो खर्च किया जा रहा है। सरकार का यह रवैया दुर्भाग्यपूर्ण हैं। जिससे प्रदेश के संसाधन और ऊर्जा सरकार की जिद्द के कारण अन्यत्र बर्बाद हो रहे हैं।



प्रदेश के हितों के बजाय मित्रों के हितों पर करोड़ों लुटाना किसी भी विजनरी मुख्यमंत्री का काम नहीं हो सकता है। प्रदेश में प्रशिक्षु डॉक्टर्स को चार-चार महीनें से स्टाइपेंड नहीं मिल रहा है। वह लेक्चर थियेटर में पढ़ने और अस्पताल में मरीजों के इलाज करने के बजाय सड़कों पर धरना दे रहे हैं लेकिन सरकार सारे काम रोक कर वकीलों की फीस भर रही है।

इसी से सरकार की प्राथमिकता का पता चलता है कि सरकार के लिए प्रदेश का हित नहीं अपनी और मित्रों की कुर्सी है। जयराम ठाकुर ने कहा कि जब माननीय उच्च न्यायालय ने सीपीएस की नियुक्ति को अवैध ठहराते हुए उन्हें तत्काल प्रभाव से हटाने और उनकी सभी सुविधाएं छीनेने के आदेश दिए तो फिर सरकार उन्हें बचाने के लिए करोड़ों रुपए क्यों उड़ा रही है।

इस फैसले में माननीय न्यायाधीश महोदय का कथन 'यह पद सार्वजनिक सम्पत्ति पर कब्जा है और सभी सुविधाएँ तत्काल प्रभाव से वापस ली जानी चाहिए' और भी महत्वपूर्ण हैं। इतने कठोर निर्णय के बाद भी सरकार सीपीएस को बचाना चाहती है।

उन्होंने कहा कि जिस एक्ट के तहत सीपीएस की नियुक्ति की गई थी बाद में न्यायालय द्वारा उसे भी निरस्त कर दिया गया है। इसके अलावा सरकार द्वारा हाई कोर्ट में पहले ही बताया जा चुका है कि सीपीएस के द्वारा कोई फाइल नहीं देखी जा रही है, कोई विधाई कार्य भी नहीं किया जा रहा है।

# छात्रों के व्यवहारिक कृषि प्रशिक्षण के लिए 2 .8 करोड़ रुपए के एमओयू पर हस्ताक्षर



**अनंत ज्ञान, सोलन**

समग्र शिक्षा, हिमाचल प्रदेश और डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी ने एक परिवर्तनकारी साझेदारी में प्रवेश किया है, जिसका उद्देश्य कृषि व्यावसायिक शिक्षा प्राप्त करने वाले स्कूली छात्रों के बीच व्यावहारिक कृषि प्रशिक्षण प्रदान करना और उद्यमशीलता कौशल को बढ़ावा देना होगा। इस पहल से हिमाचल प्रदेश के 227 सरकारी स्कूलों में 9वीं से 12वीं कक्षाओं के 11,900 छात्रों को लाभ होगा। इस साझेदारी के तहत, कृषि और संबद्ध क्षेत्रों में व्यावसायिक शिक्षा के लिए एक इनक्यूबेशन सेंटर स्थापित किया जाएगा, जो छात्रों को प्रैक्टिकल सीखने के अमूल्य अवसर प्रदान करेगा।

इस परियोजना को 2.8 करोड़ रुपए के बजट आवंटन के साथ समग्र शिक्षा द्वारा वित्त पोषित किया जाएगा। परियोजना के सफल कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए विश्वविद्यालय कृषि, बुनियादी ढांचे और डेटा प्रबंधन में अपनी विशेषज्ञता का योगदान देगा।

इनक्यूबेशन सेंटर का प्राथमिक लक्ष्य छात्रों को कृषि और संबद्ध क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए आवश्यक ज्ञान, कौशल और दृष्टिकोण प्रदान करना है।

नवाचार, कौशल विकास और अनुभवात्मक शिक्षा के लिए अनुकूल वातावरण बनाकर, यह परियोजना राज्य में व्यावसायिक शिक्षा को बढ़ाएगी।

नौणी विवि के कुलपति प्रोफेसर राजेश्वर सिंह चंदेल और समग्र शिक्षा, हिमाचल प्रदेश के राज्य परियोजना निदेशक राजेश शर्मा के बीच गुरुवार शाम नौणी में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

**सम्मान** उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया और विधायक अजय सोलंकी ने कहा-

# खिलाड़ियों को उचित मान-सम्मान दे रही राज्य सरकार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया और नाहन के विधायक अजय सोलंकी ने संयुक्त प्रेस वक्तव्य में कहा कि प्रदेश में पहली बार राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न खेलों में प्रदेश का नाम रोशन करने वाले मेधावी पदक विजेता खिलाड़ियों को राज्य सरकार द्वारा सम्मानित कर, उनके संघर्ष को उचित मान-सम्मान दिया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि राज्य में यह पहली बार हुआ है कि राज्य सरकार ने खिलाड़ियों के हितों को प्राथमिकता प्रदान कर उन्हें दी जाने वाली पुरस्कार राशि में ऐतिहासिक बढ़ोतरी की है ताकि खिलाड़ी प्रोत्साहित हो और युवा खेलों के साथ जुड़ सकें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा गत दिवस शिमला में अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ियों के सम्मान में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न खेलों में प्रदेश का नाम रोशन करने वाले 21 पदक विजेताओं को 14.77 करोड़ रुपए की राशि बतौर पुरस्कार खिलाड़ियों को प्रदान की है। उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार के कार्यकाल में अंडर-17 और अंडर-19 खेलों के लिए राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में केवल मात्र 150 रुपए जबकि राष्ट्र स्तरीय प्रतिस्पर्धाओं के लिए 250 रुपए डाइट मनी दी जाती थी, लेकिन वर्तमान राज्य सरकार ने इसे बढ़ाकर क्रमशः 400 और 500 रुपए किया है। अंडर-14 में पूर्व भाजपा सरकार के कार्यकाल में पहले राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में 120 रुपए जबकि राष्ट्रीय स्तरीय प्रतिस्पर्धाओं के लिए 250 रुपए डाइट मनी दी जाती थी। वर्तमान राज्य सरकार ने इसे भी बढ़ाकर 250 रुपए और 400 रुपए किया है। इसी प्रकार खेल छात्रावासों में रहने वाले खिलाड़ियों को पहले 150 रुपए डाइट मनी दी जाती थी, लेकिन अब इन खिलाड़ियों को 400 रुपए प्रदान किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार द्वारा खिलाड़ियों को हवाई किराया भी प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि व्यवस्था परिवर्तन से हिमाचल प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। खिलाड़ियों का सम्मान, उसी परिकल्पना को साकार कर रहा है। इससे पूर्व, कोई खिलाड़ी कल्पना भी नहीं कर सकता था।



### पुरस्कार राशि को आठ गुना बढ़ाया

खिलाड़ियों की पुरस्कार राशि को राज्य सरकार ने आम खिलाड़ियों के बराबर आठ गुना बढ़ाया है। ओलंपिक, शीतकालीन ओलंपिक तथा पैरालंपिक प्रतियोगिताओं में स्वर्ण पदक विजेताओं के लिए पुरस्कार राशि 3 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 5 करोड़ की गई है, जबकि रजत पदक विजेताओं को 2 करोड़ रुपए के स्थान पर 3 करोड़ और कांस्य पदक विजेताओं को एक करोड़ रुपए के स्थान पर 2 करोड़ रुपए प्रदान किए जा रहे हैं। एशियाई खेलों तथा पैरा एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक विजेताओं को दी जाने वाली पुरस्कार राशि को 50 लाख रुपए से बढ़ाकर 4 करोड़ रुपए किया है, जबकि रजत पदक विजेताओं को 30 लाख रुपए के स्थान पर 2.50 करोड़ रुपए तथा कांस्य पदक विजेताओं को 20 लाख रुपए के स्थान पर 1.50 करोड़ रुपए दिए जा रहे हैं।

# एफडीआर तकनीक से बनेगी चंबापतन वाया रोहड़ा सड़क

## विधायक संजय रत्न ने एफडीआर तकनीक ट्रायल कार्य का किया शुभारंभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

दुर्गम क्षेत्रों को सड़कों से जोड़ना सरकार की प्राथमिकताओं में से एक है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में चल रही प्रदेश सरकार सड़क निर्माण के लिए नवीन तकनीकों का उपयोग कर निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को बढ़ाने पर जोर दे रही है। ज्वालामुखी विधानसभा क्षेत्र के सीहोरपाई में शुक्रवार को चंबापतन वाया रोहड़ा सड़क के एफडीआर तकनीक से ट्रायल कार्य का शुभारंभ करने के उपलक्ष्य पर क्षेत्र के विधायक संजय रत्न ने यह बात कही।



ज्वालामुखी विधानसभा क्षेत्र के सीहोरपाई में चंबापतन वाया रोहड़ा सड़क के एफडीआर तकनीक से ट्रायल कार्य का शुभारंभ करने पहुंचे विधायक संजय रत्न।

उन्होंने कहा कि ज्वालामुखी विधानसभा क्षेत्र में पांच सड़कों के लिए लगभग 77 करोड़ की राशि स्वीकृत हुई है। उन्होंने बताया इस सड़क के अलावा, सपड़ी से पनाहर, देहरियां से सलेहर, कोपडा से सोल और त्रैंबलू से मरहाण सड़क के निर्माण पर यह राशि व्यय होगी।

संजय रत्न ने बताया कि 14.5 किमी लंबी इस सड़क के निर्माण कार्य में एफडीआर तकनीक का उपयोग किया जाएगा। एफडीआर तकनीक में, पुरानी सड़क की गिट्टी और अन्य सामग्री को उपकरणों से तोड़कर बारीक टुकड़ों में बदला जाता है। फिर इस टुकड़े को रीसाइकल करके सड़क पर बिछाया जाता है और समतल किया जाता है। इसके बाद, सीमेंट में चिपकने वाले केमिकल मिलाकर घोल तैयार किया जाता है और उसे समतल किए गए हिस्से पर डाला जाता है।

### कहा, क्षेत्र की 5 सड़कों के लिए 77 करोड़ स्वीकृत

उसके पश्चात, रीसाइकलर और मोटर ग्रेडर से इसे रोल किया जाता है तथा पैड फुट रोलर और कंपैक्टर से इसे दबाया जाता है।

अंत में, सात दिनों तक पानी से तराने के बाद, सतह पर स्ट्रेस अब्सॉर्बिंग इंटर लेयर तैयार की जाती है। इसके ऊपर पेवर मशीन से बिटुमिन कंक्रीट बिछाया जाता है। इस प्रकार सड़क बनाई जाती है।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रश्नोत्तरी स्पर्धा में साहिल की टीम विजयी

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** राजकीय महाविद्यालय मटौर के सड़क सुरक्षा क्लब द्वारा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को जहां सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी प्रदान करना तथा यातायात के नियमों के पालन हेतु प्रेरित करना भी था। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार शर्मा ने सभी प्रतिभागियों को प्रतियोगिता में सुझबुझ से खेलने, उत्तर देने और जीवन में वाहन चलाते हुए यातायात के नियमों के प्रति निष्ठा रखते हुए एक जिम्मेदार नागरिक की भांति अपने कर्तव्य निभाने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता में टीम ई (साहिल, सुहानी, शगुन, पुष्पा, खुशबू) पहले, टीम डी (संयम, अभिषेक, अंशुल, सचिन, प्रियांशु) दूसरे, टीम सी (आंचल, बिंदु, नीतिका, रेणु, रितिका) तीसरे स्थान पर रही। कार्यक्रम सड़क सुरक्षा क्लब संयोजिका प्रो शिवानी दत्ता के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। इसमें प्रो सुदेश कुमारी, प्रो राजलक्ष्मी, अरविंद बैंस उपस्थित रहे।



### दिव्यांग बच्चों को मिलने वाले लाभ बताए

**अनंत ज्ञान, रक्कड़।** समग्र शिक्षा निदेशालय शिमला, उपनिदेशक धर्मशाला तथा खंड शिक्षा अधिकारी रक्कड़ के सौजन्य से शिक्षा खंड रक्कड़ के दिव्यांग बच्चों का विश्व विकलांगता दिवस विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों के माध्यम से मनाया गया। इस समागम की अध्यक्षता करते हुए प्रारंभिक खंड शिक्षा अधिकारी सुरजन सिंह ठाकुर रक्कड़ तथा तहसील कल्याण अधिकारी रक्कड़ विपुल शर्मा ने दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों को इन बच्चों को मिलने वाले सामाजिक व आर्थिक लाभों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।



### बिलासपुर में हैंडबॉल टीम के लिए ट्रायल कल

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** हैंडबाल एसोसिएशन इंडिया के तत्वावधान में आगामी 26 से 29 दिसंबर तक केरल में 53वीं राष्ट्रीय वरिष्ठ पुरुष वर्ग की प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। हिमाचल प्रदेश हैंडबॉल हेडाक कमेटी के चेयरमैन जसबीर बिस्ला, सदस्य स्नेहलता व सुशील कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि 53वीं राष्ट्रीय वरिष्ठ हैंडबॉल प्रतियोगिता के लिए चयन हेड होक कमेटी द्वारा आगामी 8 दिसंबर को लिए जाएंगे। यह चयन प्रक्रिया बिलासपुर स्थित कहलूर खेल परिसर के हैंडबॉल मैदान में सुबह 11 बजे से होंगे। कांगड़ा के कोच दिनेश राजपूत मुख्य चयनकर्ता होंगे। सभी खिलाड़ियों से अनुरोध है कि 10 बजे तक मैदान में पहुंच कर अपना पंजीकरण करवा लें।

### रोड़ी कोड़ी-टिप्परी मार्ग 15 दिन के लिए बंद

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** जसवां-परागपुर विधानसभा क्षेत्र के तहत रोड़ी कोड़ी से टिप्परी सड़क 6 दिसंबर से 15 दिनों के लिए सड़क वाहनों के लिए बंद रहेगी। लोक निर्माण विभाग डाडासीबा के सहायक अभियंता नितेश कौंडल ने बताया कि लिंक रोड की रिपेयर का काम किया जा रहा है। जब तक काम जारी रहेगा मार्ग पर वाहनों की आवाजाही बंद रहेगी।

### पेड़ों के कटान पर बैन लगाने पर जताया आभार

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** क्षेत्र के पर्यावरण प्रेमी मिलखी राम शर्मा ने शुक्रवार को गनोड़ में प्रेसवार्ता कर हरे पेड़ों के कटान पर लगाएं गए प्रतिबंध पर विभागीय अधिकारियों का आभार व्यक्त किया है । उन्होंने कहा वन मंडल नूरपुर के तहत पड़ती विधानसभा जवाली, फतेहपुर, इंदौरा व नूरपुर के क्षेत्र में हरे पेड़ों का कटान चल रहा था, जिसके बारे में विभागीय अधिकारियों को अवगत करवाया था। अधिकारियों ने भी सराहनीय निर्णय लेते हुए हरे पेड़ों के कटान पर पूरी तरह से पाबंदी लगा दी है । उन्होंने निर्णय का स्वागत कर विभाग का आभार जताया है।

## भड़ौली कोहाला के होनहार नवाजे

**धर्मशाला।** विधायक संजय रत्न ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भड़ौली कोहाला के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने स्कूल में वर्ष भर अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित कर उन्हें पुरस्कार वितरित किए। उन्होंने कहा कि स्कूली विद्यार्थी हमारे बेहतर भविष्य की नींव हैं, इसलिए उनके विकास की जिम्मेदारी स्कूल और परिवार के साथ-साथ पूरे समाज की है। संजय रतन ने कहा कि हमें अपने बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखते हुए, उन्हें अच्छे कार्य करने के लिए सदैव प्रेरित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चों को सही-गलत के बारे में शिक्षित कर उन्हें डांटने-टोकने की बजाय प्रोत्साहित करना चाहिए। स्कूल के प्रधानाचार्य राकेश शर्मा ने वार्षिक रिपोर्ट मुख्यातिथि के सामने प्रस्तुत की। इस दौरान बच्चों ने सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। संजय रतन ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों को बढ़ावा देने के लिए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भड़ौली कोहाला को 21 हजार और प्राथमिक पाठशाला को 11 हजार रुपए देने की घोषणा की।

## हैप्पी बर्थडे



जयसिंहपुर के युवान डोगरा को जन्मदिन पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

## सालगिरह मुबारक



रजोल (करियाड़ा) के सुरेश कुमार शर्मा और पुष्पा देवी को शादी की सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

## धर्मशाला में कल होगी क्रॉस कंट्री दौड़ स्पर्धा

**धर्मशाला।** जिला कांगड़ा एथलेटिक्स संघ की ओर आठ दिसंबर को जिला स्तरीय क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन किया जाएगा। क्रॉस कंट्री दौड़ में पुरुष व महिला वर्ग में 10 किलोमीटर दौड़, अंडर-20 बॉयज की आठ किमी और अंडर-20 गर्ल्स की छह किलोमीटर दौड़ प्रतियोगिता करवाई जाएगी। जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष विक्रम चौधरी ने कहा कि क्रॉस कंट्री में अंडर-18 बॉयज की छह किलोमीटर और अंडर-18 गर्ल्स की चार किलोमीटर दौड़ के अलावा अंडर-16 बॉयज व गर्ल्स की दो किलोमीटर क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान जिला क्रॉस कंट्री की दौड़ में जिला कांगड़ा की टीम का चयन भी किया जाएगा जो 15 दिसंबर को ऊना में राज्य क्रॉस कंट्री दौड़ में जिला कांगड़ा का प्रतिनिधित्व करेगी। क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन सिंथेटिक ट्रैक के गेट से किया जाएगा। खिलाड़ी आठ दिसंबर को सुबह 9 बजे अपने आधार कार्ड की कॉपी लेकर पंजीकरण करवाने के बाद प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं।

## कांगड़ा भूकंप की दृष्टि से अति संवेदनशील : भुल्लर

### थुरल कॉलेज में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की दो दिवसीय कार्यशाला शुरू

**अनंत ज्ञान, डरोह**

महाराजा संसार चंद स्मारक राजकीय महाविद्यालय थुरल में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण धर्मशाला के सौजन्य से शुक्रवार से दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। इसके आउटरीज कार्यक्रम के कोऑर्डिनेटर हरजीत भुल्लर तथा ट्रेनिंग सहायक अतुल व नीतिका ने विद्यार्थियों को भूकंप और आपदा प्रबंधन के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। इसमें मुख्यातिथि प्राचार्या प्रो. राका शर्मा ने जिला आपदा प्रबंधन टीम का स्वागत करते हुए कहा कि ग्रामीण परिवेश के बच्चों को इस कार्यक्रम से किसी भी आपदा में बाढ़ भूकंप भूस्खलन बादल का फटना सड़क दुर्घटना आदि परिस्थितियों में किसी व्यक्ति की जान कैसे बचाई जा सकती है तथा उन्हें समय पर किसी अस्पताल में सीपीआर देकर दुर्घटनाओं की मृत्यु दर को कम किया जा सकता है।




कार्यक्रम के कोऑर्डिनेटर हरजीत भुल्लर ने वीडियो के माध्यम से हैती, जापान, नेपाल के भूकंप का उदाहरण देते हुए बताया कि कांगड़ा जिला भी भूकंप की दृष्टि से अति संवेदनशील है। भूकंप की दृष्टि से ग्रामीण परिवेश के कॉलेज में विद्यार्थियों को जागरूक करने की अति आवश्यकता है।

इस कार्यशाला में कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों, रेड रिबन क्लब, रोड सेफ्टी क्लब, रोवर रेंजर और ईको क्लब के विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। इसमें 150 छात्र-छात्रों ने भाग लिया। जिला आपदा प्रबंधन सेल, राजकीय महाविद्यालय थुरल के नोडल अधिकारी प्रो. लेखराम नेगी, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो.पवन राणा, प्रो. कमल कुमार, प्रो. रवि सिंह पलसरा, डॉ. अमित शर्मा, डॉ. विशाल, डॉ. संजीव शर्मा, डॉ. शिशुपाल, प्रो. अजय, प्रो. नविता, प्रो. रितु, प्रो. सनी राणा, प्रो. अपूर्वा, प्रो. अमनजीत, सुमित कुमार, सलामुद्दीन, रजत, विल्सन, सुनील कुमार, रेनू शर्मा, मंजू, दीपांशी व दीक्षा उपस्थित रहे।

## कुठ में 8250 मिली अवैध शराब पकड़ी

**मैक्लोडगंज।** पुलिस थाना मैक्लोडगंज के तहत अवैध शराब की खेप पकड़ने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार कुठ में विशाल कुमार निवासी कोटला डाकघर व तहसील धर्मशाला जिला कांगड़ा की करियाना और सब्जी की दुकान से 8250 मिलीलीटर देसी शराब बरामद की गई है। इस संदर्भ में पुलिस थाना मैक्लोडगंज में हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 39(1)ए के तहत मामला दर्ज किया गया है। एसएचओ सुरेंद्र सिंह ने मामले की पुष्टि की है।

## बाथू दी लड़ी के झील से बाहर निकलते ही बढ़ने लगे पर्यटक



पौंग झील में दिखाई दे रही बाथू दी लड़ी।



मोटरबोट में झील में घूमने का आनंद लेते पर्यटक।

**अनिल छांगू, जवाली**

पौंग झील में पहुंचे प्रवासी पक्षियों की आमद व पांडवों द्वारा निर्मित बाथू दी लड़ी के बाहर आते ही पर्यटकों की आमद भी बढ़ गई है। झील में पर्यटकों की आमद से झील गुलजार हो चुकी है। ऐतिहासिक बाथू दी लड़ी स्थल के जल से बाहर निकलते ही पर्यटकों का आवागमन शुरू हो गया है। पौंग झील का जलस्तर बढ़ने के साथ ही यह स्थल पानी में समा जाता है तथा जैसे ही जलस्तर कम होता है तो यह स्थल बाहर निकल आता है।

बाथू दी लड़ी के पानी से बाहर निकलते ही हिमाचल व अन्य बाहरी राज्यों से पर्यटकों का आगमन शुरू हो गया है। मौजूदा समय में यह चारों ओर से पानी से घिरी हुई है। ऐसे में वन्य प्राणी विभाग ने पर्यटकों के लिए मोटरबोट लगा दी है, जिसके माध्यम से बाथू दी लड़ी तक पर जा रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

## आपातकालीन स्थिति में मरीजों को ले जाने में हो रही मुश्किल

# कछुआ चाल से चला ज्वालामुखी-चंबापतन सड़क का काम, लोगों को कर रहा परेशान

**पंकज सोनी, ज्वालामुखी**

ज्वालामुखी-चंबापतन रोहाड़ा चौक तक पीएमजीएसवाई के अंतर्गत लगभग साढ़े 14 किलोमीटर सड़क का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इस कार्य मे कई जगह पर टाइलिंग का कार्य किया जा रहा है। इस के अंतर्गत ज्वालामुखी-चंबापतन मार्ग पर खोलियां व साथ लगती पंचायतों में इस कछुआ चाल से पिछले लगभग दो महीनो से कार्य चल रहा है। कार्य से आमजनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, सड़क बनाने वाले संबंधित ठेकेदार द्वारा जगह जगह पर सड़क को तोड़ दिया गया है व खड्डे डाल दिए गए हैं, जिस कारण लोगों को आवाजाही में भी परेशानी आ रही है। इसके अलावा सड़क को बीच में कई स्थानों पर आवाजाही के लिए अवरुद्ध कर दिया गया है, जिस वजह से देर रात या आपातकालीन स्थिति में मरीजों को मुख्य सड़क तक पहुंचाने में भी परेशानियां आ रही हैं।



स्थानीय लोगों का कहना है की संबंधित लोक निर्माण विभाग व ठेकेदार को चाहिए की सड़क में जहां टाइलिंग का कार्य हो गया है उसे खोल दिया जाए और शेष बचे कार्य को जल्द से जल्द पूरा किया जाए, ताकि लोगों की आवाजाही अवरुद्ध न हो। (अनंत ज्ञान)

### क्या कहते हैं अधिकारी

**लोक** निर्माण विभाग के सहायक अभियंता ज्वालामुखी भरत भूषण का कहना है कि यह सड़क 25 दिसंबर तक बंद है और टाइल के कार्य को गुणवत्तापूर्वक किया जा रहा है। सड़क को कुछ समय के लिए आराम दिया जा रहा है, ताकि टाइल कार्य मजबूती से हो सके। सड़क पर टाइल लगाने का कार्य एक सप्ताह पहले ही शुरू हुआ है। उन्होंने कहा कि जनता थोड़ा सहयोग करे, ताकि कुछ दिनों में कार्य समाप्त कर सड़क को खोला जा सके।

## नैहरनपुखर मेन चौक बाजार में खोदी नालियां लोगों की बढ़ा रहीं परेशानियां

**सालबिया शर्मा, गरली**

नैहरनपुखर के मेन चौक बाजार में पिछले दस दिन से सड़क किनारे खोदी गई गहरी नालियां वाहन चालकों तथा राहगीरों के लिए बेहद परेशानी का सबब बन चुकी हैं। नैहरनपुखर चौक पर चारों ओर जाने वाली गाड़ियों का तीन-चार किलोमीटर लग रहे लंबे जाम को देख कर हर कोई लोक निर्माण विभाग की कार्यप्रणाली को कोसता नजर आ रहा है।

टैक्सी ऑपरेटर प्रीतम सिंह, दुकानदार अशोक कुमार शर्मा, रवि कुमार, राकेश कुमार, सतीश कुमार आदि का आरोप है कि नालियां खोदने के साथ वहां रेत-बजरी के भी ढेर सड़क किनारे लगा दिए हैं। ऐसे में यहां से गुजरते वक्त लोगों को परेशानी हो रही है। लोगों ने विभाग से मांग की है कि इस कार्य को तुरंत निपटाया जाए, ताकि इस सड़क से गुजरने वाले राहत की सांस ले सकें। बता दें कि होशियारपुर, चंडीगढ़, दिल्ली देहरा कागंड़ा आदि इलाकों के लिए इस सड़क से होकर हर रोज हजारों गाड़ियां गुजरती हैं, लेकिन ऐसी स्थिति में प्रत्येक वाहन चालक तो दूर पैदल राहगीर भी विभाग की इस नाकामी से परेशान है। लोगों ने विभाग से मांग की है कि नालियों के निर्माण कार्य को तुरंत निपटाया जाए, ताकि इस सड़क से गुजरने वाला हर व्यक्ति राहत की सांस ले सके। (अनंत ज्ञान)



नैहरनपुखर के मेन चौक बाजार में खोदी गईं नालियां।

## देहरा के राधा-कृष्ण मंदिर में अति वरिष्ठ नागरिक सम्मानित



अति वरिष्ठ नागरिकों के समागम को संबोधित करतीं एसडीएम शिल्पी बेक्टा।

**शुभम शर्मा, देहरा**

देहरा में शुक्रवार को अस्सी साल से अधिक आयु के अति वरिष्ठ नागरिकों का समागम देहरा स्थित राधा-कृष्ण मंदिर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आगाज मुख्यातिथि एसडीएम शिल्पी बेक्टा और शिमला से आए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल देव सूद ने किया। कार्यक्रम में एक सौ से अधिक अति वरिष्ठ नागरिकों में 104 वर्षीय जमुना देवी और 97 वर्ष के सूबेदार रत्न चंद ने भी शिरकत की। एसडीएम बेक्टा ने बुजुर्गो के साथ बिताए अनुभवों को शेयर करते हुए कहा कि बुजुर्गों की बदौलत ही घर के बच्चे संस्कार लेते है और जीवन मे खास कर लड़किया आगे बढ़ती है। उन्होंने इन बुजुर्गों को एक छत तले अनुभवों को आदान प्रदान करने के लिए ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष पंडित मनोज भारद्वाज का आभार प्रकट कर समाज के लिए एक अच्छी सोच बताया। वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल देव सूद ने आए हुए अति वरिष्ठ नागरिकों का स्वागत किया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक योग राज भी उपस्थित रहे।

### समागम में 104 वर्षीय जमुना देवी भी हुईं शामिल

इस अवसर पर सभी अति वरिष्ठ नागरिकों ने अपने जीवन के पड़ाव में आए अनुभवों को साझा किया। पूर्व में एजुकेशन विभाग से रिटायर्ड पुष्पा उप्पल ने भी मंच से अनुभवों को शेयर करते हुए कहा कि माना कि हमारे पास अनुभवों का जखीरा है, जिस कारण हमारी रोक-टोक नई पीढ़ी को खलती है, परंतु इन सब से हटकर हमें किस तरह युवा पीढ़ी को समझाना है। इस पर हमें ही अपने तौर तरीको को आज के समय के अनुसार बदलना होगा। (अनंत ज्ञान)

## अनधिकृत पेयजल कनेक्शन वालों पर जलशक्ति विभाग करेगा कार्रवाई

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** तत्कालीन भाजपा सरकार के समय में लोगों को फ्री में पेयजल पाइपलाइन वितरित की गई थीं, जिनसे कुछ लोगों ने निजी हित साध लिए तो कुछ ने जरूरत न होते भी विभागीय कर्मचारियों की मिलिभक्त से पेयजल कनेक्शन लगवा लिए। लेकिन, अब विभाग उन कनेक्शनों की जांच करने जा रहा है। अगर कहीं अनधिकृत पेयजल कनेक्शन मिलता है तो उस उपभोक्ता के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाए। विभागीय सहायक अभियंता अमित रंधावा के साथ बात की तो उन्होंने कहा एक राशन कार्ड पर एक कनेक्शन अधिकृत है, लेकिन अगर किसी ने दूसरा कनेक्शन ले रखा है तो उसके खिलाफ कार्रवाई करने के लिए क्षेत्रीय कर्मचारियों व संबंधित जेई को निर्देश दे दिए गए हैं।

## 5250 मिलीलीटर देसी शराब बरामद

**कांगड़ा।** पुलिस थाना कांगड़ा के तहत शराब पकड़ने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार सदरपुर में विजय कुमार निवासी वार्ड नंबर 4 सदरपुर तहसील नगरोटा बगवां से 5250 मिलीलीटर देसी शराब बरामद की गई है। इस संदर्भ में पुलिस थाना कांगड़ा में हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 39(1)ए में दर्ज किया गया है।

## जवाली के उदय और अंकुश खेलेंगे नेशनल हैंडबॉल स्पर्धा

**अनंत ज्ञान, जवाली**

राज्य स्तरीय हैंडबॉल स्पर्धा में भाग लेने के बाद पीएम श्री सीनियर सेकेंडरी स्कूल जवाली के दो खिलाड़ी उदय और अंकुश चौधरी अब नेशनल हैंडबॉल स्पर्धा में भाग लेंगे। इन दोनों खिलाड़ियों का स्कूल प्रशासन ने हार पहनाकर सम्मान किया और राष्ट्रीय स्पर्धा से पूर्व होने वाले प्रशिक्षण के लिए इन्हें रवाना किया। ये दोनों खिलाड़ी जिला ऊना के बसदेहरा में 9 दिसंबर तक चार दिन के प्रशिक्षण के बाद 11 दिसंबर से 17 दिसंबर तक लुधियाना में होने वाली राष्ट्रीय हैंडबॉल स्कूली स्पर्धा में भाग लेंगे।



स्कूल के प्रधानाचार्य प्रभात चंद्र पावा, उपप्रधानाचार्य यशपाल सिंह एवं शारीरिक शिक्षा प्रवक्ता एवं कोच अजय कुमार ने बताया कि बीते 4 वर्षों में स्कूल से 13 खिलाड़ी राष्ट्रीय स्पर्धा में भाग ले चुके हैं और उदय दूसरी बार हैंडबॉल स्पर्धा में भाग लेने जा रहे हैं।

**निर्देश** जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनमानस तक पहुंचाएं अधिकारी, अवैध खनन गतिविधियों पर रखें कड़ी नजर : डीसी

# राजस्व संबंधी लंबित मामलों का मिशन मोड में करें निपटारा

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर**

उपायुक्त हेमराज बैरवा ने राजस्व संबंधी लंबित मामलों का मिशन मोड में निपटारा सुनिश्चित किया जाए ताकि लोगों को बेहतर सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि सभी विभागों के अधिकारी आपसी समन्वय के साथ जनकल्याण की योजनाओं को धरातल तक पहुंचाने के लिए तत्परता के साथ कार्य करें ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभ मिल सके।

उपायुक्त हेमराज बैरवा ने शुक्रवार को खंड विकास अधिकारी कार्यालय लंबागांव के सभागार में विकास कार्यों को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि जयसिंहपुर उप मंडल में अवैध खनन गतिविधियों की निरंतर निगरानी के लिए एसडीएम को निर्देशित किया। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को संपर्क सड़क मार्गों के ब्लैक स्पॉट पर क्रैश बैरियर लगाने के लिए प्राक्कलन तैयार करने को कहा।

उन्होंने निरीक्षक खाद्य पूर्ति उपभोक्ता मामले को प्रतिबंधित प्लास्टिक उपयोग की निरंतर निगरानी करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उपायुक्त ने खंड विकास कार्यालय के माध्यम से मनरेगा, 15 वें वित्त आयोग और अन्य मदों के माध्यम से किया जा रहे विकासात्मक कार्यों की समीक्षा भी की गई। उन्होंने वन विभाग को एफआरए संबंधित मामलों की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए।

उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कृषि विभाग को प्राकृतिक खेती के प्रति लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने की निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाओं, विद्युत, आयुष और महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा किए जा रहे हैं।

### किसानों की समस्याएं सुनीं

**उपायुक्त** ने ग्राम पंचायत बघेतर में एचपी शिव परियोजना तरेला का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परियोजना के क्लस्टर के 54 किसानों की समस्याओं को सुना और परियोजना का विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने परियोजना के लिए बेहतर सिंचाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया।



### गंदड़ में प्लास्टिक कचरा प्रबंधन इकाई का किया निरीक्षण

**ग्राम** पंचायत गंदड़ में प्लास्टिक कचरा प्रबंधन इकाई का भी निरीक्षण किया। इकाई को फुल कैपेसिटी पर चलाने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने ग्राम पंचायत सकोह में निर्माणाधीन खेल मैदान और मोक्ष धाम के कार्य का जायजा लेने के साथ गौ सदन कगैंण का निरीक्षण किया। तलबाड़ व सोलबनेहड़ पंचायत में पिछले वर्ष आपदा से पुर्णतः क्षतिग्रस्त दो घरों के विशेष राहत पैकेज के माध्यम से पुननिर्मित हो रहे नए घरो का जायजा लिया। उपायुक्त ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लंबागांव का औचक निरीक्षण किया और अध्यापकों से स्कूल में पढ़ रहे विद्यार्थियों की संख्या की जानकारी ली। उन्होंने स्कूल प्रबंधन को विद्यार्थियों के लिए करियर काउंसलिंग सेशन आयोजित करने के निर्देश भी दिए।

# 10 करोड़ से अपग्रेड होगी नगरोटा सूरियां-लंज सड़क

## कृषि एवं पशुपालन मंत्री चंद्र कुमार ने 8.5 किलोमीटर लंबे मार्ग के नवीनीकरण कार्य का किया शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, जवाली**

कृषि व पशुपालन मंत्री प्रो. चंद्र कुमार ने शुक्रवार को जवाली विधानसभा क्षेत्र के तहत नगरोटा सूरियां में 10 करोड़ की लागत से 8.5 किलोमीटर लंबी नगरोटा सूरियां-लंज सड़क के नवीनीकरण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि पहाड़ी क्षेत्र में बेहतर सड़कें ही विकास और समृद्धि का प्रतीक होती हैं और प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों को बेहतर सड़क नेटवर्क से जोड़ना राज्य सरकार की प्राथमिकता है।

प्रदेश सरकार राज्य में बेहतर कनेक्टिविटी के लिए युद्ध स्तर पर सड़कों का निर्माण व उन्नयन कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि पीएमजीएसवाई 3 के तहत जवाली में 76 करोड़ की लागत से 71 किलोमीटर लंबी 9 सड़कों का अपग्रेडेशन कार्य किया जा रहा है। सड़क निर्माण में बेहतर गुणवत्ता के लिए फुल डेप्थ रेक्लेमेशन (एफडीआर) तकनीक का प्रयोग किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि इस तकनीक से बनी सड़कों की स्थायित्व अवधि 10 साल तक है और सड़क बनाने वाली कंपनी ही पांच साल तक सड़क की मेंटेनेंस करेंगी। उन्होंने कंपनी को गुणवत्ता के उच्च मानक बनाए रखने के साथ निर्धारित समय सीमा में सड़क कार्य पूरा करने के निर्देश भी दिए।

**कहा, ग्रामीण क्षेत्रों को बेहतर सड़क नेटवर्क से जोड़ना सरकार की प्राथमिकता**

चंद्र कुमार ने कहा कि जवाली विधानसभा क्षेत्र के हर गांव को बेहतर सड़क सुविधा से जोड़ने के लिए वे प्रयासरत हैं। उन्होंने बताया कि कांग्रेस पार्टी की सरकारों के कार्यकाल में ही विधानसभा क्षेत्र में सड़कों, पुलों का जाल बिछाया गया है। इसके उपरांत मंत्री ने जन समस्याओं को भी सुना तथा उनके निवारण के लिए अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए। इस अवसर पर लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता जगतार सिंह,अधिशासी अभियंता मनोहर लाल शर्मा, पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष चैन सिंह गुलेरिया, पूर्व कांग्रेस जिला महासचिव डॉ गुलशन, किसान सलाहकार समिति के अध्यक्ष विवेक ठाकुर, मीडिया कॉर्डिनेटर कृष्ण भारद्वाज, पौंग डैम विकास समिति के सदस्य डॉ. एचएल धीमान, जिला परिषद सदस्य वीना धीमान, अमलेला पंचायत प्रधान सुदर्शना देवी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।




जवाली विधानसभा क्षेत्र के नगरोटा सूरियां में जनसभा को संबोधित करते कृषि मंत्री चंद्र कुमार। (दाएं) सड़क के नवीनीकरण कार्य का शुभारंभ करते हुए।

### गज खड्ड पर 87 करोड़ से बनेगा पुल

मंत्री ने बताया कि गज खड्ड पर 87 करोड़ रुपए की लागत से पुल का निर्माण किया जाएगा और इसके लिए धन का प्रावधान भी कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि कम वोल्टेज कि समस्या के समाधान के लिए नगरोटा सूरियां क्षेत्र में 47 लाख रुपये खर्च कर नए ट्रांसफार्मर भी लगाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति के लिए 28.25 करोड़ की लागत से चार ट्यूबवेल और 23 पानी के टैंक बनाये गए। इसके अलावा नगरोटा सुरियां क्षेत्र में मल निकासी परियोजना का निर्माण भी किया जाएगा जिसपर लगभग 37 करोड़ रुपए की राशि व्यय की जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### मनसिंबल में साधु से 412 ग्राम चरस बरामद



**अनंत ज्ञान, डरोह।** उपमंडल भवारना के अंतर्गत भवारना पुलिस ने सुलह विधानसभा क्षेत्र के गांव मनसिम्बल में एक साधु से शुक्रवार सुबह 412 ग्राम चरस बरामद की है। जानकारी के अनुसार भवारना पुलिस के थाना प्रभारी केहर सिंह अपने साथी पुलिस कर्मियों सहित गश्त पर थे कि उन्हें गश्त के दौरान एक पैदल चल रहे साधु पर शक हुआ, जो कि पुलिस की गाड़ी को देखकर अपनी गठरी को बार बार छुपाने की कोशिश कर रहा था। पुलिस ने शक के आधार पर साधु को रोका व तलाशी ली, तो उस गठरी के बीच लिफाफे में 412 ग्राम चरस मिली। मिली जानकारी अनुसार साधु धीरा के नजदीक पनापर में रहता है। मामले की पुष्टि करते हुए थाना प्रभारी भवारना केहर सिंह ने बताया कि जिस साधु से मनसिम्बल में चरस पकड़ी है उसके विरुद्ध नारकोटिक्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है तथा आरोपी साधु से पूछताछ की जारी रही है, कि वह इस चरस को कहां से लाया और कहां लेकर जा रहा था।

### कांगड़ा में 11.96 ग्राम चिट्टे सहित दो गिरफ्तार



**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** कांगड़ा पुलिस का नशा कारोबारियों के खिलाफ अभियान निरंतर जारी है। नशे के खिलाफ अभियान की अगुवाई कांगड़ा के तेज तरार पुलिस अफसर डीएसपी अंकित शर्मा की देखरेख में चल रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार को कांगड़ा पुलिस ने 11.96 ग्राम चिट्टा बरामद करने में सफलता हासिल की है। उन्होंने बताया कि आरोपी बृजेश कुमार उर्फ मामू जिसके खिलाफ पहले से ही एनडी एंड पीएस एक्ट के 8 मामले दर्ज हैं व राहुल उर्फ रोली नामक एक अन्य व्यक्ति जो कि नशे का आदी है और तस्कर है तथा कांगड़ा वा नगरोटा बगवां में विभिन्न लोगों को हेरोइन बेचने का काम करता है, उसे भी कांगड़ा पुलिस ने बृजेश उर्फ मामू के साथ हिरासत में लिया है। बता दें आपको कि दोनों को आईपीएच गेस्ट हाउस कांगड़ा के पास एक सुनसान जगह से गिरफ्तार किया गया जहां दोनों को हेरोइन के इंजेक्शन लेते हुए पाया गया है। उन्होंने बताया कि राहुल के खिलाफ एनडी एंड पीएस एक्ट के 3 पहले भी मामले दर्ज हैं। बृजेश उर्फ मामू विभिन्न समूहों के छात्रों को निशाना बनाता था और नगरोटा बगवां के पवन और जितेंद्र बहल के साथ उसके संबंध थे। अब तीनों अन्य छोटे तस्करों के साथ सलाखों के पीछे हैं।

### रैली निकाल सड़क सुरक्षा बारे किया जागरूक




**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** शुक्रवार को शिक्षा खंड फतेहपुर के तहत पड़ते रावमापा नंगल के बच्चों द्वारा रोड सेफ्टी क्लब के सौजन्य से सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूक रैली का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यवाहक प्रधानाचार्य केवल सिंह द्वारा बच्चों को हरी झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर रोड सेफ्टी क्लब प्रभारी रविंद्र कुमार व अन्य पाठशाला प्रशासन के मार्गदर्शन में जागरूकता रैली निकालते हुए स्थानीय लोगों एवं राहगीरों को सड़क सुरक्षा के नियमों को अपनाने का आहवान किया। इस अवसर पर समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### पोस्टर मेकिंग व नारा लेखन प्रतियोगिता संपन्न



**अनंत ज्ञान, डरोह।** शुक्रवार को नौरा महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा जागरूकता पर पोस्टर मेकिंग तथा नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें बीए, बीसीए प्रथम, द्वितीय व तृतीय वर्ष के 17 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना था। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य राजेश कुमार सहित स्टाफ के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### 'कौटिल्य अर्थशास्त्र एवं प्रबंधन विज्ञान' का विमोचन

**आशीष दमीर, कांगड़ा।** डॉ. प्रदीप कुमार जो कभी डीएवी कॉलेज कांगड़ा में अर्थशास्त्र में विभागाध्यक्ष और डीएवी पालमपुर में प्रिंसिपल के पद पर रहे थे और जो वर्तमान में एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय कैथल (हरियाणा) में प्रोफेसर अर्थशास्त्र के पद पर कार्यरत हैं, ने नेशनल इस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी चिरापूंजी (असम) में आईसीएसएसआर द्वारा प्रायोजित तीन दिवसीय सम्मेलन में भाग लिया। उद्घाटन समारोह में सोवनियर के उपरांत डॉ. प्रदीप कुमार और डॉ. राजपाल द्वारा अनुवादित तथा डॉ. एसडी चमोला द्वारा लिखित 'कौटिल्य अर्थशास्त्र एवं प्रबंधन विज्ञान' पुस्तक का विमोचन प्रेसिडेंट कॉन्फ्रेंस प्रो. संजय पासवान, सचिव डॉ. आलोक शर्मा, प्रो. मोहन पटेल वाइस चांसलर कच्छ (गुजरात), प्रो. पी. महंता निदेशक एनआईटी तथा रामा कृष्णा मिशन के सचिव स्वामी अनुरागा नंद ने किया। (अनंत ज्ञान)



# विधानसभा के शीतकालीन सत्र में पेंशनर्स कर सकते हैं सरकार का घेराव

## पेंशनरों का सरकार पर मांगों को गंभीरता से नहीं लेने का आरोप

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

अपनी मांगों को मनवाने के लिए प्रदेश के पेंशनर विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान प्रदर्शन कर सकते हैं। हालांकि प्रदेश के पेंशनर अभी भी अपनी मांगों के लिए संघर्ष कर रहे हैं। ऐसे में अपनी आवाज को मजबूती से सरकार तक पहुंचाने के लिए शीतकालीन सत्र के मौके को पेंशनर अपने स्थापना दिवस के ठीक बाद भुना सकते हैं। अखिल भारतीय पेंशनर्स दिवस 17 दिसंबर को मनाया जाएगा जिसके ऐन एक दिन बाद विधानसभा का शीतकालीन सत्र शुरू होगा।

2016 से 2022 तक सेवानिवृत्त पेंशनरों की देय राशि एकमुश्त जारी करने के मुद्दे पर पेंशनर्स संघ विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान प्रदर्शन और घेराव करके अपनी मांगों को पूरा करवाने को धर्मशाला जुट सकते हैं। संघ नेताओं के अनुसार पेंशनरों की मांगों को सरकार गंभीरता से नहीं ले रही है।

पेंशनर की मांग है कि वर्ष 2016 के बाद जनवरी 2022 तक सेवानिवृत्त होने वाले पेंशनरों को उनकी देय राशि तुरंत एकमुश्त दी जानी चाहिए। साथ ही 8-9-2022 के संदर्भ में जो विसंगतियां थीं, उनके मामले महालेखाकार कार्यालय में लंबित पड़े हुए हैं। चिकित्सा बिलों का अभी तक कोई आवंटन नहीं हुआ है। पेंशनरों को उपचार तक करवाना दूभर हो गया है। फिक्स चिकित्सा भत्ता भी पंजाब पद्धति पर संशोधित नहीं हो पाया है।

महंगाई भत्ते के 4 फीसदी के दो एरियर 21-21 माह के बकाया हैं तथा 4 फीसदी और 3 फीसदी की तीन किस्तें जुलाई 2023, जनवरी 2024 और जुलाई 2024 से देय है। इन किस्तों को भी जारी किया जाए। ऐसे में अपनी स्थापना दिवस मनाने के बाद अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर सकते हैं। हालांकि पेंशनर संघ के कांगड़ा स्थित नेता अभी दबी जुबान में ही विधानसभा के घेराव तथा प्रदर्शन की बात कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### सब स्टेशन सिद्धपुर के तहत 9 को पावर कट

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल सिद्धपुर, कर्म चंद भारती ने सूचित किया है कि 33/11 केवी सब स्टेशन सिद्धपुर में बिजली लाइनों और विद्युत उपकरणों के जरूरी रख-रखाव के चलते 9 दिसंबर को सुबह 9:30 बजे से शाम कार्य समाप्ति तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इस दौरान सिद्धबाड़ी, योल, योल बाजार, नरवाना, सिद्धपुर, होडल, घुरलु, फतेहपुर, सुक्कड़, बागणी, होटल क्लब महिंद्रा, दाड़नू, चोहला, रक्कड़, दाड़ी, खनियारा, स्लेट गोदाम, बन्नी बनोरड़ू, मोहली, तपोवन, झिओल, बरवाला, थातरी, खड़ोता, धलूं, तंगरोटी, रमेढ, सेराथाना, 53 मील, रोनखड़, रजियाना, बलधर आदि क्षेत्रों मे विधुत आपूर्ति पूर्णत: बाधित रहेगी। मौसम खराब होने पर यह कार्य स्थगित या आंशिक रूप से किया जा सकता है।

# बिना पंजीकरण किराए पर घर दिया, तो होगी कार्रवाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

जिला कांगड़ा पुलिस की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार आंकड़ों के अनुसार जनवरी 2024 से दिसंबर 2024 तक पुलिस थानों मे कुल 8815 प्रवासी मजदूरों को पंजीकृत किया है। जो भारत के अलग-अलग राज्यों से 8662 व पडोसी देश नेपाल से 153 प्रवासी मजदूर पंजीकृत किए गए हैं। जिनके पुलिस चरित्र सत्यापन हेतु सम्बन्धित पुलिस थानों तथाराज्यों से पत्राचार किया गया है। इनमें से कुछ का चरित्र सत्यापन इनके सम्वन्धित राज्यों तथा थानों से होकर आ गया है व इनमें से नए पंजीकृत हुए प्रवासी मजदूरों का पुलिस चरित्र सत्यापन होकर आना अभी वाकी है। इसके अतिरिक्त पुलिस थानों के कर्मचारियों, अधिकारियों द्वारा व समाचार पत्रों के माध्यम से सर्वसाधारण जनता, गांववासियों व पंचायत प्रतिनिधियों को इस संदर्भ में समय-समय पर सुचित किया जाता रहा है कि जिला कांगड़ा मे कोई प्रवासी मजदूर, फेरी वाला या रेडी फड़ी वाला बिना पुलिस पंजीकरण के घुमता हुआ पाया जाता है तो उसे हिदायत करें कि अपना सत्यापन संबंधित पुलिस थाना में जाकर करवाए। इसके अतिरिक्त कोई स्थानीय व्यक्ति रोजगार हेतु बाहरी राज्य से जिला कांगड़ा में आये व्यक्ति को मकान तथा कमरा किराए पर देता है तो उस मकान मालिक की जिम्मेवारी होगी कि वह उस व्यक्ति को सम्बधित पुलिस थाना मे पंजीकृत करवाएं। यदि कोई व्यक्ति बिना पुलिस पंजीकरण के रहने हेतु मकान या कमरा किराये पर देता है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### रैहन में मनाया बाबा साहेब का परिनिर्वाण दिवस



फतेहपुर के कस्बा रैहन में शुक्रवार को बहुजन समाज पार्टी व क्षेत्र के लोगों द्वारा बाबा साहेब डॉक्टर भीम राव अंबेडकर का परिनिर्वाण दिवस मनाया गया। इस दौरान बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया गया। इस दौराण मीडिया से रू-ब-रू होते हुए बसपा प्रदेश महासचिव लेखराज ने बताया कि बाबा साहेब डॉक्टर भीम राम अंबेडकर ने भारत का संविधान लिख दबे-कुचले वर्ग के लोगों को उनका अधिकार दिलवाया है। बावजूद इसके बड़े खेद का विषय है कि बाबा साहेब के परिनिर्वाण दिवस को लोग भूलते ही जा रहे हैं। उन्होंने लोगों से अपील भी की है कि विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र को मजबूत संविधान देने वाले बाबा साहेब डॉक्टर भीम राम अंबेडकर की कुर्बानी को न भुलाते हुए उन्हें हमेशा नमन करने में आगे आएं। इस मौके पर डॉक्टर रमेश चंद चौधरी, विजय कुमार बाहड़ी, शाली राम, प्रेम चंद, पवन चौधरी, सुरेश कुमार,पवन चौधरी, राम कुमार, रेखा चौधरी सहित अन्य उपस्थित रहे।

# भोडा स्कूल में मां सरस्वती की मूर्ति स्थापित

## कार्यक्रम में स्कूल के विद्यार्थियों ने सुंदर नाटक का भी किया मंचन

**राकेश डोगरा, डरोह**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भोडा में शुक्रवार को मां सरस्वती की मूर्ति की स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में चंद्र कुमार मुख्य यजमान की भूमिका में रहे। उनके द्वारा अपनी स्वर्गीय पत्नी निशा देवी की याद में विद्यालय परिसर में सरस्वती की मूर्ति की विधिवत स्थापना की गई। इस दौरान राजन सूद द्वारा मंच संचालन किया गया। प्राथमिक विद्यालय भोडा के छात्रों द्वारा बहुत ही सुंदर नाटक का मंचन भी किया गया। कार्यक्रम में भोडा गांव, आसपास के लोगों और सेवानिवृत्त अध्यापकों के द्वारा बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया गया। मूर्ति स्थापना के उपरांत भजन कीर्तन का आयोजन भी किया गया। हलवा प्रसाद बांटने के उपरान्त विद्यालय स्टाफ के द्वारा आसपास के सभी लोगों के लिए भंडारे का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों एवं गांववासियों द्वारा मां सरस्वती की मूर्ति की स्थापना के कार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई। प्रधानाचार्य संजीव जम्वाल द्वारा बताया गया कि सन 1972 में स्थापित इस विद्यालय में अभी तक मां सरस्वती की मूर्ति नहीं थी। उनके द्वारा इस मूर्ति स्थापना हेतु चंद्र कुमार एवं उनके परिवार जनों का धन्यवाद किया गया।



कार्यक्रम में छात्र वालंटियरों द्वारा बहुत ही सराहनीय कार्य किया गया। इस कार्यक्रम में रूबी गुलरिया, रुचिका राणा, पुरुषोत्तम, संजय, विजय, राजीव शर्मा, वीना, अंशुल, वंशुल मुख्य रूप से उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

# अग्निकांड पीड़ित परिवार से मिले विधायक

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

विधायक पवन काजल कांगड़ा शहर के मेन बाजार स्थित अर्जुन कालरा मार्केट के मकान में लगी आग से हुए नुकसान का जायजा लेने पीड़ित परिवार से मिले। काजल ने पीड़ित परिवार को आश्वस्त किया कि प्रशासन, सरकार की तरफ से हर संभव आर्थिक सहायता उन्हें मुहैया करवाई जाएगी।



इस मौके पर मंडल भाजपा अध्यक्ष सतपाल सोनी, जिला व्यापार भाजपा प्रकोष्ठ अध्यक्ष रमेश महेशी, शंकर, मुकेश सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। काजल ने अर्जुन कालरा मार्केट स्थित दुकानदारों से भी मिलकर उन्हें हुए नुकसान संबंधी जानकारी जुटाई।




**श्रद्धांजलि**

## भारतीय सेना और देश के गौरव हैं कैप्टन जीएस सलारिया जैसे जांबाज : ब्रिगेडियर ईशान दलाल

# सेना ने भी परमवीर चक्र विजेता को किया नमन

**अशोक ठाकुर, पठानकोट**

स्वतंत्र भारत के प्रथम परमवीर चक्र विजेता शहीद कैप्टन गुरबचन सिंह सलारिया का 63वां बलिदान दिवस 21 सब एरिया द्वारा पराक्रम स्थल के पास बने ध्रुव पार्क में शहीद के नाम पर बने पराक्रम स्थल स्मारक पर आयोजित किया गया। इसमें सब एरिया कमांडर ब्रिगेडियर ईशान दलाल सेना मेडल बतौर मुख्यातिथि शामिल हुए। इनके अलावा शहीद के भतीजे ठाकुर महेश्वर सिंह सलारिया, पौत्र त्रिनभ सलारिया, शहीद सैनिक परिवार सुरक्षा परिषद के अध्यक्ष व शहीद लेफ्टिनेंट गुरदीप सलारिया शौर्य चक्र के पिता कर्नल सागर सिंह सलारिया, महासचिव कुंवर रविंद्र सिंह विक्की, शहीद मेजर विवेक भंदराल सेना मेडल के पिता कर्नल पीएस भंदराल, शहीद लांसनायक डिप्टी सिंह सेना मेडल के भतीजे वरिंदर सिंह, शहीद सिपाही मक्खन सिंह के पिता हंस राज आदि ने विशेष मेहमान के तौर पर शामिल होकर इस वीर योद्धा को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। सर्वप्रथम सब एरिया कमांडर ब्रिगेडियर ईशान दलाल सेना मेडल ने शहीद कैप्टन गुरबचन सिंह सलारिया परमवीर चक्र की प्रतिमा समक्ष रीथ चढ़ा कर उन्हें सैल्यूट किया इनके अलावा बलिदानी के भतीजे ठाकुर महेश्वर सिंह सलारिया, परिषद के सदस्यों, शहीद परिवारों, सैन्य अधिकारियों व जवानों ने भी इस अमर योद्धा की प्रतिमा के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर उनके बलिदान को नमन किया तथा सेना के जवानों ने शस्त्र उल्टे कर बिगुल की गौरवशाली धुन के साथ शहीद कैप्टन गुरबचन सिंह सलरिया को सलामी दी। श्रद्धांजलि समारोह को संबोधित करते हुए सब एरिया कमांडर ब्रिगेडियर ईशान दलाल सेना मेडल ने कहा कि शहीद कैप्टन गुरबचन सिंह सलारिया जैसे जांबाज देश की अमूल्य धरोहर तथा देश व भारतीय सेना के गौरव हैं, इनके बलिदान से देश की भावी पीढ़ी तथा सेना के जवान हमेशा प्रेरणा लेते रहेंगे। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की बलिवेदी पर प्राणों न्यौछावर करने वाले वीर सैनिकों व उनके परिजनों का मान-सम्मान बहाल रखना ही बलिदानी सैनिकों को सच्ची श्रद्धांजलि है। सब एरिया कमांडर ने कहा यह उनके लिए गौरव की बात है कि उन्हें कैप्टन गुरबचन सिंह सलरिया के परिवार की तीसरी व चौथी पीढ़ी से मिलने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है उन्होंने कहा कि शहीद परिवार खुद को अकेला न समझे, भारतीय सेना हमेशा उनके साथ खड़ी है। (अनंत ज्ञान)



शहीद कैप्टन जीएस सलारिया की प्रतिमा को सैल्यूट करते सब एरिया कमांडर।

## न्यूज ब्रीफ

### बिजली बोर्ड पेंशनर्स ने मांगी बकाया राशि



**अनंत ज्ञान, नादौन।** बिजली बोर्ड पेंशनर्स फोरम इकाई नादौन की बैठक इकाई अध्यक्ष राजकुमार चौधरी की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें सचिव विधि चंद सनोरिया, कोषाध्यक्ष पृथ्वी चंद, वरिष्ठ उपाध्यक्ष भगत राम सहित काफी पेंशनर्स व पारिवारिक पेंशनर्स ने हिस्सा लिया। बिजली बोर्ड पेंशनर्स फोरम के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष व हमीरपुर के जिलाध्यक्ष कुलदीप सिंह खरवाड़ा ने कहा कि 19 नवंबर को बिजली बोर्ड पेंशनर्स फोरम के पदाधिकारियों की बैठक बोर्ड के प्रबंधक वर्ग के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई है जिसमें पेंशनर्स से जुड़े सभी मसलों का समाधान अतिशीघ्र करने पर सहमति बनी है। खरवाड़ा ने बोर्ड के प्रबंधक वर्ग से पिछले लगभग डेढ़ साल से पेंशनर्स के रुके वित्तीय लाभों की इाइंग लिमिट्स को भी अतिशीघ्र जारी करने व सरकार के आदेशों के मुताबिक 75 साल व इससे नीचे की आयु वाले पेंशनर्स को बकाया राशि अदा करने की मांग की। खरवाड़ा ने कहा बिजली बोर्ड पेंशनर्स फोरम ने 17 दिसंबर को राज्य स्तरीय पेंशनर्स दिवस बसंत रिजॉर्ट बाईपास रोड़ हमीरपुर में आयोजित करने का निर्णय लिया है।

### रैली निकाल एड्स के खिलाफ किए जागरूक




**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा।** उपमंडल नादौन के दुर्गा सिंह स्मारक सीसे विद्यालय बड़ा के विद्यार्थियों द्वारा एड्स अभियान के तहत कस्बे में एक जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में स्कूल प्रशासन की तरफ से उपप्रधानाचार्य प्रदीप वालिया के अतिरिक्त सविता कुमारी, बीर सिंह, सुनीता अवरोल, प्रवीण कुमारी और बीएड प्रशिक्षुओं ने विशेष रूप से भाग लिया। जागरूकता रैली को स्कूल की प्रिंसिपल अंजना कौंडल द्वारा हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। विद्यार्थियों द्वारा रैली के माध्यम से कस्बा बड़ा के लोगों को एड्स जैसी महामारी के बारे में स्लोगनों के द्वारा जागरूक किया।

### स्पोर्ट्स नेशनल में डीएवी भड़ोली के छात्रों ने दिखाई प्रतिभा



**अनंत ज्ञान, नादौन।** डीएवी पब्लिक स्कूल भड़ोली के प्रिंसिपल सुरजीत कुमार राणा ने कहा कि डीएवी के स्टार खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन देकर हिमाचल के नाम को भारत वर्ष में सुशोभित किया है। हमारे विद्यालय की छात्रा सरगम ने बैडमिंटन में और प्राजंलि ने बास्केटबॉल में कैप्टन की बेहतरीन भूमिका निभाकर सिल्वर मेडल जीतकर हिमाचल का नाम रोशन किया। यह प्रतियोगिता यमुना स्पोर्ट्स कांप्लेक्स न्यू दिल्ली में 2 से 4 दिसंबर तक चली। इसमें अंडर 17 ब्वॉयज बास्केटबाल में हिमाचल प्रदेश विजेता रहा और अंडर -19 में हिमाचल प्रदेश उपविजेता रहा। गर्ल्स में अंडर 17 बास्केटबाल में हिमाचल विजेता रहा। अंडर-19 में हिमाचल उपविजेता रहा और अंडर 14 में हिमाचल उपविजेता रहा वहीं, बैडमिंटन गर्ल्स में डीएवी भड़ोली की सरगम की अगुवाई में अंडर 17 उपविजेता रहा।

### अणु में आज बंद रहेगी बिजली की आपूर्ति

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल-2 हमीरपुर के अंतर्गत लाइनों की आवश्यक मरम्मत और पेड़ों की कांट-छांट के कार्य के चलते 7 दिसंबर को अणु, डिग्री कॉलेज, ककरू, रेडियो कॉलोनी, एनआईटी, खास्सा, सिंदूरी माता मंदिर और आसपास के क्षेत्रों में सुबह 9 से सायं 5 बजे तक बिजली बाधित रहेगी। सहायक अभियंता सौरभ राय ने इस दौरान सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### करियर प्वाइंट विवि में करवाई प्रतियोगिताएं



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय के बुक एंड लिटरेरी क्लब द्वारा कविता व कहानी वाचन विषय पर एक प्रतियोगिता करवाई गई। बुक एंड लिटरेरी क्लब के समन्वयक डॉ प्रियंका कौशल ने बताया कि इस मौके पर मुख्य अतिथि के तौर पर डीन एकेडमिक डॉ. संजय ठाकुर उपस्थित हुए। इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों से लगभग 55 विद्यार्थियों उपस्थित रहे, जिसमें 15 विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कार वितरित किए गए। इस मौके पर विश्वविद्यालय के डीन एकेडमिक डॉ. संजय ठाकुर, प्रियंका कौशल, डॉ. रजत शर्मा उपस्थित रहे। इस कार्यशाला का आयोजन बुक एंड लिटरेरी क्लब के स्टूडेंट को-ऑर्डिनेटर पूनम देवी, अक्षिता, अरिन एवं शिल्पा द्वारा किया गया।

### सीनियर सिटीजन काउंसिल ने की संस्था की मदद



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सीनियर सिटीजन काउंसिल हमीरपुर के पदाधिकारियों ने पहचान संस्था का भ्रमण किया व विशेष बच्चों के साथ कुछ समय बिताया। उन्होंने पहचान स्कूल में हो रही गतिविधियों के बारे में जाना। पहचान विशेष स्कूल की गतिविधियों से प्रभावित होकर उन्होंने हर महीने पहचान के विशेष बच्चों के लिए राशन देने का निर्णय लिया और साथ ही 51 हजार रुपए आर्थिक मदद भी की।

### सरकार के समारोह में हमीरपुर विस क्षेत्र से जाएंगे 3500 कार्यकर्ता



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र के बूथ कार्यकर्ताओं और प्रभारियों की मीटिंग डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें पूर्व जिला अध्यक्ष सुमन भारती भी विशेष रूप से उपस्थित हुए। इस मीटिंग में सरकार के 2 वर्ष के कार्यकाल की पूर्णता पर होने जा रहे समारोह के बारे में चर्चा की गई। इस अवसर पर सभी ने एक मत से मुख्यमंत्री सुक्खू के कुशल नेतृत्व का धन्यवाद किया और सबने फैसला किया कि हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र से 3500 लोग बिलासपुर में होने जा रहे समारोह में सम्मिलित होंगे। इस अवसर पर डॉ पुष्पेंद्र वर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार ने लगातार हिमाचल से दोयम दर्जे का व्यवहार किया है और हिमाचल के हर योजना में अड़गा डालने की कोशिश की है।

### स्काउट्स ने जरूरतमंद बच्चों को बांटे स्वेटर



**संजीव चौहान, टौणी देवी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टौणी देवी के स्काउट एवं गाइड्स इकाई ने अपने स्काउट मास्टर सतीश कुमार राणा के मार्गदर्शन में बच्चों को 45 स्वेटर बांटे। ये स्वेटर समाजसेवी नंदलाल और स्थानीय पाठशाला के प्रधानाचार्य रजनीश रांगड़ा के द्वारा दिए गए। स्काउट मास्टर सतीश कुमार राणा ने बताया कि इस में नंदलाल ने 11 स्वेटर अपनी ओर से बच्चों को दिए। हर वर्ष ऐसे बच्चों को शिक्षा उपलब्ध कराना प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है। किसी बच्चे को शिक्षा से वंचित नहीं रखा जा सकता। सभी को मिलकर अशिक्षा के अभिशाप को मिटाना है स्कूल के जरूरतमंद बच्चों को सर्दी से बचाव के लिए जूते स्वेटर बांटी। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स एवं लोगों के सहयोग से एक संस्था पात्र छात्र विकास समिति के नाम से पिछले 13 वर्षों से बच्चों के उत्थान के लिए काम कर रही है।

# नगर पंचायत बड़सर में आएंगे 14 राजस्व गांव

## 7132 होगी आबादी; 27559 कनाल का रहेगा क्षेत्रफल, 9 वार्ड प्रस्तावित, चार पंचायतों के 14 गांव होंगे सम्मिलित

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

नई प्रस्तावित बड़सर नगर पंचायत में आसपास की चार ग्राम पंचायतों के 14 राजस्व गांव शामिल हो रहे हैं। इसमें 27559 कनाल का क्षेत्रफल रहेगा। राजस्व गांव बड़सर से लेकर बणी और उनके साथ लगते अन्य 12 राजस्व गांव शामिल हैं। यही नहीं, इस नई नगर पंचायत में कुल 9 वार्ड बनाए जाएंगे।

जिन 4 ग्राम पंचायतों के गांव शामिल होंगे, उनमें बड़सर, बल्याह, भकरेड़ी व बणी शामिल हैं। इनमें से ग्राम पंचायत बड़सर, बल्याह का एक-एक गांव, ग्राम पंचायत भकरेड़ी के 4 गांव व ग्राम पंचायत बणी के सभी 8 गांवों को सम्मिलित कर नगर पंचायत बड़सर का गठन किया जाएगा। नगर पंचायत बड़सर में 14 गांवों को शामिल किया गया है। नगर पंचायत बड़सर में कुल 1616 परिवार होंगे, जिनमें कुल जनसंख्या लगभग 7500 होगी। नगर पंचायत में कुल 9 वार्ड प्रस्तावित हैं।

**शाम को भी रहती है खूब रौनक** : दरअसल बड़सर ग्राम पंचायत दो अलग-अलग छोटे-छोटे हिस्सों में बनती हुई है। मैहरे और बड़सर मुख्यालय बड़सर के नाम से ही जाना जाता है। बड़सर में सब जज कोर्ट का निर्माण हो चुका है, जबकि एसडीएम का ऑफिस मैहरे में है। रेस्ट हाउस भी मैहरे में ही है। कोई समय था, दो दशक पहले इस छोटे से पंचायत क्षेत्र में जहां उपमंडल मुख्यालय मौजूद है।

जैसे-जैसे ऑफिस क्लोज होते थे, यहां जरा भर भी चहलकदमी और रौनक नहीं रहती थी, लेकिन अब क्योंकि यहां अच्छा खासा निर्माण हो चुका है। इसलिए शाम के समय की रौनक भी यहां अलग-अलग तरह की रहती है। (अनंत ज्ञान)

### लोगों की शिकायतों के निवारण के बाद बनेगी नप



बड़सर के एसडीएम राजेंद्र कुमार गौतम का कहना है कि प्रस्तावित गमों से संबंधित जो भी शिकायतें लोगों की आई हैं, उन्हें डीसी हमीरपुर को फॉरवर्ड कर दिया गया है, अब क्योंकि सरकार ने नगर पंचायत बनाने का फैसला लिया हुआ है, इसलिए सब डिवीजन स्तर पर नगर पंचायत का बनना तय है, फिलहाल डीसी अमरजीत सिंह ही लोगों की शिकायतों का निवारण करेंगे, उसके बाद यह नगर पंचायत बन जाएगी। गौतम का कहना है कि नगर पंचायत का निर्माण निश्चित रूप में बड़सर के विकास में नया आयाम स्थापित करेगा।

### कौन-कौन से गांव होंगे शामिल

नगर पंचायत बड़सर 4 पंचायतों के कुल 14 गांव शामिल होंगे। ग्राम पंचायत बड़सर का राजस्व गांव बड़सर, ग्राम पंचायत बल्याह का राजस्व गांव घुमारवीं, ग्राम पंचायत भकरेड़ी का राजस्व गांव भकरेड़ी, कोहवा, जदुन्डा खास, वग्गी व ग्राम पंचायत बणी के राजस्व गांव बणी खास, सेरी, कुठेड़ा, कारवाईं, चमयोला, तुखाणी, मंगरोली व ढाणा शामिल हैं।

### बड़सर में तेजी से शहरी क्षेत्र में हो रहा तबदील

दीगर बात यह है कि बड़सर तेजी से शहरी क्षेत्र में तबदील हो रहा है। शहरीकरण की वजह से ही यहां पर कई समस्याओं ने भी अब जन्म ले लिया है। इसी वजह से नगर पंचायत का यहां गठन किए जाने की वकालत चल रही है, क्योंकि उपमंडल मुख्यालय पर बहुत सारी समस्याएं यहां के माहौल में पंचायत के हवाले हैं। यहां बड़े स्तर पर अब आसपास निर्माण भी हो रहा है, इसलिए जन सुविधाओं की यहां कमी खूब खलने लगी है।

### नगर पंचायत बनने पर होंगे कई कार्य

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सरकार के गठन के तुरंत बाद ही बड़सर को नगर पंचायत का दर्जा देने की कवायद शुरू कर दी थी, अब क्योंकि इसकी प्रक्रिया शुरू हो गई है, बहुत जल्द इसे अमलीजामा पहना दिए जाएगा। नगर पंचायत बनने पर क्षेत्र में कूड़ा निष्पादन, सीवरेज, स्ट्रीट लाइट्स, पार्क निर्माण, पार्किंग, रास्ते गलियों के निर्माण आदि कार्य होंगे। इसके अतिरिक्त नगर पंचायत के विकास के लिए सरकार द्वारा समय समय पर विशेष अनुदान राशि जारी की जाती है।

### 12 तक त्रुटियां दुरुस्त करें जेओए (अकाउंट्स) के 39 उम्मीदवार

**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग (एचपीआरसीए) द्वारा जूनियर ऑफिस असिस्टेंट (अकाउंट्स) पोस्ट कोड-996 के पदों के लिए छंटनी किए गए उम्मीदवारों की डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के दौरान 39 उम्मीदवारों के दस्तावेजों में कुछ त्रुटियां पाई गई हैं। इन उम्मीदवारों को दस्तावेजों की त्रुटियों को दुरुस्त करने तथा निर्धारित दस्तावेज जमा करवाने के लिए 12 दिसंबर तक का समय दिया गया है।

आयोग के सचिव डॉ. विक्रम महाजन ने इन 39 उम्मीदवारों से अपील की है कि वे निर्धारित दस्तावेजों को 12 दिसंबर तक आयोग के कार्यालय में जमा करवा दें या आयोग की ईमेल आईडी एचपी-आरसीए एट द रेट एचपी.जीओवी.इन पर भेज दें। सचिव ने बताया कि इस तिथि के बाद कोई भी दस्तावेज स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा आवश्यक दस्तावेज जमा न करवाने वाले अभ्यर्थियों की उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी। 39 उम्मीदवारों की सूची आयोग की वेबसाइट पर भी उपलब्ध करवाई गई है।

### सुक्खू सरकार हर मोर्चे पर हुई फेल : अर्चना



**टौणी देवी।** हर मोर्चे पर सुक्खू सरकार फेल हुई है और प्रदेश की जनता से किए वादे आज दिन तक पूरे नहीं किए गए। यह बात भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष हमीरपुर अर्चना चौहान ने कही।

उन्होंने कहा कि जहां हिमाचल प्रदेश में एक तरफ सुक्खू सरकार जश्न मनाने की तैयारी कर रही है, वहीं दूसरी तरफ विपक्षी पार्टी भाजपा प्रदेश भर में सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतरेगी। 7 दिसंबर से भाजपा सरकार के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगी। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है और इस सरकार ने प्रदेश की जनता से जो भी वादे किए थे, मौजूदा सरकार उन्हें पूरा नहीं कर पाई है। महिलाओं, बेरोजगार युवाओं और किसानों में सरकार के खिलाफ जबरदस्त रोष है।

# स्कूल सेफ्टी ऐप पर अपलोड होंगे स्कूलों के आपदा प्रबंधन प्लान

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

जिले के सभी स्कूलों में किसी भी तरह की आपात परिस्थिति से निपटने के लिए आवश्यक प्रबंध करने तथा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध सभी संसाधनों के उपयोग से आपदा प्रबंधन कार्यों को सुनियोजित ढंग से अंजाम देने हेतु स्कूल सेफ्टी ऐप विकसित किया गया है। इस ऐप पर सभी स्कूलों के आपदा प्रबंधन प्लान भी अपलोड किए जाएंगे।

हमीरपुर जिले के सभी स्कूलों के शिक्षकों को इस ऐप की कार्यप्रणाली से अवगत करवाने के लिए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) ने प्रशिक्षण कार्यक्रम आरंभ कर दिए हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्मारक राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर के हॉल में शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। दो अलग-अलग सत्रों में आयोजित किए गए इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में स्कूल प्रमुखों और अन्य शिक्षकों को स्कूल सेफ्टी ऐप के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।



हमीरपुर जिले के लगभग 1000 शिक्षकों को किया जा रहा प्रशिक्षित।

लेक्चरर राजेश ठाकुर और विनोद कुमार ने शिक्षकों को स्कूल सेफ्टी ऐप की कार्यप्रणाली और इस पर अपलोड होने वाले डाटा के बारे में बताया तथा अपलोडिंग का प्रैक्टिकल अभ्यास भी करवाया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम सत्र में उच्चतर शिक्षा उपनिदेशक अनिल कौशल, प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक अशोक कुमार और अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

उधर, हमीरपुर के उपायुक्त एवं डीडीएमए के अध्यक्ष अमरजीत सिंह ने बताया कि जिला में लगभग 1000 शिक्षकों को स्कूल सेफ्टी ऐप का प्रशिक्षण प्रदान करने तथा एक माह के भीतर सभी स्कूलों के आपदा प्रबंधन प्लान इस ऐप पर अपलोड करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को इस कार्य को निर्धारित अवधि के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

### कांग्रेस सरकार के 2 वर्षों के कुशासन से जनता में आक्रोश, 9 को करेगी पार्टी प्रदर्शन : भाजपा



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** जिले के मुख्यालय में कांग्रेस सरकार की 2 वर्ष की नाकामियों पर भाजपा प्रदेश भर में आक्रोश धरना-प्रदर्शन करने जा रही है। इस आक्रोश रैली को लेकर शुक्रवार को हमीरपुर में बैठक का आयोजन किया गया। आक्रोश रैली के प्रभारी हमीरपुर के विधायक आशीष शर्मा ने इस बैठक में पांचों मंडलों के अध्यक्षों, सभी मोर्चों के अध्यक्षों जिला में भाजपा के विधायक व पूर्व में रहे भाजपा प्रत्याशी शामिल हुए। यह आक्रोश धरना-प्रदर्शन हमीरपुर गांधी चौक पर किया जाएगा, जिसमें 2000 लोग शामिल होंगे। बैठक में विधायक आशीष शर्मा, पूर्व विधायक अनिल धीमान, जिला महामंत्री राकेश ठाकुर, अजय रिंटू, पांचों मंडलों के अध्यक्ष महिला मोर्चा की अध्यक्षा अर्चना चौहान, युवा मोर्चा के अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### पूर्व मुख्यमंत्री जयराम महज सरकार को कोसने की राजनीति कर रहे : प्रेम कौशल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** व्यवस्था परिवर्तन की बजाए व्यवस्था पतन के नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के वक्तव्य पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस पूर्व मुख्य प्रवक्ता प्रेम कौशल ने कहा कि वास्तव में जयराम ठाकुर के नेतृत्व और अन्य भाजपा नेताओं की नेगेटिव पॉलिटिक्स की वजह से हिमाचल की राजनीति में पतन तो भाजपा का हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भाजपा लगातार पिटती जा रही है तथा असफलताओं से हताश भाजपाई महज सरकार को कोसने की राजनीति कर रहे हैं जबकि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार ने लकीर से हट कर कई आर्थिक और प्रशासनिक सुधारों को अंजाम देते हुए प्रदेश को एक खुशहाल तथा समृद्ध प्रदेश बनाने की दिशा में मजबूती के साथ कदम उठाए हैं।

# तख्ता पलटने के लिए नप हमीरपुर में हलचल फिर तेज

## अध्यक्ष मनोज मिन्हास के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का मामला : हाईकोर्ट के फैसले के बाद जल्द होगी बैठक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

स्थानीय नगर परिषद में अध्यक्ष को बदलने के लिए एक बार फिर सरगर्मियां तेज हो गई हैं। हाईकोर्ट के फैसले के बाद अविश्वास प्रस्ताव पर बैठक कब होगी, इसे लेकर प्रशासन के फैसले का इंतजार करना होगा।

काबिलेगौर यह है कि 11 सदस्यीय इस नगर परिषद के सात पार्षदों ने अध्यक्ष मनोज मिन्हास के खिलाफ बगावत की थी, उस पर वह अविश्वास प्रस्ताव की खातिर बैठक चाहते थे, लेकिन जिला प्रशासन ने ऐसा नहीं किया। इसके बाद नाराज पार्षद हाई कोर्ट में चले गए और अब जो फैसला आया है, उसके मुताबिक फिर से अविश्वास प्रस्ताव बैठक होगी, लेकिन इसकी तिथि जिला प्रशासन तय करेगा। उम्मीद यही है कि 15 दिनों के भीतर यह बैठक हो सकती है।

**इस्तीफा भी दे सकते हैं मनोज मिन्हास**

गौरतलब है कि अविश्वास प्रस्ताव के लिए, जब लिखित अर्जी जिला प्रशासन को दी गई थी, उसके बाद उपचुनावों की डुगडुगी बज गई। फिर एक और घटनाक्रम हुआ। अध्यक्ष मनोज मिन्हास ने पाला बदलते हुए कांग्रेस ज्वाइन कर ली। उनके साथ एक सदस्य राजकुमार भी कांग्रेस के हो गए। फिर चुनावों का जब दौर खत्म हुआ, तब मामला हाईकोर्ट में पेंडिंग चल रहा था। भाजपा के समर्थन से ही मनोज

### अविश्वास प्रस्ताव बैठक का इंतजार शुरू

मनोज मिन्हास को लेकर ऐसी भी अटकलें लगाई जा रही हैं कि यदि माहौल उनके खिलाफ ही रहा तो फिर वह इस्तीफा भी दे सकते हैं? ऐसी स्थिति में माहौल और भी रोचक हो जाएगा। फिलहाल अविश्वास प्रस्ताव बैठक की इंतजार शुरू हो गई है।

### वोटिंग में 12 सदस्य लेंगे हिस्सा

अब 11 सदस्यों वाले इस हाउस में एक वोट स्थानीय विधायक का भी रहेगा। यानी 12 सदस्य अब वोटिंग में हिस्सा लेंगे। विधायक भाजपा के हैं, इसलिए पहले जितने साथ लोगों ने मिन्हास के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव सौंपा था, उसमें एक और वोट शामिल हो जाएगा। यानी सात की बजाए 8 वोट अब हाउस में होंगे। देखना यही है कि जिला प्रशासन मीटिंग कब तक बुलाता है और विधायक आशीष शर्मा भी इस माहौल में किस रणनीति का हिस्सा बनते हैं।

मिन्हास के नेतृत्व में हमीरपुर नगर परिषद का गठन हुआ था। लंबे समय तक सब ठीक चलता रहा, लेकिन अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए जब समय आया, उस समय प्रदेश में सरकार कांग्रेस की थी, इसीलिए राजनीतिक उठापटक ने यहां पर इस अविश्वास प्रस्ताव बैठक के लिए निश्चित रूप में मामले को लंबा खिंचवाया है।

### मारपीट व जान से मारने की धमकियां देने का आरोप

**नादौन।** नादौन शहर में किराए के मकान में रह रहे राकेश कुमार वर्मा पुत्र ओम प्रकाश ने मारपीट का आरोप लगाया है। पुलिस को दी शिकायत में राकेश कुमार वर्मा ने बताया कि वह आबकारी एवं कराधान विभाग के पास एक किराए के मकान में रहता है। वह अपने कमरे में था तो नादौन निवासी संजय व उसका बेटा कमरे में आए और मारपीट की और मोबाइल भी छीन लिया।

उन्होंने पत्नी को भी गंदी-गंदी गालियां निकालीं तथा जान से मारने की धमकियां दीं। पुलिस ने मामला दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है।

### युवा लेखिका अंकु ने विधायक को भेंट की अपनी पुस्तक 'श्वास'

**एसके ठाकुर, बड़सर।** साहित्य जगत में अपनी विशेष पहचान बनाने वाली हमीरपुर की युवा लेखिका अंकु ठाकुर हाल ही में अपनी पुस्तक श्वास को लेकर चर्चा में हैं। प्रकाशन के पहले ही सप्ताह में 500 प्रतियां बेचकर इस पुस्तक ने एक नई उपलब्धि हासिल की है। शुक्रवार को अंकु ने बड़सर के विधायक इंद्रदत्त लखनपाल से मुलाकात की और उन्हें अपनी पुस्तक की प्रति भेंट की। इस मुलाकात के दौरान विधायक ने अंकु के लेखन और इस पुस्तक की सफलता प्रयासों की सराहना की। श्वास पुस्तक, जिसे अंकु ने चार अन्य सह-लेखकों सुमित मेनारिया, वर्षा श्रीवास्तव, आस्था जैन और शालिनी सिंह के साथ लिखा है, पाठकों को एक रोमांचकारी अनुभव प्रदान कर रही है। यह पुस्तक एक वीरान रिसॉर्ट में फंसे पांच पात्रों की कहानी है, जो डर, रहस्य और मानव मनोविज्ञान के गहरे पहलुओं को छूती है। अंकु ठाकुर ऑनलाइन प्लेटफार्म प्रतिलिपि पर एक पेशेवर लेखिका है और मर्डर मिस्ट्री विधा में कहानियां लिखती है। प्रतिलिपि पर उन्हें 40 हजार से अधिक पाठक फॉलो करते हैं और उनके लेखन के मुरीद है। वह अन्य उभरते लेखकों के लिए भी एक प्रेरणास्रोत है। अंकु ठाकुर ने विधायक से मुलाकात के दौरान अपनी आगामी योजनाओं पर भी चर्चा की। (अनंत ज्ञान)



### धनेटा कॉलेज के सिद्धार्थ को नियुक्ति पर दी बधाई



**हमीरपुर।** राजकीय महाविद्यालय धनेटा के अंतिम वर्ष के विद्यार्थी सिद्धार्थ का आतिशय लिमिटेड कंपनी जिला हमीरपुर में जिला समन्वयक के पद पर नियुक्ति के लिए महाविद्यालय के समस्त शिक्षक और गैर शिक्षक वर्ग ने सिद्धार्थ को उनकी नियुक्ति के लिए बधाई दी।

### डाइट हमीरपुर में जिला स्तरीय प्रतियोगिता शुरू



**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा।** हमीरपुर जिले के डाइट संस्थान गौना करोर में जिला स्तरीय पीएम श्री स्कूल प्रतियोगिता का आज शुभारंभ किया गया। 7 दिसम्बर तक आयोजित की जाने वाली इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता में जिले के 9 हाई एवं सीसे स्कूलों ने भाग लिया। जिला समन्वयक सुनील कुमार ने बताया कि इस प्रतियोगिता को चार भागों में आयोजित किया जाएगा। आज हुई प्रतियोगिताओं में मंथन मंडल में प्रथम स्थान पर अर्पिता चौधरी सीसे विद्यालय नादौन (बाल), द्वितीय स्थान पर अंकित राज सीसे विद्यालय हमीरपुर (बाल), तीसरे स्थान पर कविता भाटिया सीसे विद्यालय भरेड़ी रहा। डिस्कवर एवं लर्न लोकल साइट प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर दिव्यांश शर्मा सीसे विद्यालय लंबलू, द्वितीय स्थान पर शगुन धीमान सीसे विद्यालय भोटा, तीसरे स्थान पर अभिषेक सीसे विद्यालय नादौन (बाल) रहा। डिजिटल अरेस्ट प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर विनीत कुमार सीसे विद्यालय भोटा रहा। विद्या वैभव क्विज में प्रथम स्थान पर वंशिका ठाकुर सीसे विद्यालय भरेड़ी रही। विद्या वैभव करिश्मा आर्ट्स में प्रथम स्थान पर ईमान सीसे विद्यालय नादौन (बाल) रहा। इस दौरान जिला डाइट के जिला परियोजना अधिकारी मदन बनियाल ने कहा कि प्रधानमंत्री स्कूल फोर राइजिंग इंडिया (पीएम श्री) स्कूलों का मकसद है कि अपने इलाके में उच्च स्तर की शिक्षा प्रदान करना है और साथ ही एक समवेशी की ओर न्याय संगत और आनंदमय माहौल बनाए रखना है। (अनंत ज्ञान)




## मांग

### डीसी हमीरपुर के कार्यालय पहुंचे, नगर निगम में शामिल न करने को सौंपा ज्ञापन

# नगर निगम में शामिल नहीं होना चाहते बल्ह पंचायत के ग्रामीण

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

ग्राम पंचायत बल्ह के ग्रामीण नगर निगम में शामिल नहीं होना चाहते। नगर निगम में शामिल न होने की मांग को लेकर ग्रामीण शुक्रवार को डीसी कार्यालय में पहुंचे और नगर निगम में शामिल न किए जाने को लेकर एक ज्ञापन सौंपा।

ग्रामीणों का कहना है कि नगर निगम में शामिल होने से इनके ऊपर टेक्स का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। गांव में ग्रामीण जनता रहती है तथा अतिरिक्त टेक्स अदा नहीं कर सकती। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि पंचायत की ओर से उन्हें सभी प्रकार की सुविधाएं मिल रही हैं। ऐसे में इन्हें पंचायत क्षेत्र में ही रहने दिया जाए। इस अवसर पर अनीता देवी,



नगर निगम में न शामिल करने को लेकर ज्ञापन सौंपते बल्ह पंचायत के ग्रामीण।

**बोले-शहर का विकास नहीं हो पाया तो गांवों का क्या हो पाएगा**

बिमला देवी, कमलेश, अनीता, कश्मीरी देवी, कर्म चंद, नीलम कुमारी, अजय कुमार व अन्य लोगों का कहना है कि वह नगर निगम में नहीं जुड़ना चाहते, क्योंकि पंचायतीराज संस्थाओं में लोगों की सहभागिता ज्यादा रहती है।

लोग प्रत्यक्ष रूप से पंचायतों के साथ जुड़े हुए हैं। शहरीकरण से ठेकेदारी प्रथा शुरू हो जाएगी। ग्रामीणों का कहना है कि हमारा क्षेत्र भौगोलिक दृष्टि से ग्रामीण क्षेत्र है तथा हमारे घर भी दूर-दूर हैं तथा आबादी भी कम है। हम गांव के शहर नहीं बनाना चाहते। गांवों में रहने वाले अधिकतर लोग गरीब हैं, जो कि दिहाड़ी लगाकर, मनरेगा करके, पशु पालकर अपना जीवन यापन कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि वे टेक्स देने के लिए सक्षम नहीं है।

वहीं, पंचायत प्रधान बल्ह प्रकाश चंद का कहना है कि हम नगर निगम में शामिल नहीं होना चाहते है। उन्होंने कहा कि अभी तक हमीरपुर शहर का विकास नहीं हो पाया है तो गांवों का क्या होगा। उन्होंने कहा कि हमें फिलहाल पंचायत में ही रहना दिया जाए। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए सीएम ने नेट पर किया अभ्यास



**अनंत ज्ञान, शिमला।** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू शनिवार को संयुक्त रूप से सद्भावना क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ करेंगे। फाइनल मैच 8 दिसंबर, 2024 को आयोजित होगा। मुख्यमंत्री ने 7 दिसंबर, 2024 से शुरू होने वाले सद्भावना क्रिकेट टूर्नामेंट से पहले आज शाम बीसीएस स्कूल शिमला, खेल मैदान में नेट पर अभ्यास किया। इस टूर्नामेंट का उद्देश्य नशीली दवाओं के दुरुपयोग के बारे में समाज में जागरूकता उत्पन्न करना है। सद्भावना क्रिकेट टूर्नामेंट में राज्यपाल-11, मुख्यमंत्री-11, मुख्य न्यायाधीश-11 और प्रेस-11 टीमों के बीच क्रिकेट मैच खेले जाएंगे। हिम खेल और सांस्कृतिक संगठन के महासचिव हरदयाल भारद्वाज ने अन्य पदाधिकारियों सहित राजभवन में राज्यपाल को टूर्नामेंट का निमंत्रण दिया।

### पानी के बिलों में वृद्धि पर भड़कीं पार्षद शिखा



**अनंत ज्ञान, जोगिंदरनगर।** नगर परिषद के वार्ड नंबर 4 की पार्षद शिखा ने पानी के बिलों में तीन गुना बढ़ोतरी को गरीब परिवारों के लिए असहनीय बताया। उन्होंने कहा कि आईआरडीपी और बीपीएल श्रेणी के परिवार, जिनकी संख्या उनके वार्ड में सबसे अधिक है, पहले ही महंगाई के दौर में अपनी रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने के लिए कड़ी मशक्कत कर रहे हैं। पार्षद ने पानी के बिलों में बेतहाशा वृद्धि को तर्कसंगत न मानते हुए इसे गरीब जनता के लिए परेशानी का सबब करार दिया। उन्होंने कहा, एक तरफ मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुखु प्रदेश में 'व्यवस्था परिवर्तन' की बात करते हैं, वहीं दूसरी ओर गरीब जनता पर पानी के बिलों का बोझ डालना उचित नहीं है। शिखा ने मुख्यमंत्री से अपील की कि गरीब परिवारों की आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए इस वृद्धि को जल्द वापस लिया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार को आम जनता की समस्याओं के प्रति संवेदनशील होना चाहिए और उनकी परेशानियों का समाधान करना चाहिए। पार्षद के बयान के बाद स्थानीय लोगों ने भी सरकार से इस मामले में राहत की उम्मीद जताई है।

### नवंबर में राजस्व अदालतों में 3,919 मामले निपटाए



**अनंत ज्ञान, मंडी।** राजस्व मामलों के समयबद्ध निपटारे में राजस्व अदालतें मील पत्थर साबित हो रही हैं। प्रतिमाह अंतिम दो दिन लगने वाली इन अदालतों में ऐसे मामलों के निपटारे में तेजी आई है। जिला मंडी में राजस्व अदालतों के माध्यम से नवम्बर, 2024 में 3919 मामलों का निपटारा किया गया। उपायुक्त अपूर्व देवगन ने बताया कि प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार राजस्व मामलों के त्वरित व समयबद्ध निपटारे के लिए मंडी जिला में राजस्व अदालतों का आयोजन हर माह किया जा रहा है, ताकि लोगों के राजस्व मामलों का घर-द्वार पर हल हो सके। उन्होंने बताया कि नवम्बर माह में इन अदालतों में 2660 इंतकाल, 382 तकसीम, 776 निशानदेही तथा 101 राजस्व प्रविष्टियों में सुधार के मामलों का निपटारा किया गया। उपायुक्त ने कहा कि राजस्व संबंधी मामलों के निपटारे में किसी भी तरह की कोताही सहन नहीं की जाएगी और सभी मामलों के समयबद्ध निपटारे के निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त समय-समय पर राजस्व कार्यालयों का औचक निरीक्षण भी किया जा रहा है। इन राजस्व अदालतों से लाभान्वित लोगों ने कार्यप्रणाली में सुधार के लिए मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू का आभार व्यक्त किया है। सरकाघाट के अप्पर बरोट निवासी दलीप राव, पधर के बड़ोई निवासी रमेश कुमार, चच्योट के मुकेश कुमार, सुंदरनगर के मसोग गांव के बहादुर, निहरी की प्रेम लता सहित सैकड़ों लोगों ने नवंबर माह में राजस्व लोक अदालतों के माध्यम से तकसीम, इंतकाल, निशानदेही और राजस्व प्रविष्टियों में सुधार के मामलों के समयबद्ध निपटारे पर खुशी जताई है।

### हिम आंचल पेंशनर संघ की बैठक 9 को

**अनंत ज्ञान, जोगिंदरनगर।** हिम आंचल पेंशनर संघ इकाई जोगिंदरनगर चौंतड़ा खंड की मासिक बैठक 9 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे मिनी सचिवालय जोगिंदरनगर के सभागार में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता संघ प्रधान एवं राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से अलंकृत नेक राम शास्त्री करेंगे। महासचिव रमेश पठानिया ने बताया कि बैठक में पेंशनरों की वर्तमान मांगों और समस्याओं पर गहन विचार-विमर्श किया जाएगा। इसके अलावा, 17 दिसंबर को हमीरपुर में आयोजित होने वाले समारोह की रूपरेखा तैयार की जाएगी। जोगिंदरनगर में माननीय मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश को दिए गए ज्ञापन में कम्यूट कटौती तथा पेंशन संशोधन की बकाया राशि के समाधान पर भी चर्चा की जाएगी। रमेश पठानिया ने सभी पेंशनरों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में बैठक में भाग लें और बैठक की शोभा बढ़ाएं।

### भू-माफिया पर कार्रवाई न होने पर अनशन पर बैठा व्यक्ति

**चंबा।** चंबा जिले के सलूणी क्षेत्र की ग्राम पंचायत मैण के दिहोई गांव में रहने वाले राजेंद्र कुमार ने भू-माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई न होने पर डीसी कार्यालय के बाहर आमरण अनशन शुरू कर दिया है। राजेंद्र का आरोप है कि तेलका बाजार में स्थित उनके पिता के पुश्तैनी मकान पर भू-माफिया ने तीन साल से कब्जा कर रखा है। माफियाओं ने मकान में तोड़फोड़ की और पत्थर तक चुरा लिए। राजेंद्र ने इस मुद्दे पर चंबा, सलूणी और यहां तक कि शिमला में मुख्यमंत्री तक गुहार लगाई, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने पहले तहसील कार्यालय तेलका में भी अनशन किया था, जहां पुलिस अधिकारियों ने कार्रवाई का आश्वासन दिया था। हालांकि, राजस्व विभाग ने मकान से जुड़े उनके कार्य पूरे कर दिए हैं परंतु भू-माफियाओं पर अब तक कोई शिकंजा नहीं कसा गया।

उपायुक्त मुकेश की अध्यक्षता में जिला क्षय रोग समिति की बैठक आयोजित, कहा-

# आशा वर्कर्स टीबी रोगियों को चिन्हित कर पहुंचाएं जांच शिविर

**अनंत ज्ञान, चंबा**

राष्ट्रीय टीवी उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत 100 दिवसीय टीबी उन्मूलन अभियान के सफल क्रियान्वन के बारे में जिला मुख्यालय चंबा में एक बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने की। बैठक में जिला चंबा में टीबी के लिए नैदानिक सुविधाओं, क्षय रोग का बोझ, एनटीईपी और एमएमकेआरएनवाई के तहत टीबी रोगियों के लिए योजनाओं, ब्लॉक वार टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों, चंबा में टीबी को समाप्त करने में सहयोग करने वाले विभागों व संगठनों की संभावित भूमिका के संबंध में विस्तृत चर्चा के अलावा अलावा विभिन्न विभागों और संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ खुली चर्चा की गई।

इस अवसर पर उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि 7 दिसंबर से शुरू होने जा रहे 100 दिवसीय टीवी उन्मूलन अभियान में 60 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों, टीवी रोगियों के नजदीक रहने वाले उनके पारिवारिक सदस्यों के अलावा कुपोषित व्यक्तियों, शुगर तथा एचआईवी इत्यादि गंभीर रोगों से ग्रस्त व्यक्तियों को विशेष रूप से टीवी रोग संबंधी जांच में शामिल किया जाए। इसके अलावा निक्षय वाहन का उपयोग करते हुए आयुष आरोग्य केंद्रो में टीवी रोग संबंधी जांच के लिए विशेष शिविर आयोजित किए जाएं।

आशा वर्कर के माध्यम से भी संभावित टीबी रोगियों को चिन्हित कर जांच शिविरों में पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. बिपिन ठाकुर ने बताया कि 100 दिवसीय टीबी उन्मूलन अभियान का शुभारंभ 7 दिसंबर को जिला मुख्यालय चंबा में किया जा रहा है तथा पहला जांच शिविर एसबीआई चंबा के परिसर में आयोजित किया जाएगा ।

## हैंड हेल्ड पोर्टेबल टीबी एक्स-रे मशीन का लोकार्पण



एक्स-रे मशीन का लोकार्पण करते हुए उपायुक्त व अन्य ।

**चंबा ।** हुडको द्वारा सीएसआर के तहत स्वास्थ्य विभाग चंबा को एक हैंड हेल्ड पोर्टेबल टीबी एक्स-रे मशीन प्रदान की गई, जिसका विधिवत लोकार्पण हुडको के कार्यकारी निदेशक राजीव शर्मा द्वारा जिला अस्पताल चंबा के बैठक कक्ष में उपायुक्त मुकेश रेपसवाल की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने हुडको द्वारा आकांक्षी जिला चंबा को सीएसआर के तहत उपलब्ध करवाई गई हैंडहेल्ड पोर्टेबल एक्स-रे मशीन के लिए हुडको व कंपनी के कार्यकारी निदेशक (सीएसआर) राजीव शर्मा का विशेष आभार व्यक्त किया। उन्होंने आशा व्यक्ति की कि भविष्य में भी हुडको की ओर से जिला चंबा को पूर्व की भांति साकारात्मक सहयोग जारी रहेगा। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी चंबा डॉ. विपिन ठाकुर ने बताया कि हुडको द्वारा प्रदान की गई हैंडहेल्ड पोर्टेबल एक्स-रे मशीन जिला चंबा में सरकार के टीवी उन्मूलन अभियान में रोगियों की जांच के लिए कारगर सिद्ध होगी। उन्होंने उपायुक्त चंबा से सिविल अस्पताल चुवाड़ी के लिए एक्स-रे मशीन तथा तीसा अस्पताल के लिए एक ईसीजी मशीन सीएसआर के माध्यम से उपलब्ध करवाने का अनुरोध किया। हुडको के कार्यकारी निदेशक (सीएसआर) राजीव शर्मा ने बताया कि उनके द्वारा हेल्थ एंड न्यूट्रिशन कार्यक्रम के तहत देश में टीबी उन्मूलन अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से जिला चंबा में स्वास्थ्य विभाग को यह पोर्टेबल हैंडहेल्ड एक्स-रे मशीन उपलब्ध करवाई गई है ।

# पंचवक्त्र मंदिर के पास लगे सूचना पट्टिका, जूतों के साथ प्रवेश हो निषेध



एडीसी मंडी को ज्ञापन प्रेषित करते हुए सामूहिक चित्र में।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

छोटी काशी के नाम से विख्यात मंडी शहर में अनेकों ऐसे ऐतिहासिक मंदिर है जहां हिमाचल ही नहीं बाहरी राज्यों से भी पर्यटक यहां पहुंचते है। परन्तु इन दिनों इन मंदिरों की सुंदरता को असामाजिक तत्व ग्रहण लगा रहे है। आपदा के दौरान विश्व भर में चर्चित पंचवक्त्र मंदिर में कुछ युवा नशे का अड्डा बना रहे है। जिसको लेकर शुक्रवार को धर्म सेवक का एक प्रतिनिधिमंडल एडीसी मंडी रोहित राठौर से मिला और उन्हें एक ज्ञापन प्रेषित किया।

जिसमें धर्म सेवकों ने मांग की है कि मंदिर में कुछ लोग जूते पहनकर ही पूजा करने लग जाते है और साथ ही कुछ युवा यहां कई बार नशा करते हुए भी देखे गए है, और जब उनको रोकने की कोशिश की जाती है तो वह उल्टा धौंस जमाते है। उन्होंने मंडी प्रशासन से मांग की है यहां सूचना पट्टिकाएं सहित होमगार्ड जवान की तैनाती की जाए ताकि जो भी इस तरह की अभद्रता फैलता है उन पर सख्त कार्यवाही की जाए। एडीसी से मिलने पहुंचे धर्म सेवक आयुष ने बताया कि कई बार इन धार्मिक स्थलों में कई बार ऐसा माहौल हो जाता है ,की लोग परिवार के साथ मंदिर में प्रवेश नहीं करते है।

उन्होंने कहा कि कई बार उन्होंने धार्मिक स्थलों में आयशी करते हुए युवाओं को भी पकड़ा पर वह मारपीट करने में उतारूँ हो जाते है। उन्होंने जिला प्रशासन से तुरन्त इस ओर विशेष ध्यान देने का आग्रह किया है ताकि कोई भी हिन्दू धर्म व किसी की भी भावना को ठेस ना पहुंचा सके। एडीसी मंडी रोहित राठौर ने युवाओं को आश्वासन दिया है कि प्रशासन इस विषय पर पहले से कार्य कर रहा है। जल्द ही समस्या का समाधान किया जाएगा।

# बच्चे पढ़ाई के साथ शरीर का भी रखें विशेष ध्यान

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बनीखेत में आज बच्चों के लिए चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस जांच शिविर डालकर नेतृत्व डॉक्टर शिखा शर्मा ने किया। इस आयोजन में दीपमाला, मोनिका, रेखा ठाकुर तथा मंजुला ने विशेष तौर पर अपनी सेवाएं दी।

इस आयोजन को लेकर स्कूल की प्रधानाचार्य कर्मजीत कौर ने आए हुए सभी स्वास्थ्य कर्मियों का स्वागत किया तथा बच्चों को पहला सुख निरोगी काया के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए पढ़ाई के साथ-साथ अपने शरीर का भी



ध्यान रखने हेतु प्रोत्साहित किया।

प्रधानाचार्य कमरजीत कौर ने बच्चों को अच्छे स्वास्थ्य के लिए योग और व्यायाम करने पर भी जोर दिया उन्होंने कहा कि बच्चे इस योग और व्यायाम को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। (अनंत ज्ञान)

# नई पंचायतों के लिए एक हफ्ते में देना होगा ब्यौरा

**अनंत ज्ञान, चंबा**

जिला चंबा में अब पंचायतों की संख्या में इजाफा होने वाला है। जिला पंचायती राज विभाग की ओर से समस्त विकास खंडों से नई पंचायतों के गठन संबंधित ब्यौरा मांगा है। संबंधित पंचायत के विभाजन के लिए खंड विकास अधिकारी के माध्यम से ही आवेदन लिए जाएंगे। हालांकि अभी तक एक भी आवेदन नहीं पहुंचा है। ब्योरा देने के लिए विभाग ने एक हफ्ते का वक्त और दिया है।

आवेदन जिला पंचायती राज कार्यालय चंबा पहुंचने पर उन्हें स्वीकृति के लिए निदेशालय भेजा जाएगा। जहां तमाम मापदंडों की परख के बाद ही नई पंचायतों के गठन की अधिसूचना जारी की जाएगी। सरकार की ओर से पंचायतों के विभाजन करने का मकसद पंचायत के हर गांव तक विकास की लौ पहुंचाना है। गत पंचायती राज चुनाव से पहले भी सरकार की ओर से पंचायतों का विभाजन किया गया था। उस वक्त जिले में पंचायतों की संख्या 283 थी। फिर इनकी संख्या 309 पहुंच गई। इस दौरान 26 नई पंचायतों का गठन हुआ था।

कई बार बड़ी पंचायत होने के चलते ग्रामीणों को काफी परेशानियां पेश आती है। पंचायतों कार्यालयों की गांव से अधिक दूरी के चलते विकास कार्य संबंधित गांव तक नहीं पहुंच पाते है। ऐसे में गांव में विकास रफ्तार नहीं पकड़ पाता है। बड़ी पंचायतों में से एक अन्य पंचायत गठित होने विकास कार्य भी गति पकड़ते हैं तो वहीं, दूसरी तरफ ग्रामीणों को भी परेशानी पेश नहीं आती है।

कई बार बड़ी पंचायत होने के चलते ग्रामीणों को काफी परेशानियां पेश आती है। पंचायतों कार्यालयों की गांव से अधिक दूरी के चलते विकास कार्य संबंधित गांव तक नहीं पहुंच पाते है। ऐसे में गांव में विकास रफ्तार नहीं पकड़ पाता है। बड़ी पंचायतों में से एक अन्य पंचायत गठित होने विकास कार्य भी गति पकड़ते हैं तो वहीं, दूसरी तरफ ग्रामीणों को भी परेशानी पेश नहीं आती है।

## वर्तमान में यह है स्थिति

**जिले** में ग्राम पंचायतों की संख्या 309 है। चंबा में 45, भरमौर में 31, भटियात ब्लॉक में 70, तीसा में 53, सलूणी में 44, मैहला में 47 और पांगी के तहत 19 ग्राम पंचायतें शामिल हैं।

सात दिन का समय खंड विकास कार्यालयों को नई पंचायतों के गठन के लिए ब्योरा जमा करवाने के लिए दिया गया है। जैसे ही खंड विकास कार्यालयों से नई पंचायत का गठन करने संबंधित ब्योरा मिलेगा, इसे निदेशालय भेजा जाएगा।

**-मनीष कुमार, कार्यकारी पंचायत अधिकारी, चंबा।**

### फंदे से लटका मिला व्यक्ति का शव

**भरमौर।** पुलिस थाना भरमौर के तहत लाहल में एक व्यक्ति का शव फंदे से लटका मिला है। मृतक की पहचान देशराज पुत्र जालम के तौर पर हुई है।

पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर इसे सिविल अस्पताल भरमौर पहुंचा दिया है। वहीं नुरपूर से फारेंसिक विशेषज्ञों की एक टीम भी देर शाम को भरमौर पहुंची है।

जानकारी अनुसार पुलिस थाना भरमौर को सूचना मिली की लाहल गांव में एक व्यक्ति ने फंदा लगा लिया है। जिस पर पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में ले लिया है। मृतक सेवानिवृत्त बेलदार था। फारेंसिक विशेषज्ञों की एक टीम ने छानबीन कर साक्ष्य जुटाए हैं।

# नवनियुक्त पर्यवेक्षक की मौजूदगी में 9 को होगी 'आप' की बैठक: मनीष सरीन

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

- बैठक में कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र के नवनियुक्त पर्यवेक्षक पूरण चंद रहेंगे मौजूद

आम आदमी पार्टी प्रदेश प्रवक्ता मनीष सरीन ने जानकारी देते हुए बताया की आम आदमी पार्टी ने हिमाचल प्रदेश में संगठन विस्तार हेतू चारों संसदीय क्षेत्रों पर पर्यवेक्षक नियुक्त कर दिए हैं। पर्यवेक्षकों की नियुक्ति के तुरंत बाद हिमाचल प्रदेश में आम आदमी पार्टी की बैठकों के दौर तेज हो गए हैं। इसी कड़ी में आम आदमी पार्टी ज़िला चम्बा की बैठक 9 दिसंबर 2024 को प्रात: 11 बजे सर्किट हाउस चंबा में आयोजित होने जा रही है।



मनीष ने बताया की इस बैठक में आम आदमी पार्टी जिला चंबा की कार्यकारिणी गठन से लेकर कई एहम मुद्दों पर विचार-विमर्श कर संगठन विस्तार संबंधित सकारात्मक फैसले लिए जाएंगे।

मनीष ने बताया की इस बैठक में आम आदमी पार्टी कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र के नवनियुक्त पर्यवेक्षक पूरण चंद भी मौजूद रहेंगे।

# अंबेडकर के बताए मार्ग पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि: डीसी

**अनंत ज्ञान, चंबा**



श्रद्धांजलि देते हुए उपायुक्त व अन्य।

बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 69 वीं पुण्यतिथि के पावन अवसर पर अंबेडकर मिशन सोसाइटी चंबा द्वारा उपायुक्त मुकेश रेसवाल की अध्यक्षता में एक श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपायुक्त कार्यालय परिसर चंबा में आयोजित इस कार्यक्रम में अंबेडकर मिशन सोसाइटी से जुड़े वर्तमान व पूर्व पदाधिकारीयों व सदस्यों के अलावा बड़ी संख्या में शहर के विभिन्न मोहलों के लोगों ने भाग लिया और बाबा साहेब की प्रतिमा के समक्ष उन्हें श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने कहा कि डॉ. अंबेडकर केवल भारत के संविधान निर्माता ही नहीं बल्कि एक महान समाज सुधारक, विद्वान, और समतामूलक समाज के प्रणेता भी थे। उन्होंने न केवल अस्पृश्यता के खिलाफ एक लंबा संघर्ष किया। बल्कि महिलाओं तथा मजदूरों को अधिकार दिलवाने में उनका सर्वाधिक योगदान है। उपायुक्त ने कहा आज भी समानता व शिक्षा की दृष्टि से बाबा साहेब के बताए मार्ग पर चलना और उनके विचारों को आगे बढ़ाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

इस अवसर पर नगर परिषद पार्षद मेघना, अंबेडकर मिशन सोसाइटी चंबा के अध्यक्ष योगेश्वर अहीर व पूर्व अध्यक्ष शिवकरण चंद्रा, पूर्व उपाध्यक्ष नगर परिषद जितेंद्र सूर्य, अधिवक्ता जय सिंह, पूर्व अध्यक्ष गुरु रविदास सभा जितेश्वर सूर्य तथा मनोहर लाल हितेषी सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

### सूडोकु 0009 (कठिनतम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 6 | | | |
| | 1 | | | | | 2 | | |
| 5 | | | 7 | | | | 3 | |
| | | | 4 | | | | | 6 |
| | | 3 | | | | 9 | | |
| 4 | | | | | 8 | | | |
| | 7 | | | | 9 | | | 8 |
| | | 2 | | | | | 1 | |
| | | | 3 | | | | 4 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0008 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 8 | 9 | 1 | 4 | 2 | 7 | 3 |
| 1 | 2 | 7 | 3 | 5 | 8 | 6 | 4 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 7 | 2 | 6 | 1 | 5 | 8 |
| 2 | 3 | 6 | 1 | 4 | 5 | 9 | 8 | 7 |
| 8 | 9 | 5 | 2 | 7 | 3 | 4 | 1 | 6 |
| 4 | 7 | 1 | 6 | 8 | 9 | 3 | 2 | 5 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 8 | 2 | 4 | 6 | 7 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 8 | 9 | 2 | 7 | 6 | 4 |

# बच्चों को दी चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर की जानकारी

**अनंत ज्ञान, चंबा**



चाइल्ड हेल्पलाइन चंबा द्वारा राजकीय उच्च पाठशाला डियूर (सलूणी ब्लॉक) में एनएसएस शिविर के दौरान बच्चों, अध्यापकों ब अन्य स्टाफ के लिए एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ब अध्यापकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

स्कूल के बच्चों को चाइल्ड हेल्पलाइन समन्वयक कपिल शर्मा व केस वर्कर चैन लाल ने कार्यक्रम के दौरान चाइल्ड हेल्पलाइन के टोल फ्री नंबर 1098 की विस्तृत जानकारी दी व मुफ्त चाइल्ड हेल्पलाइन फोन सेवा 1098 के माध्यम से अनाथ अर्ध-अनाथ, स्कूल छोड़ चुके, घर से भागे हुए, मानसिक और शारीरिक शारीरिक रूप से अक्षम, शोषित, अति निर्धन, बाल विवाह से ग्रसित, बाल-मजदूरी से ग्रसित, छेड़छाड़ से पीड़ित व अन्य किसी भी कारण से शोषित बच्चों हेतु चाइल्ड हेल्पलाइन के माध्यम से दी जाने वाली सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

थाना प्रभारी प्रभारी किहार अनिल वालिया द्वारा सड़क सुरक्षा के अंतर्गत तीव्र गति तीव्र क्षति, हेलमेट के महत्व, नशे की स्थिति में वाहन न चलाने, नशे की बुराई, घरेलू हिंसा सहित पोक्सो अधिनियम पर विस्तार से चर्चा की गई।

# चंबा में सड़कें कम, ट्रैफिक ज्यादा

**चंबा।** शहर की चरमराई ट्रैफिक व्यवस्था लोगों के लिए सिरदर्द साबित हो रही है। शहर के विभिन्न हिस्सों में वाहनों के लंबे जाम से लोगों की आवाजाही रिस्की होकर रह गई है। जाम के बोझ से सिकुड़ी शहर की सडक़ों पर कई मर्तबा राहगीर वाहन की चपेट में आकर उपचार के लिए मेडिकल कालेज पहुंच चुके हैं।

शहर की ट्रेफिक व्यवस्था को बेहतर बनाने को लेकर पार्किंग स्थल निर्माण की कवायद भी अदालती रोक के चलते बंद हो चुकी है। इसके विपरीत चंबा उपमंडल में ही औसतन हर माह तीन से चार सौ दोपहिया व चौपहिया वाहन पंजीकृत हो रहे हैं। शहर में वाहनों की दिन-प्रतिदिन बढ़ती भीड़ के बीच पार्किंग स्थलों की कमी अब गंभीर समस्या का रूप लेती जा रही है।

## अनंत ज्ञान

# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

7 दिसंबर, 2024, शनिवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :** 1946 (क्रोधी), **मास :** कार्तिक, **तिथि** षष्ठी (11:08): **नक्षत्र** धनिष्ठा (04:51), **पक्ष :** शुक्ल **योग :** व्याघात (08:41) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:51-12:33), **राहुकाल** (09:36 -10:54)।

### विशेष दिन

- 7 दिसंबर 2024 : झंडा दिवस आज।
- 7 दिसंबर 2024 : चंपा षष्ठी आज।

**मेषः** आज आपके प्रेम संबंधों में मधुरता आएगी। विरोधी परास्त होंगे। धनलाभ होगा। आज आपकी निजी योजना को बल मिलेगा।

**वृषभः** दिन भाग दौड़ भरा हो सकता है। आज आप कोई उत्सव मनाने के लिए तैयार हो जाइए। दोस्त और रिश्तेदार इकट्ठे हो कर खूब मजे करेंगे।

**मिथुनः** घर वालों व मित्रों के नकारात्मक स्वभाव को लेकर थोड़ा सतर्क रहना चाहिए। प्रेम संबंधों को नया रूप देने के लिए अच्छा मौका है।

**कर्कः** आपको पारिवारिक उलझनों का सामना करना पड़ सकता है। ईश्वर पर पूर्ण विश्वास रखें आपका कार्य अवश्य सफल होगा।

**सिंह :** अकेलेपन का एहसास होगा। अपने साथी को भावनात्मक तौर पर ब्लैकमेल करने से बचें। धन, सम्मान, यश, कीर्ति में वृध्दि होगीं।

**कन्या :** आज आपको पूर्व में की गई मेहनत का फल मिलेगा। दिन की शुरुआत में कुछ रुकावटें आ सकती हैं। सामाजिक मेल-मिलाप आपको व्यस्त रखेगा।

**तुलाः** सेहत बिगड़ सकती है और कई जरूरी काम भी रुक सकते हैं। टेंशन कम से कम लें। स्वास्थ्य को लेकर सतर्क रहें। वाद-विवाद न की जिएगा।

**वृश्चिकः** आज आपको सावधानी बरतने की जरूरत है क्योंकि गलतफहमी के कारण आपके और आपके प्रियजनों के बीच झगड़ा हो सकता है।

**धनुः** आज व्यापारिक यात्रा होगी। पारिवारिक असहयोग का सामना करना पड़ सकता है। आपके अतीत से जुड़ा कोई शख्स आज आपसे संपर्क करेगा।

**मकर :** आप व्यवहार में मधुरता आएगी। कृषि कार्यो में निवेश आपको लाभ प्रदान कर सकता है। आय के क्षेत्र में सामान्य लाभ मिल सकता है।

**कुंभ :** पारिवारिक असयोग से मन व्यथित हो सकता है। नौकरी में प्रमोशन की संभावना बन रही है। व्यक्ति विशेष से धन लाभ की संभावना है।

**मीनः** शिक्षा के क्षेत्र में प्रगति मिलेगी पारिवारिक धरातल मजबूत बनेगा। जीवन साथी का पूर्ण सहयोग मिलेगा। विद्यार्थियों का मन नही लगेगा।

# वार्षिक समारोह में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम किया पेश

**अनंत ज्ञान, भरमौर**



भरमौर के गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल पूलन में वार्षिक वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस वितरण समारोह में प्रधान ग्राम पंचायत पूलन अनीता कपूर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

इस मौके पर स्कूल के बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। गौरतलब है इसी स्कूल की छात्राएं शालिनी का राष्ट्रीय स्तर पर व रुचिका का राज्य स्तर की सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में सिलेक्शन हो चुका है और स्कूल का राष्ट्रीय व राजस्थान पर नाम चमका चुके हैं। इस मौके पर प्रधानाचार्य राजेश भोगल व स्कूल स्टाफ ने मुख्यातिथि अनीता कपूर का जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर बच्चों को संबोधित करते हुए प्रधान ग्राम पंचायत पूलन अनीता कपूर ने कहा की पढ़ाई के साथ-साथ शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने के लिए स्कूल प्रबंधन को बधाई।

### विभाग ऊंचाई वाले इलाकों में जल्द पहुंचाएं राशन

**आजम डार, चुराह।** हिमाचल प्रदेश के पहाड़ी जिलों में सर्दी लगातार बढ़ती जा रही है, यही कारण है की पहाड़ी इलाकों में कभी भी बर्फबारी हो सकती है इसको देखते हुए चुराह उप मंडल प्रशासन ने खाद्य आपूर्ति विभाग तीसा को सख्त निर्देश दिए है की समय रहते ऊंचाई वाले इलाकों में राशन भेज दें। चुराह उपमंडल में 53 पंचायतें आती है लेकिन कई ऐसी पंचायतें है जो दुर्गम क्षेत्र में स्थित है, उन पंचायतों में भारी बर्फबारी होती है और कई दिन तक रास्ते बंद रहते है ऐसे में खाद्य आपूर्ति विभाग को इसलिए प्रशासन द्वारा हिदायतें दी गई है ताकि समय रहते राशन पहुंचाया जा सके और लोगों को दिक्कतों का सामना न करना पड़े।

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र
रक्तदान महादान
'अनंत ज्ञान' के उपलब्धियों भरे
प्रथम वर्ष
पर लगने वाले रक्तदान शिविर में
आप सब सादर आमंत्रित हैं।
दिनांक: वीरवार 12 दिसंबर 2024
आओ! मिलकर करें रक्तदान बचाएं जान
समय: सुबह 10:00 से दोपहर 1:00 बजे तक
चंबा
गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज चंबा, मो. 9318134100

जैसे ही आप सांस लेते हैं, अपने आप को संजोएं। जैसे ही आप सांस छोड़ते हैं, सभी प्राणियों का सम्मान करें। -दलाई लामा

## संपादकीय

# शिक्षा के मानक

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग यानी यूजीसी उच्च शिक्षा में सुधार लाने के मकसद से नित नए प्रयोग करता रहता है और उसके प्रयोग जहां निश्चित रूप से शिक्षा का स्तर सुधारते हैं तो वहीं, इससे अध्ययनरत करोड़ों छात्रों को भी राहत मिलती रहती है। यूजीसी शिक्षा के मानक तय करता है। अब 12वीं की पढ़ाई करने के बाद स्टूडेंट्स ग्रेजुएशन के लिए किसी भी संकाय यानी स्ट्रीम में एडमिशन ले सकेंगे। यह संभव हो पाया है यूजीसी की वजह से। केंद्र सरकार का यह फैसला छात्रों के लिए बहुत लाभदायक हो सकता है। इससे छात्रों को अपनी रुचि और प्रतिभा के अनुसार विषय चुनने का अवसर मिलेगा। इस फैसले से छात्रों को विषय चयन की स्वतंत्रता मिलेगी और वे अपनी प्रतिभा को सबके सामने ला पाएंगे। छात्रों को बहुविषयक शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा, जिससे वे विभिन्न विषयों में ज्ञान प्राप्त कर सकेंगे। विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसर भी मिल सकते हैं, क्योंकि वे अलग-अलग विषयों में ज्ञान प्राप्त कर चुके होंगे तथा किसी एक विषय में महारत हासिल करने पर उनके लिए रोजगार की संभावनाएं और ज्यादा बढ़ जाएंगी। हालांकि, यह फैसला शिक्षा के स्तर पर भी असर डाल सकता है, क्योंकि इसके मार्ग में कुछ संभावित चुनौतियां भी आएंगी। छात्रों को अलग-अलग सब्जेक्ट्स में ज्ञान प्राप्त करने का अवसर मिलता है, तो सिलेबस की क्वालिटी पर भी असर पड़ सकता है।

इसलिए, यह फैसला छात्रों के लिए लाभदायक हो सकता है, लेकिन इसके क्रियान्वयन के लिए सावधानी से योजना बनानी होगी। नए नियम जारी कर यूजीसी ने छात्रों के लिए राहत के दरवाजे खोल दिए हैं। ग्रेजुएशन और पोस्ट ग्रेजुएशन डिग्री के लिए नए न्यूनतम मानक तय कर दिए गए हैं। छात्रों को कहीं से भी यह नहीं लगे कि यह नियम उनके लिए लाभदायक नहीं है, मसौदे में इस बात का पूरा ध्यान रखा गया है। नए नियम छात्रों को सिलेबस अपनाने संबंधी कई कड़े नियमों से राहत देकर आगे पढ़ाई जारी रखने के लिए काफी स्वतंत्रता देंगे। नियमों में विश्वविद्यालयों और संस्थानों को यह छूट भी दी गई है कि अकादमिक एवं ढांचागत सुविधाएं उपलब्ध होने की स्थिति में वे प्रवेश और निकास प्रावधानों के तहत ग्रेजुएशन स्तर पर दूसरे, तीसरे या चौथे साल में तथा पोस्ट ग्रेजुएशन स्तर पर दूसरे साल में भी छात्रों को दाखिला दे सकते हैं। आयोग ने छात्रों को यह छूट दी है कि वे ग्रेजुएशन और पोस्ट ग्रेजुएशन स्तर पर एक साथ दो विषयों के साथ दो संस्थानों में पढ़ाई जारी रख सकते हैं। केंद्र सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण योजनाएं शुरू कर रखी हैं जो छात्रों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने में मदद करती हैं। प्रधानमंत्री स्कॉलरशिप योजना उन छात्रों को स्कॉलरशिप प्रदान करती है जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं और उच्च शिक्षा प्राप्त करना चाहते हैं।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति शिक्षा के क्षेत्र में सुधार करने के लिए बनाई गई है, जिसमें शिक्षा के सभी स्तरों पर सुधार करने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। देश में डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए डिजिटल इंडिया अभियान शुरू किया गया है, जिसमें छात्रों को डिजिटल तकनीकों के बारे में जानकारी प्रदान की जाती है। इसके अलावा छात्रों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने के लिए स्मार्ट क्लासेज भी शुरू की गई हैं। इन योजनाओं के अलावा, केंद्र सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में कई अन्य महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं, जिनमें शिक्षकों के प्रशिक्षण, शिक्षा के बुनियादी ढांचे में सुधार और छात्रों के लिए स्कॉलरशिप और अन्य प्रोत्साहन शामिल हैं। यूजीसी भारत में उच्च शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। शिक्षा के मानकों का निर्धारण यूजीसी ही करता है। सिलेबस, एंट्रेंस टेस्ट और शिक्षकों की योग्यता का निर्धारण भी यूजीसी ही करता है। यूजीसी विश्वविद्यालयों और कॉलेजों को मान्यता प्रदान करता है, जो उन्हें उच्च शिक्षा प्रदान करने के लिए अधिकृत करता है। शोध और विकास को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों और योजनाओं का संचालन भी यूजीसी ही करता है। बहरहाल, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की सिफारिशों के अनुरूप तैयार किया गया यूजीसी रेगुलेशन-2024 का मकसद उच्च शिक्षा में जरूरी बदलाव लाना है, इसलिए इस बदलाव को सभी को स्वीकार करना चाहिए तथा इसमें और ज्यादा सुधार करने के लिए यूजीसी को सुझाव देने चाहिए।

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

# भारतीय क्रांतिकारी

जतींद्रनाथ मुखर्जी अथवा बाघा जतीनब्रिटिश शासन के खिलाफ एक बंगाली क्रांतिकारी थे। इनकी अल्पायु में ही इनके पिता का देहांत हो गया था। इनकी माता ने घर की समस्त जिम्मेदारी अपने ऊपर ले ली और उसे बड़ी सावधानीपूर्वक निभाया। जतींद्रनाथ मुखर्जी के बचपन का नाम 'जतींद्रनाथ मुखोपाध्याय' था। अपनी बहादुरी से एक बाघ को मार देने के कारण ये 'बाघा जतीन' के नाम से भी प्रसिद्ध हो गए थे। जतींद्रनाथ ब्रिटिश शासन के विरुद्ध कार्यकारी दार्शनिक क्रांतिकारी थे। वे 'युगांतर पार्टी' के मुख्य नेता थे। उस समय युगांतर पार्टी बंगाल में क्रांतिकारियों का प्रमुख संगठन थी। जतींद्रनाथ मुखर्जी का जन्म ब्रिटिश भारत में बंगाल के जैसोर में हुआ था। जतींद्रनाथ ने 18 वर्ष की आयु में मैट्रिक की परीक्षा पास कर ली और परिवार के जीविकोपार्जन हेतु स्टेनोग्राफी सीखकर 'कलकत्ता विश्वविद्यालय' से जुड़ गए। वह बचपन से ही बड़े बलिष्ठ थे। उनके विषय में एक सत्य बात यह भी है कि 27 वर्ष की आयु में एक बार जंगल से गुजरते हुए उनकी मुठभेड़ एक बाघ से हो गई। उन्होंने बाघ को अपने हंसिये से मार गिराया था। इस घटना के बाद जतींद्रनाथ बाघा जतीन के नाम से विख्यात हो गए थे। इसी बीच जतींद्रनाथ का शरीर भी गोलियों से छलनी हो चुका था। वह जमीन पर गिर गये। इस समय उन्हें प्यास लग रही थी और वे पानी मांग रहे थे। उनके साथी मनोरंजन उन्हें उठाकर नदी की ओर ले जाने लगा, तभी अंग्रेज अफसर किल्वी ने गोलीबारी बंद करने का आदेश दे दिया। गिरफ्तारी देते समय जतींद्रनाथ मुखर्जी ने किल्वी से कहा- 'गोली मैं और चित्तप्रिय ही चला रहे थे। मेरे बाकी के तीनों साथी बिलकुल निर्दोष हैं।'



जतींद्रनाथ मुखर्जी
जन्म : 7 दिसंबर, 1879
मृत्यु : 10 सितंबर, 1915

# क्षमा बहुत बड़ा संवेग जिसका जन्म क्रोध की समाप्ति से होता है

मन की वह भावना या वृत्ति जिससे मनुष्य दूसरे के द्वारा पहुंचाया हुआ कष्ट चुपचाप सहनकर लेता है, और कष्ट पहुंचाने वाले के प्रति मन में कोई विकार नहीं आने देता है ऐसे भाव को क्षमा कहते हैं 'कुछ इस तरह से जिंदगी को आसान कर दिया कुछ से मांग ली माफी और कुछ को माफ कर दिया' भले ही यह शब्द सुप्रसिद्ध लेखक गालिब द्वारा कहे गए शब्द हैं, परंतु जीवन यापन करने हेतु यह पंक्ति अत्यंत महत्वपूर्ण है इस पंक्ति का अनुसरण करके व्यक्ति न केवल दूसरे व्यक्तियों के साथ अपनी शत्रुता को कम करता है अपितु अपना जीवन भी शांत तरीके से जीता है।

अतः यह आवश्यक है कि सामाजिक समरसता स्थापित करने के लिए व्यक्ति को दूसरे व्यक्तियों के साथ सौहार्दपूर्वक व्यवहार करना चाहिए न कि शत्रुता पूर्वक। जितना हो सके मित्रता को बढ़ावा देना चाहिए तथा गलती होने पर माफी मांग लेनी चाहिए और किसी व्यक्ति से गलती हो जाए तो उसे माफ करने की क्षमता भी एक व्यक्ति में अवश्य ही होनी चाहिए। क्षमा एक ऐसा उपहार है जो हम खुद को देते हैं। कल्पना करें कि आपको चोट लगी है और फिर उस बात का अभ्यास करें जिससे आपको चोट लगी और फिर उस व्यक्ति को माफ कर दें जिसने आपको चोट पहुंचाई। क्षमा अपने आप में एक बहुत बड़ा सिद्धांत है,' क्षमा करने वाले के लिए क्षमा क्या है? क्षमा का मतलब अलग-अलग लोगों के लिए अलग-अलग होता है, लेकिन आम तौर पर, इसमें नाराजगी और क्रोध को छोड़ने का एक जानबूझकर किया गया निर्णय शामिल होता है। जिस कृत्य ने आपको चोट पहुंचाई या अपमानित किया, पीड़ा दी आपने न केवल उसे पीड़ा को सहन किया बल्कि जिस व्यक्ति ने आपको पीड़ा पहुंचाई, कष्ट दिया या अपमानित किया आपने उसे व्यक्ति को क्षमा कर दिया और उसे व्यक्ति को यह आजादी दी कि वह हमेशा आपके साथ रह सकता है।



लेखक : सुभाष चंद कासव
राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षक

क्षमा एक बहुत बड़ा सहनशील व्यवहार है जिसका जन्म करुणा, दया के उत्पन्न होने से तथा क्रोध की अंत से होता है जब तक व्यक्ति में क्रोध है तब तक दया का भाव मन में नहीं पनपता है। क्षमा का मतलब है, किसी के द्वारा किए गए अपराध या गलती के लिए, उसके प्रति क्रोध और भेदभाव को स्वेच्छा से खत्म कर देना। क्षमा के बारे में व्यापक तौर पर यह कहा जा सकता है कि क्षमा एक उपहार है जो हम खुद को देते हैं। क्षमा करने का मतलब है कि व्यक्ति प्रतिशोध और आक्रोश की भावना को छोड़ देता है। क्षमा की अवधारणा, दस पारंपरिक यमों (संयम) में से एक है। हिंदू धर्म में, ईश्वर की कृपा पाने के लिए भी क्षमा का अभ्यास किया जाता है। मनोवैज्ञानिकों के मुताबिक, क्षमा एक सचेत और जान-बूझकर लिया गया निर्णय होता है।



अमेरिकी संविधान में क्षमादान की शक्ति का मकसद, न्याय को दया के साथ संतुलित करना है। हालांकि हर प्रकार की गलती के लिए क्षमा नहीं किया जा सकता है और खासकर जब गलतियां अपराध की श्रेणी में आती हैं तो उन गलतियों के क्षमा करने का सवाल ही पैदा नहीं होता जैसी अगर कोई चोरी करते हुए पकड़ा जाता है, या फिर कोई किसी प्रकार का अनैतिक कार्य जिस व्यक्ति का कोई ऐसा अहित हो जाए जिसकी क्षति पूर्ति करना असंभव विज्ञानों का ही मुश्किल हो तथा वह कानून के दायरे में आता हो इस बात के लिए आवागमन की शक्ति किसी के पास भी नहीं क्योंकि इस दशा में कानून को अपना काम करना होता है।

अतः के क्षमा का प्रयोग किसी वैधानिक तौर तरीके से लिया जाए तो वह बात सही नहीं होगी। कहने का भाव यह है कि अगर गलती, अहित या फिर चोट लगने की व्याख्या के अंतर्गत क्षमा करने का अधिकार पूर्णतय उसे व्यक्ति के पास है जिसकी क्षति हुई है, परंतु की बार यह भी कानून के दायरे में क्षति करने वाले व्यक्ति को चाह कर भी क्षमा या माफ नहीं कर सकता है, इसलिए जितना हो सके व्यक्ति को गलतियां नहीं करनी चाहिए और क्षमा की आस में नहीं बैठना चाहिए, क्योंकि एक क्षमा का दायरा छोटे-मोटे बातों के हस्तक्षेप या फिर छोटी मोटी बात या मजाक तक ही सीमित है किसी आपराधिक कार्य को अंजाम देकर क्षमा की कामना नहीं करनी चाहिए, क्योंकि अपराध का संबंध सीधा -सीधा सजा से है जो भुगतनी ही पड़ती है मनुष्य के जीवन में क्षमा का बहुत बड़ा महत्व है। अगर कोई इंसान गलती कर दे और उसके लिए तुरंत माफी मांग ले तो सामने वाले का गुस्सा काफी हद तक दूर हो जाता है। क्षमा मांगना व्यक्तित्व का एक अच्छा गुण है। इसी तरह किसी को क्षमा कर देना भी अच्छे व्यक्तित्व की पहचान है। भावनात्मक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए क्षमा आवश्यक है। यह आपको नकारात्मक भावनाओं को दूर करने और सकारात्मकता के साथ आगे बढ़ने में मदद कर सकता है।

जब आप किसी को माफ करते हैं, तो आप अपनी भावनाओं पर नियंत्रण रखते हैं और दूसरे व्यक्ति को खुद पर नियंत्रण नहीं करने देते हैं जीवन में कई बार ऐसी स्थिति आती है जब हमें अपने गलतियों के लिए दूसरों से क्षमा मांगनी पड़ती है या फिर दूसरों की गलतियों को क्षमा करना पड़ता है। कई बार ऐसी स्थिति भी आती है जब हमें गलत नहीं होते हुए भी दूसरों से माफी मांगनी पड़ती है। बहरहाल, हमारे यहां क्षमा को वीरों का आभूषण कहा गया है। इसमें बहुत ताकत होती है। सही मायने में यह एक ईश्वरीय गुण है जो बहुत कम लोगों के भीतर पाया जाता है। प्रत्येक धर्म हमें दूसरों को क्षमा करना सिखाता है, क्योंकि इसे देने वाला और पाने वाला दोनों ही सुख उठाता है। क्षमा मनुष्य के लिए हमेशा लाभप्रद साबित होती है, जबकि इसके विपरीत क्रोध करने पर मनुष्य अपना अक्सर बड़ा नुकसान कर लेता है। वास्तव में क्षमा एक ईश्वरीय गुण है जो बहुत कम लोगों के भीतर पाया जाता है। प्रत्येक धर्म हमें दूसरों को क्षमा करना सिखाता है, क्योंकि इसे देने वाला और पाने वाला दोनों ही सुख उठाता है। क्षमा मनुष्य के लिए हमेशा लाभप्रद साबित होती है, जबकि इसके विपरीत क्रोध करने पर मनुष्य अपना अक्सर बड़ा नुकसान कर लेता है। शास्त्रों में कहा गया है कि क्षमा वीरस्य भूषण अर्थात क्षमा वीरों का आभूषण है। भले ही आप लोग अपने शरीर पर सोने के आभूषण धारण नहीं करो, लेकिन मन में क्षमा का आभूषण धारण कर लो तो जीवन आनंदमय हो जाएगा। रहीम जी ने भी क्षमा का बहुत ही सुंदर वर्णन किया है छिमा बड़न को चाहिए, छोटेन को उतपात। का रहिमन हरि को घट्यो, जो भृगु मारी लात॥

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## नजरिया

# कला और अध्यात्म के युगपुरुष-अछरू राम गौतम

हिमाचल प्रदेश के बहुमुखी कलाकार अछरू राम गौतम कला और अध्यात्म का प्रतीक हैं। 28 अगस्त 1938 को मंडी जिले में जन्मे गौतम का जीवन संघर्ष, प्रतिभा और प्रकृति एवं कला के प्रति गहन समर्पण की एक अद्भुत कहानी है। उनकी उपलब्धियां चित्रकला, मूर्तिकला, वास्तुकला और इंजीनियरिंग जैसे क्षेत्रों में फैली हुई हैं। वे एक कुशल बांसुरी वादक भी हैं। गौतम ने अपने जीवन में शुरुआती दौर में ही अनेक कठिनाइयों का सामना किया।

छह साल की उम्र में अनाथ हो गए गौतम को उनकी नानी ने रिवालसर, मंडी में पाला। बचपन से ही उनकी अद्वितीय कला प्रतिभा उभरने लगी थी। संसाधनों के अभाव में वे स्कूल जाते समय पत्थरों पर चित्र बनाते थे। गांव वालों द्वारा उनकी कला की प्रशंसा ने उन्हें चित्र बनाने और रेखांकन के प्रति प्रेरित किया। 1955 में गौतम ने पंजाब विश्वविद्यालय से मैट्रिक की परीक्षा उत्तीर्ण की और 1957 में आईटीआई मंडी से ड्राफ्ट्समैनशिप में डिप्लोमा प्राप्त किया। उन्होंने 1958 में हिमाचल प्रदेश बिजली बोर्ड में ड्राफ्ट्समैन के रूप में अपना करियर शुरू किया और 1996 में लारजी हाइड्रो प्रोजेक्ट से सहायक अभियंता के रूप में सेवानिवृत्त हुए।



लेखिका : दीपिका अरोड़ा
रिसर्च केंद्रीय विश्वविद्यालय

अपने पेशेवर जीवन की व्यस्तताओं के बावजूद, गौतम का कला के प्रति प्रेम कभी कम नहीं हुआ।



1958 से 1963 तक उन्होंने मंडी के दरबारी चित्रकार ज्वाला प्रसाद शर्मा और पंडित भिवानी दत्त के संरक्षण में प्रशिक्षण लिया।

उनका पहला कार्य एक आत्म-चित्र था, जिसने चित्रांकन और परिदृश्य चित्रण के प्रति आजीवन समर्पण की शुरुआत की। उनके उल्लेखनीय चित्रों में सिख गुरुओं के चित्र शामिल हैं, जो मंडी गुरुद्वारे की दीवारों पर सुशोभित हैं। उनका करियर हिमाचल प्रदेश के खूबसूरत स्थानों जैसे डलहौजी, शिमला और लाहौल-स्पीति तक फैला, जो उनकी कई उत्कृष्ट कृतियों के विषय बने। उनकी पेंटिंग शाशूर गोम्पा को हिमाचल प्रदेश के तत्कालीन राज्यपाल अमीन उद्दीन अहमद ने अधिग्रहित किया और भारत के राष्ट्रपति डॉ. संजीवा रेड्डी को प्रस्तुत किया। 1971 में उनकी राजनीतिक रूप से प्रेरित पेंटिंग बांग्ला मां पर क्रूरता तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को भेंट की गई, और इससे प्राप्त धनराशि बांग्ला फंड में दान की गई।

हालांकि, उनका राजनीतिक जुड़ाव विवादों से अछूता नहीं रहा। उनकी व्यंग्यात्मक कृति सीएम मेरी प्यारी कुर्सी के लिए उन्हें 1970 में 19 दिनों तक जेल में रहना पड़ा। गौतम का मानना था कि एक कलाकार को समाज में घटित घटनाओं पर प्रतिक्रिया देनी चाहिए और अपने काम के माध्यम से कुछ सकारात्मक योगदान देना चाहिए। राजनीतिक और सामाजिक विषयों के अलावा, गौतम परिदृश्य चित्रण, चित्रांकन और कैरिकेचर में भी माहिर हैं।

उनके कार्यों में प्रकृति से उनका गहरा संबंध झलकता है और वे रेखांकन को कला का आधार मानते हैं। उनके उल्लेखनीय कार्यों में पंचवक्त्र मंदिर और विक्टोरिया ब्रिज के साइट चित्रण शामिल हैं। कला के अलावा, गौतम का जीवन आध्यात्मिकता से परिपूर्ण है। अछरू राम गौतम का जीवन और कला संघर्ष, सृजन और भक्ति की अदम्य भावना का प्रमाण है।

(ये लेखिका के निजी विचार हैं)

## अपनी बात

हमारे हिंदू समाज में जहां कुत्ते को एक वफादार जानवर माना जाता था और गाय को एक माता के रूप में पूजा जाता था। आज बाकी जानवरों के मुकाबले इन्हीं की सबसे ज्यादा दहशत है। जहां किसी समय कुत्तों की वफादारी के उदाहरण दिए जाते थे, वहां आज वही वफादार जानवर एक हिंसक जानवर के रूप में उभर रहा है। वहीं गाय और सांड जो हिंदू समाज में किसी समय पूजनीय थे, आज हमारा समाज उन्हीं का बहिष्कार कर रहा है जो कि हमें ही महंगा पड़ रहा है। अधिकतर सड़क दुर्घटनाएं इन्हीं के कारण हो रही हैं और यह कहना गलत नहीं है कि इसमें कहीं न कहीं मानव का ही दोष है। आवारा जानवर जंगली जानवर नहीं हैं। वे जहां भी जाते हैं। वे घरेलू जानवरों के रूप में रहते हैं। आवारा जानवरों का मुख्य कारण परित्याग है, जिसके बाद उनके बीच अनियंत्रित प्रजनन होता है, जिसके परिणाम स्वरूप सड़क के जानवरों की अनेक पीढ़ियां बन जाती हैं। अमन, भड़वाल

# दशकों से रेल सेवा के इंतजार में सिरमौर की जनता

अगर हम देवभूमि हिमाचल प्रदेश में रेल जैसी सुगम एवं सस्ती सेवाओं का जिक्र एवं जानकारी लेने का प्रयास करें, तो निसंदेह बहुत ही दुख और चिंता के साथ कहना पड़ता है कि हिमाचल प्रदेश के कुछेक क्षेत्रों में जनता को रेल सेवा उपलब्ध हो रही है, जबकि हिमाचल प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में आजादी के इतने वर्षों बाद भी रेल सेवा उपलब्ध नहीं हो पा रही है, जिस रेल सेवा से जिला सिरमौर भी आजतक वंचित है, जबकि जिला सिरमौर के अंतराज्यीय सीमा जैसे यमुनानगर, देहरादून, अंबाला कैंट इत्यादि क्षेत्र की दूरी बहुत कम आंकी जाती है।

जानकारी अनुसार जिन क्षेत्रों में अनेक बार गुरु की नगरी पांवटा साहिब से यमुनानगर और देहरादून के लिए रेल सर्वे भी हो चुके हैं, परंतु किन्हीं कारणों से रेल सेवा में गति नहीं मिल पा रही है, तो वहीं दूसरी ओर जनप्रतिनिधियों पर भी कहीं न कहीं प्रश्न चिन्ह खड़े होते हैं कि जिला सिरमौर को रेल सेवा से जोड़ने के लिए उस स्तर से कार्य नहीं हुए जिस गंभीरता से होने चाहिए थे। जनता को केवल चुनाव के समय ही फिर से वही आश्वासन दिए जाते है और रेल सेवा मानों (सिरमौर की जनता के लिए जैसे एक सपना सा रह गया हो) तो वहीं जिस प्रकार हाल ही में देश की संसद लोकसभा में हिमाचल प्रदेश के नवनियुक्त सांसदों ने अपने अपने लोकसभा क्षेत्रों में रेल सेवा उपलब्ध करवाने एवं विस्तारीकरण का मुद्दा बड़े ही गंभीरता और बेबाकी के साथ उठाने का प्रयास किया जिसमें मंडी लोकसभा सांसद कंगना रनौत हो या फिर कांगड़ा के लोकसभा सांसद हों।



लेखक : हेमराज राणा
स्वतंत्र लेखक, सिरमौर

इसी परिप्रेक्ष्य में हम अपने शिमला लोकसभा सांसद से भी निवेदन और सुझाव देना चाहेंगे कि संसद में जिला सिरमौर में भी रेल सेवा उपलब्ध एवं रेल विस्तारीकरण पर भी केंद्र सरकार से पुरजोर तरीके से उठाने का प्रयास किया जाएं जिस प्रकार संसद में रेल मंत्री द्वारा रेल अमेंडमेंट बिल पेश किया गया, जिसमें सभी सांसदों को अपनी मांग एवं बात रखने की अनुमति दी गई।



इस प्रकार हिमाचल प्रदेश सरकार को भी केंद्र सरकार से जिला सिरमौर में रेल सेवा विस्तारीकरण की मांग फिर से गंभीरता से उठाने का प्रयास करें, ताकि भविष्य में जिला सिरमौर को भी सस्ती और सुगम रेल सेवा उपलब्ध हो सके, इसलिए आज हम सभी युवाओं एवं समाज का भी नैतिक कर्तव्य बनता है कि हम राजनीति से ऊपर उठकर क्षेत्र समाज की आवाज को किसी न किसी रूप से उठाने का प्रयास करें, ताकि सिरमौर में भी रेल सेवा जनता को मिलती रहें, जैसा कि विदित है कि रेल सेवा विस्तारीकरण का विशेषाधिकार केंद्रीय रेल मंत्री एवं केंद्र सरकार पर निर्भर करता है।

वहीं हम हिमाचल प्रदेश से संबंध रखने वाले केंद्र सरकार में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री आदरणीय जेपी नड्डा जी से भी निवेदन करते हैं कि जिला सिरमौर को भी रेल सेवा से जोड़ने का प्रयास करें, जो जिला सिरमौर दुर्गम क्षेत्रों में माना जाता है, इसलिए सिरमौर की जनता केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से उम्मीद एवं विश्वास करतीं हैं कि आप राजनीति से ऊपर उठकर हमारे जिले को भी रेल सेवा की सौगात मिले ऐसी अपेक्षा करते हैं, रेल सेवा विस्तारीकरण को लेकर समय समय पर स्थानीय सांसदों ने भी प्रयास किए हैं, परंतु इस क्षेत्र में अभी तक कोई जमीनी स्तर पर सकारात्मक कदम नहीं उठाए गए हैं। आधुनिकता के जिस दौर में जहां अन्य क्षेत्र विभिन्न विकासात्मक कार्यों में अग्रणी भूमिका में नजर आते हैं, तो वहीं जिला सिरमौर में अभी मानों मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं, जो एक चिंता का विषय है जिला सिरमौर में भी भविष्य में रेल जैसी सुगम एवं सस्ती सेवाओं का लाभ सिरमौर की जनता को भी उपलब्ध हो सके, जिसका सबसे ज्यादा लाभ आम आदमी और गरीब व्यक्ति को मिलता रहेगा, इस बात को सुनिश्चित करने और समझने की परम् आवश्यकता आज हम सभी सिरमौर वासियों को है, तो वहीं मीडिया बंधुओं से भी निवेदन एवं आग्रह रहेगा कि जिला सिरमौर के रेल विस्तारीकरण पर समय-समय पर जनता की आवाज सरकार प्रशासन और जनप्रतिनिधियों तक पहुंचाने का प्रयास करें, ताकि भविष्य में रेल सेवा की उम्मीद बनी रहें।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## अनमोल सीख

कविता



राकेश डोगरा

*निज स्वार्थ को छोड़ कर*
*परोपकार की ठानी तू,*
*सच्चाई की खातिर हंसते*
*दे देना कुर्बानी तू।*
*ईमानदारी से कंधा मिलाकर चलना अपनी चाल,*
*लालच के चक्कर में आकर मत करना बेईमानी तू।*
*हीरा जन्म अनमोल है इसे व्यर्थ मत खोना,*
*बद राहों पर चलकर दोस्त मत पाना बदनामी तू।*
*यह दुनिया है रंग-बिरंगी इसके रंग अनोखे हैं,*
*अढ़ाई अक्षर प्रेम के पढ़कर बन जाना महाज्ञानी तू।*
*'राकेश' यह जीवन छोटा सा*
*और इच्छाओं का अंत नहीं,*
*गुरुओं के उपदेश पर चलना*
*न करना मनमानी तू।*

पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री editoranantgyaan@gmail.com पर या व्हाट्सएप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।

# अपनी संस्कृति से विमुख होती जा रही युवा पीढ़ी

आज समाज में एक गंभीर समस्या धीरे -धीरे जड़े फैला रही जो समय के साथ-साथ गहरी होती जा रही है। आज हमारा देश का भविष्य किस ओर जा रहा है, यह सोचनीय विषय है। आज का युवा जो हमारे देश का कर्णधार व भविष्य है वह अपनी संस्कृति को भूलता जा रहा है उसका भविष्य कहां जा रहा है।

समाज में बहुत सी कुरीतियां जड़े फैला रही हैं जैसे नशाखोरी, गुंडागर्दी व सोशल मीडिया का दुरुपयोग जमकर हो रहा है जितनी सुविधाएं बढ़ी है उतनी ही संस्कृति पिछड़ी है। हालांकि ये कुरीतियां पुराने समय में भी व्याप्त थी, लेकिन सीमित थी। आज हेरोइन जो चिट्टा के नाम से प्रसिद्ध है भयानक रूप धारण कर रहा है जो विदेशों की देन है, हमारी पीढ़ी को बर्बाद कर रहा है। सामाजिक परंपराएं, मान्यताएं एवं नैतिक मूल्य लुप्त हो रहे हैं। आज हमारे भारतीय त्योहारों, रीति-रिवाजों का महत्व खो रहा है। युवा पीढ़ी ने आज हमारे धर्म के प्रति आस्था व संस्कृति और भाषा पर प्रश्न चिन्ह लगाना शुरू कर दिया है।



लेखक : चैन सिंह चंदेल
गांव जबलू, झंडूता

अन्य भाषाओं को शान समझते हैं। हम अपने से बड़ों का सम्मान नहीं कर रहे। जीने के तौर तरीके बदले हैं। शायद पश्चिमी सभ्यता के प्रचार और प्रसार का असर हो रहा है। पश्चिमी सभ्यता हमारी संस्कृति पर हावी हो रही है आज हम मात्र दिखावे की जिंदगी जी रहे हैं। आज समाज जितना अधिक साधन संपन्न हुआ है उतना ही व्यक्तिगत स्वार्थ तक ही सीमित हो गया है। जो हमारी भारतीय संस्कृति पर एक प्रश्न चिन्ह लगा रहा है कि ऐसा क्यों? चूक कहां हो रही है।



क्या इसके लिए हमारी शिक्षा व्यवस्था में विदेशी व्यवस्था की नकल या विदेशी भाषाओं को दिया जाने वाला महत्व, सोशल मीडिया पर दिखाई जाने वाली अश्लीलता, विज्ञान के द्वारा दी गई सुविधाएं या आवागमन के संसाधन उत्तरदायी है जिन्होंने हमारा जीवन सुगम बना दिया है या कोई अन्य कारण है। जितना अधिक शिक्षा का प्रसार हुआ हुआ उतना ही हम संस्कृति या धर्म से विमुख हुए हैं। ये परिवर्तन आकस्मात नहीं हुआ है शायद हमारी पीढ़ी ने बहुत तेजी से बदलाव देखा है जो किसी ने नहीं देखा। समाज में नशाखोरी, गुंडागर्दी व सोशल मीडिया का दुरुपयोग जमकर हो रहा है जितनी सुविधाएं बढ़ी है उतनी ही संस्कृति पिछड़ी है।

ऐसा नहीं कि इसका एहसास या ज्ञान नहीं है आज मीडिया का दौर है यदि सोशल मीडिया की तरफ देखें, तो देश भक्ति से और पितृ भक्ति से भरी हुई पोस्ट देखने को मिलेंगे ऐसा लगता है कि पूरी दुनिया में सुधार हुआ है, जो केवल सोशल मीडिया तक सीमित है हकीकत जिंदगी कुछ और है यह मात्र सोशल मीडिया तक सिमटी हुई रहती है और भरोसा खोती जा रही है। यदि समय पर नहीं संभले तो आने वाला समय भयानक हो जाएगा। यह एक चिंता का विषय है इस पर मंथन करना पड़ेगा। हमें अपने आप में सबसे पहले बदलाव करना होगा। चाटुकारिता से बाहर आना पड़ेगा सच और झूठ की पहचान कर सच का दामन पकड़ना पड़ेगा और सच्चाई का साथ देना होगा व्यवस्था में बदलाव लाना होगा अन्यथा आने वाला समय अकल्पनीय होगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बाबा ट्रेड इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### 17 को होगी जिला स्तरीय लोक नृत्य प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान, मंडी।** जिला भाषा अधिकारी मंडी प्रेमिला गुलेरिया ने बताया कि हिमाचल प्रदेश में समृद्धशाली सांस्कृतिक धरोहरों व लोक परंपराओं एवं सांस्कृतिक विधाओं के प्रोत्साहन तथा संरक्षण व संवर्धन के लिए भाषा एवं संस्कृति विभाग हिमाचल प्रदेश द्वारा हर वर्ष विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया जा रहा है। लोकनृत्य प्रतियोगिता में भाग लेने वाले दल, संस्थाएं, विद्यालय, महाविद्यालय के कलाकारों की वेशभूषा, गीत, वाद्य और नृत्य पारंपरिक व मंडी जिला से संबंधित होने चाहिए। लोकनृत्य प्रतियोगिता में मंडी जिले की लोक संस्कृति की झलक दिखाई देनी चाहिए। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले दलों में प्रतिभागियों की संख्या 20 से 22 होनी चाहिए तथा प्रस्तुति 12 से 15 मिनट होगी। इस लोक नृत्य प्रतियोगिता में भाग लेने वाले इच्छुक दल, संस्थाएं, विद्यालय, महाविद्यालय जिला भाषा अधिकारी कार्यालय संस्कृति सदन कांगणीधार में 17 दिसंबर को संपर्क कर सकते हैं।

### स्वयंसेवकों को दिया आपदा पर प्रशिक्षण



**अनंत ज्ञान, पधर।** आपदा जोखिम न्यूनीकरण व आपदा जोखिम से निपटने के लिए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण मंडी के सौजन्य से उपमंडल पधर में कार्यवाहक एसडीएम व तहसीलदार पधर डॉ. भावना वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न हुआ। प्रशिक्षण कार्यशाला में पधर उपमंडल की ग्राम पंचायत लटराण, धमच्याण, तरस्वाण और वरधान से आपदा प्रबंधन के लिए गठित टास्क फोर्स के लगभग 60 स्वयंसेवकों को आपदा से निपटने हेतु प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस अवसर पर कार्यवाहक एसडीएम ने कहा कि लोगों को जागरूक व प्रशिक्षित करके ही प्राकृतिक आपदा के प्रभावों को कम किया जा सकता है।

### एनएसयूआई ने निकाली जागरूकता रैली



**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई महाराजा लक्ष्मण सेन स्मारक महाविद्यालय सुंदरनगर इकाई के कार्यकर्ताओं ने पूर्व जिला उपाध्यक्ष अनित जसवाल की उपस्थिति में एनएसयूआई के प्रदेशव्यापी संकल्प नशा मुक्त अभियान के अंतर्गत एमएलएसएम कॉलेज सुंदरनगर से लेकर ललित चौक चतरोखड़ी तक जागरूकता रैली निकाली। एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी व प्रदेशाध्यक्ष अभिनंदन ठाकुर ने यह अभियान शिमला से शुरू किया था। एनएसयूआई सुंदरनगर इकाई इस अभियान के अंतर्गत अनेक गतिविधियां आयोजित की रही है। इसी कड़ी में एनएसयूआई सुंदरनगर के लगभग सौ कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को नशे के विरोध में जागरूकता रैली निकाली तथा नशे को समाप्त करने के पक्ष में नारेबाजी की तथा लोगों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया।

### किसानों ने सीखी वर्मीकंपोस्टिंग तकनीक



**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** कृषक प्रशिक्षण केंद्र सुंदरनगर में वर्मीकंपोस्टिंग, प्राकृतिक खेती, मोटे अनाज और इसके व्यंजनों पर किसानों की क्षमता निर्माण पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विकास खण्ड सुंदरनगर के 35 किसानों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान कृषक प्रशिक्षण केंद्र सुंदरनगर के प्रधानाचार्य डॉ. प्राची ने वर्मीकंपोस्टिंग, प्राकृतिक खेती, बाजरा और इसके व्यंजनों पर किसानों की क्षमता निर्माण और उनके महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण में डॉ. मीना ने सामान्य और विदेशी सब्जियों को किस तरह और किस मौसम में उगाया जा सकता है तथा उपप्रधानाचार्य हितेंद्र सिंह ने प्राकृतिक खेती का महत्व और सभी प्रकार की फसलों को प्राकृतिक विधि द्वारा कैसे तैयार किया जाएगा इसके बारे विस्तृत जानकारी दी।

### पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में वेदिका व मोनिका प्रथम



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** रविंद्र नाथ टैगोर राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट में एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन के मुख्यातिथि कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आरआर कौंडल रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ शुरू हुई। प्राचार्य डॉ. आरआर कौंडल ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारत की विविधता में एकता को प्रकट करना और हिमाचल प्रदेश तथा केरल की समृद्ध सांस्कृतिक, सामाजिक, और राजनीतिक धरोहर से विद्यार्थियों को परिचित कराना है। इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, और तृतीय स्थान पर क्रमशः वेदिका, मोनिका एवं नेहा और पूजा एवं पल्लवी रही।

### सुरक्षा बीमा के तहत 2 लाख रुपए का किया भुगतान



**अनंत ज्ञान, मंडी।** ग्राम पंचायत सेगली के अंतर्गत गांव बागी के निवासी उद्दे राम की मृत्यु हो जाने के कारण उनकी पत्नी हेमलता को ग्रामीण बैंक, कटौला की ओर से दो लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की गयी है। हेमलता को यह राशि मृतक द्वारा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत वार्षिक मात्र 20 रुपए का बीमा करवाए जाने के कारण मिली है। ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक अमित वर्मा ने बताया कि उद्दे राम की मृत्यु 17 सितंबर को करंट लगने से हो गई थी। उन्होंने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत अपना बीमा करवाया हुआ था। इस बीमा योजना की वार्षिक किस्त मात्र 20 रुपए है। इसी योजना के तहत 2 लाख की बीमा राशि उद्दे राम की पत्नी हेमलता को मिली है।

### ऊहल परियोजना का 7 से वाटर टेस्टिंग शुरू

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** प्रदेश की महत्वाकांक्षी 100 मेगावाट ऊहल तृतीय परियोजना के चुल्ला लडभड़ोल स्थित रिजर्वायर और पेन स्टॉक में 7 दिसंबर, शनिवार से वाटर टेस्टिंग का कार्य आरंभ किया जाएगा। पेन स्टॉक का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, और अब जल भराव परीक्षण अगले 7 दिनों तक चलेगा। अतिरिक्त अधीक्षण अभियंता मंडल नंबर 1, चुल्ला, धीरज ठाकुर ने जानकारी दी कि यह परीक्षण पूरी सुरक्षा के साथ किया जाएगा ताकि कर्मचारियों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि यह प्रक्रिया परियोजना के सही ढंग से संचालन सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है। धीरज ठाकुर ने क्षेत्रीय जनता से अपील की है कि वे ऊहल तृतीय विद्युत परियोजना के पेन स्टॉक और सर्च शाफ्ट के आसपास न जाएं। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे अपने पशुओं और मवेशियों को भी इन क्षेत्रों से दूर रखें। यह परियोजना प्रदेश के ऊर्जा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम है और इसके सफल संचालन से क्षेत्र में विकास और ऊर्जा उत्पादन में बढ़ोतरी की उम्मीद है।

### नशाखोरी पर नकेल कसने को बनाई कमेटी

**अनंत ज्ञान, कोटली।** तुंगल क्षेत्र में नशे के बढ़ती नशाखोरी के प्रचलन पर अंकुश लगाने हेतु एक बैठक उपमंडल अधिकारी - ना० असीम सूद की अध्यक्षता में की गई। इसमें पंचायतों के प्रतिनिधि, जन संगठनों के पदाधिकारी, समाजसेवी तथा सरकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। उपमंडल अधिकारी-ना. असीम सूद ने कहा कि क्षेत्र में युवाओं के अंदर नशाखोरी को लेकर विभिन्न माध्यमों से लगातार उनके पास अनेकों शिकायतें हैं पहुंच रही थी। तहसील कल्याण कार्यालय के सरला शर्मा ने कहा कि उपमंडल अधिकारी की अध्यक्षता में एक समिति गठित की जाएगी जिसमें स्वास्थ्य विभाग, पुलिस तथा समाज के जागरूक नागरिकों को शामिल किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह समिति नशे में लिप्त पाए जाने वाले लोगों पर कड़ी नजर रखेगी।

### जोगिंद्रनगर में बनेंगे विकलांग प्रमाण पत्र

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** सिविल अस्पताल जोगिंद्रनगर में शनिवार को विकलांग प्रमाण पत्र बनवाने के लिए एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया जाएगा। अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. रोशन लाल कौंडल ने बताया कि यह शिविर सुबह 10 बजे से शुरू होगा। उन्होंने पात्र लाभार्थियों से अपील की है कि वे समय पर शिविर में पहुंचकर प्रमाण पत्र बनवाने की प्रक्रिया पूरी करें। शिविर का उद्देश्य विकलांग व्यक्तियों को सुविधा प्रदान करना और उन्हें प्रमाण पत्र जारी करना है, जो विभिन्न सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ उठाने में सहायक होगा।

---

### नगर निगम की टीम ने सुबह 5 बजे बाजार से उठाया अतिक्रमणकारियों का सामान

# रेहड़ी-फड़ी यूनियन ने किया प्रदर्शन

**पुष्पराज, मंडी**







सुबह 5 बजे सामान उठाती नगर निगम की टीम व निगम कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते यूनियन के सदस्य।

शुक्रवार सुबह 5 बजे के करीब नगर निगम की अतिक्रमण नियंत्रण दल द्वारा चौहट्टा बाजार में अतिक्रमण पर कार्रवाई की गई, जिससे गलियों और रेहड़ी-फड़ी वाले अनाधिकृत रूप से बैठने वालों का सामान जब्त किया।

टीम के प्रमुख सतीश गुलेरिया का कहना है कि कई बार समझाने के बाद भी न मानने पर यह कार्रवाई की गई जिसमें 10 से 12 लोगों का करीब एक टिपर सामान जब्त किया गया, लेकिन इस बात पर गुस्साएं रेहड़ी-फड़ी धारकों ने सीटू के बैनर तले शहर में नगर निगम के प्रति रोष व्यक्त करने के लिए धरना प्रदर्शन पर उतर आए और महामृत्युंजय चौक से लेकर नगर निगम कमिश्नर कार्यालय के बाहर तक रैली निकाली और कमिश्नर के खिलाफ खूब नारे बाजी कि और सामान को वापस करने, नुकसान की भरपाई करने के लिए खूब गरजते रहे।

वहीं अपना पक्ष रखते हुए रेहड़ी-फड़ी यूनियन के सचिव प्रवीण कुमार ने बताया कि नगर निगम के कर्मचारियों द्वारा हमारे वेडिंग जॉन डाकखाना रोड़ से फल व सब्जियां नगर निगम के कर्मचारी उठाकर ले गए हैं। उसके विरोध में हमने एक शिकायत पत्र पुलिस चौकी में दिया है और उसके तहत हमने छानबीन की और साइबर क्राइम से हमें पता लगा कि नगर निगम के ही अधिकारियों के कहने पर नगर निगम कर्मचारी ने फल व सब्जियां उठाकर ले गए। इसके विरोध में रेहड़ी-फड़ी यूनियन को एक धरना प्रदर्शन नगर निगम के बाहर करना पड़ा।

यह धरना तब तक जारी रहेगा जब तक नगर निगम के कमिश्नर एच एस राणा रेहड़ी-फड़ी वालों के फल व सब्जियां देने के आर्डर नहीं करते हैं और साथ में जो नुकसान हुआ है उसकी भरपाई नहीं करते यह प्रदर्शन तब तक जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि नगर निगम को यह चेतावनी भी देना चाहते हैं कि आए दिन अगर नगर निगम अपनी मर्जी से रेहड़ी-धारकों पर कार्रवाई करती रहती है।

यह कार्रवाई बंद नहीं की तो आने वाले समय में यूनियन आंदोलन को तेज करेगी। उन्होंने आरोप लगाए की नगर निगम के द्वारा जो टीवीसी की बैठक में जो फैसले लिए जाते हैं उन्हें लागू नहीं करते हैं और जो मनमाने से फैसला हैं उन्हें रात के अंधेरे में ही उन्हें लागू कर देते हैं। उन्होंने कहा की नगर निगम कमिश्नर का जो रवैया है युनियन इसके खिलाफ आने वाले समय में मजबूत आंदोलन खड़ा करेगी और जो लंबित मांगे हैं उन्हें पूरा करने के लिए प्रशासन पर दबाव बनाएगी। (अनंत ज्ञान)

> वेंडिंग जोन पोस्ट ऑफिस के समीप है लेकिन रोजाना बार-बार मना करने पर भी लोग नहीं मानते हैं जिसे देखते हुए कार्रवाई के आदेश देने पड़े। जो सामान जब्त किया गया था उसे उक्त रेहड़ी धारकों को चेतावनी देकर वापस दे दिया गया है और लाइसेंस धारक ही उक्त स्थान पर बैठे यदि लाइसेंस धारक वेंडिंग जोन से स्थानांतरित होते हैं तो उनके लाइसेंस रद्द किए जाएंगे। यदि उसके बाद भी अतिक्रमण होता है तो सख्त कार्रवाई आगे से अमल में लाई जाएगी।
>
> **एचएस राणा, आयुक्त नगर निगम मंडी।**

---

# मंडी में लगाई जाए डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर की प्रतिमा : चमन राही



डॉ. अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर चर्चा करते हुए।

**अनंत ज्ञान, मंडी**

संविधान निर्माता भारत रत्न विश्वरत्न बोधिसत्व डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस की पुण्यतिथि पर गांधी भवन मंडी में श्रद्धांजलि व उनकी याद में नगर निगम पार्षद योगराज योगा की अध्यक्षता में संगोष्ठि का आयोजन किया गया।

इस मौके पर दलित पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद के महासचिव एवं राज्य प्रवक्ता चमन राही ने बतौर मुख्यातिथि व तेजलाल ने बतौर विशेष अतिथि के रूप में शिरक्त की। संगोष्ठी में वाल्मीकि समाज सुधार समिति अध्यक्ष चंद्रवीर कागरा ग्राम पंचायत प्रधान गोविंद वर्धन आदि ने बाबा साहेब के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया और उनके महापरिनिर्वाण दिवस पर सभी राजनीतिक दलों से राष्ट्र निर्माण और सामाजिक बुराइयों को खत्म करने के लिए प्रतिबद्धता जताई। चमन राही ने कहा कि इसी वर्ष सभी धर्मों के पदाधिकारियों को गांधी भवन बुलाकर बैठक की जाएगी।

उन्होंने मांग की कि न्यायालय परिसर में डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा 14 अप्रैल जयंती समारोह से पहले लगाने के लिए एक प्रतिनिधिमंडल डीसी के माध्यम से मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन भेजा जाएगा।

### रोगी कल्याण समिति पधर का 33 लाख का बजट पास

**पधर।** रोगी कल्याण समिति नागरिक चिकित्सालय पधर की बैठक तहसीलदार डॉ. भावना वर्मा की अध्यक्षता में पंचायत समिति भवन में आयोजित की गई। बैठक में अस्पताल की व्यवस्थाओं को बेहतर करने सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर सदस्य सचिव रोगी कल्याण समिति डॉ. विनय कुमार ने वित्तीय वर्ष 2023-2024 का आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने इसका अनुमोदन किया। वित्तीय वर्ष 2024-2025 के लिए नागरिक अस्पताल पधर में विभिन्न कार्यों के लिए 33 लाख का बजट प्रस्तुत किया गया। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा बजट पास किया गया।

---

### विद्युत उपभोक्ता 25 तक करवाएं ई-केवाईसी

**पधर।** सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल पधर नितिन चंदेल ने बताया कि विद्युत उपमंडल पधर के अंतर्गत आने वाले घरेलू और व्यावसायिक उपभोक्ताओं के विद्युत मीटर संख्या को उपभोक्ता के आधार कार्ड से जोड़ने की ई-केवाईसी प्रक्रिया एचपीसईबील द्वारा शुरू की गई है।

उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से अपील की कि 25 दिसंबर तक ई-केवाईसी करवाना सुनिश्चित करें। उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए ई-केवाईसी की प्रक्रिया पंचायत घरों में भी करवाई जाएगी। उपभोक्ताओं को ग्राम पंचायत प्रधान द्वारा समय पर अवगत करवा दिया जाएगा।

### बैंकॉक से लौटे मेयर वीरेंद्र भट्ट

**अनंत ज्ञान, मंडी**



बैंकॉक में कार्यक्रम के दौरान सम्मान प्राप्त करते वीरेंद्र भट्ट।

एशिया पेसिफिक मेयर अकेडमी द्वारा बैंकॉक में आयोजित कार्यक्रम में हिमाचल और भारत को रिप्रेजेंट करने के लिए मंडी के मेयर वीरेंद्र भट्ट शर्मा वीरवार देर शाम घर पहुंचे। वहीं बैंकॉक में उनका कैसा अनुभव रहा इस बारे में मीडिया से अनौपचारिक बातचीत के दौरान बताया कि यह कार्यक्रम पूरी तरह से एशिया पेसिफिक मेयर अकेडमी द्वारा प्रायोजित था और वहां पर विभिन्न देशों से मेयर भी पहुंचे थे।

उन्होंने बताया कि पिछले दिनों जो भी कार्य नगर निगम मंडी द्वारा किए गए और जो आगे किए जानें है उनका ब्योरा लिंक के माध्यम से दिया था जिसके आधार पर उनके द्वारा नगर निगम मंडी का चयन किया गया।

उन्होंने बताया कि कार्यों को करने में आ रही चुनौतियों और लोगों के सहयोग पर भी चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि एक वार्ता के लिए अमेरिका से भी निमंत्रण आया है लेकिन वहां जाने के लिए 8 लाख का खर्च होगा जिसको देखते हुए वहां जाना संभव नहीं है।

### एसपीयू और एनआईटी टीटीआर में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



हस्ताक्षर के दौरान दोनों संस्थानों के पदाधिकारी।

सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी और राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (एनआईटी टीटीआर) चंडीगढ़ ने शिक्षक प्रशिक्षण, क्षमता निर्माण और कौशल विकास में सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

इस समझौते पर सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी के कुलपति प्रो. ललित कुमार अवस्थी और राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान चंडीगढ़ के निदेशक प्रो. भोला राम गुर्जर ने हस्ताक्षर किए। इस समझौते का उद्देश्य शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाना और शिक्षकों और छात्रों के बीच पेशेवर उत्कृष्टता को बढ़ावा देना है। यह समझौता ज्ञापन शिक्षकों और छात्रों के लिए विशेष कार्यशालाओं, सेमिनारों और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आयोजन की नींव रखता है। प्रो. अवस्थी ने कहा कि दोनों पक्ष शिक्षण सीखने और शोध वातावरण को बढ़ाने के लिए एक-दूसरे की विशेषज्ञता का उपयोग करेंगे।

#### समझौता ज्ञापन की विशेषताएं

शिक्षकों को नए जमाने की शिक्षण तकनीकों के अनुकूल बनाने में मदद करने के लिए कौशल-संवर्द्धन कार्यशालाओं और प्रमाणन पाठ्यक्रमों का आयोजन करना। छात्रों को तकनीकी और पेशेवर दक्षताओं से लैस करने के लिए इंटरैक्टिव सत्र और करियर-केंद्रित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करना।

शिक्षा, शिक्षण और प्रौद्योगिकी एकीकरण के क्षेत्र में सहयोगी अनुसंधान को बढ़ावा देना। संकाय और छात्रों के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं और नवाचारों को साझा करने के लिए विनिमय कार्यक्रमों की सुविधा प्रदान करना। इस अवसर पर प्रो. सी राम कृष्णन डीन एडमिन और प्रो. मैत्रेयी दत्ता सहित आदि मौजूद थे।

---

### सेवादारों से न धुलवाए जाएं जूठे बर्तन : भुट्टू

**अनंत ज्ञान, मंडी**



ज्ञापन सौंपते हुए संघ के पदाधिकारी।

राज्य स्तरीय चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी महासंघ का एक प्रतिनिधिमंडल उप निदेशक उच्च शिक्षा मंडी से प्रदेशाध्यक्ष भुट्टू राम की अध्यक्षता में मिला। इसमें कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। संघ ने उप निदेशक को अपनी समस्या से अवगत करवाया।

संघ ने कहा कि सेवादारों से जूठे बर्तन धुलवाना व शौचालय साफ करवाना और प्रतिपूरक अवकाश भी नहीं दिया जा रहा है। भुट्टू ने बताया कि इस पर उपनिदेशक ने आश्वासन दिया कि जल्द ही समस्या का समाधान कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मंडी जिला में कुछ पाठशालाएं ऐसी भी हैं जहां सेवादारों से शौचालय साफ करने को कहा जा रहा है और झूठे बर्तन धुलवाए जा रहे हैं। इस मौके पर संघ के प्रदेशाध्यक्ष भुट्टू राम, हेमसिंह, रविंद्र, पृथ्वीराज, लालचंद, पवन कुमार, मखन लाल, सरिता देवी आदि ने भाग लिया।

### मस्जिद के पास गंदगी से भरा नाला

**भीम बसेड़ू, महादेव**



नाचन क्षेत्र की ग्राम पंचायत डुगराई के एक बड़े भाग में स्वच्छता अभियान के राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम को ठेंगा दिखाए जाने का सिलसिला जारी है जो चिंता की बात इसलिए है क्योंकि धार्मिक दृष्टि से पावन कहे जाने वाले गंगयाहल नाला जो गांव डुगराईं की मस्जिद के पास से बहता है जो गंदगी से भरा हुआ है। नाले का एक बड़ा भाग नहरीकरण की तर्ज पर पक्का बनाया तो जरूर गया है मगर इसमें मिट्टी-मलबा डाले जाने सहित विभिन्न तरह का कूड़ा देखा जा सकता है।

किसी भयंकर बीमारी के फैलने से आशंकित डुगराईं निवासी जमीर ने चिंतित हालत में बताया कि वह नाले से सटी जमीन पर मकान बना रहा है मगर उसके यहां नाले के अंदर कूड़ा आदि डाला जा रहा है ऐसे में हवा खराबी से वह भारी परेशानी झेल रहा है।

स्थानीय निवासी ने संबंधित विभाग व प्रदेश सरकार से पुरजोर मांग करते हुए कहा कि शीघ्र ही इस संबंधी कार्रवाई की जाए।

### पारंपरिक खेल पच्चीसी का होगा आगाज

**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर**



मंडी के लिए एक बड़ा गौरव का क्षण आने वाला है। जिले के सुंदरनगर से भारत में पारंपरिक खेल के आगाज होने जा रहा है। इसके अंतर्गत राष्ट्रीय पच्चीसी खेल प्रतियोगिता का आयोजन सुंदरनगर में 10 से 12 जनवरी तक किया जाएगा। इससे पूर्व प्रतियोगिता के लिए चयनित होने वाली हिमाचल प्रदेश की टीम के चयन के लिए ट्रायल और प्रशिक्षण शिविर सुंदरनगर में ही लगेगा।

हिमाचल प्रदेश पच्चीसी खेल संघ के अध्यक्ष संजय कुमार ने सुंदरनगर में कहा कि पूरे भारत में हिमाचल से पचीस खेल का आगाज होने जा रहा है। पचीसी खेल एक पारंपरिक भारतीय बोर्ड गेम है। इस खेल को दोबारा से जीवित करने के प्रयास किए जा रहे है, जिससे पच्चीसी खेल का अपना वजूद एक बार फिर जीवित किया जा सके।

प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार ने कहा कि प्रतियोगिता के शुभारंभ पर भारतीय पच्चीसी खेल महासंघ की राष्ट्रीय अध्यक्ष महारानी परनीत कौर मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगी, जबकि अंतरराष्ट्रीय संघ के महासचिव पीएस बराड़ विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे।

---

### बालीचौकी में 8 को बंद रहेगी बिजली

**बालीचौकी।** विद्युत उपमंडल बालीचौकी के अंतर्गत आने वाले अनुभाग बालीचौकी के स्थानीय बाजार के अलावा शलयाउड़ी, हुरला, फगवाना, चकूरठा, कोटला, धाराखरी, भुराह, सुनारु, देवधार, खलाओ व आसपास के क्षेत्रों में 8 दिसंबर को सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक बिजली बाधित रहेगी।

विद्युत विभाग बालीचौकी के सहायक अभियंता विशाल कुमार ने बताया कि 11 केवी लाइन में आवश्यक रखरखाव के चलते बिजली बंद रहेगी। विभाग ने सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

## पानी के बिलों में वृद्धि पर जनता का आक्रोश

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर**



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते गणमान्य।

नगर परिषद जोगिंद्रनगर के प्रतिनिधियों ने कार्यकारी एसडीएम डॉ. मुकुल अनिल शर्मा के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपते हुए शहरी क्षेत्रों में पानी के बिलों में तीन गुना वृद्धि के खिलाफ कड़ा विरोध जताया। इस दौरान नगर परिषद की अध्यक्षा ममता कपूर, उपाध्यक्ष अजय धरवाल, पूर्व अध्यक्ष एवं पार्षद राजीव कुमार, और पार्षद शीला देवी मौजूद रहे।

प्रतिनिधियों ने ज्ञापन में मांग की कि महंगाई के दौर में प्रदेश सरकार द्वारा शहरी क्षेत्रों में पानी के बिलों में की गई वृद्धि जनता के लिए असहनीय है। पहले तीन महीने का पानी का बिल लगभग 710 रुपये आता था, जो अब बढ़कर 1710 रुपये तक पहुंच गया है। कई उपभोक्ताओं को तो हजारों रुपए के बिल थमाए गए हैं। ज्ञापन में नगर परिषद की वित्तीय स्थिति पर भी चिंता जताई गई। बताया गया कि प्रदेश सरकार द्वारा विकास कार्यों के लिए ग्रांट नहीं मिलने से न केवल विकास कार्य बाधित हो रहे हैं, बल्कि कर्मचारियों के मासिक वेतन का भुगतान भी अटक गया है।

#### नगर परिषद ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

आक्रोशित जनता और नगर परिषद के प्रतिनिधियों ने घोषणा की है कि आगामी बुधवार को जल शक्ति विभाग और उपमंडलाधिकारी कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस प्रदर्शन के माध्यम से बढ़े हुए पानी के बिलों और कर्मचारियों की लंबित वेतन समस्याओं का समाधान करने की मांग की जाएगी।

### दिव्यांगों ने उठाई पेंशन बढ़ोतरी की मांग

**अनंत ज्ञान, मंडी**



हिमाचलय दिव्यांग कल्याण संस्था ने मुख्यमंत्री सुक्खू से दिव्यांगों की पेंशन में बढ़ोतरी की मांग उठाई है। संस्था का कहना है कि जब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी थी तो सीएम सुक्खू ने हिमाचल के दिव्यांगों की पेंशन में बढोतरी करने का वादा किया था। लेकिन सीएम सुक्खू ने अभी तक इस वादों को पूरा नहीं किया है। मंडी में पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन के बैनर तले संस्था ने यह मांग उठाई है। वहीं पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन ने सीएम का 21 में से 3 अंतर्राष्ट्रीय पैरा खिलाड़ियों को पुरस्कार राशि देकर नवाजने के लिए आभार भी जताया।

एसोसिएशन की सचिव हेमलता पठानिया ने बताया कि हिमाचल प्रदेश में पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन वर्ष 2024 से कार्य कर रही है।

---


**सफलता** मंडी के लिए गौरव, ढाबन गांव के किसान ने सब्जी उत्पादन में बनाई पहचान

# किसान जयराम को मिला जिला स्तरीय मिलेनियर फार्मर अवार्ड

**उमेश, सुंदरनगर**

जिला मंडी के उपमंडल बल्ह के ढाबन गांव से संबंधित प्रगतिशील किसान जय राम सैनी को भी सब्जी उत्पादन खासतौर पर टमाटर उत्पादन में बेहतरीन कार्य करने के लिए जिला स्तरीय मिलेनियर फार्मर अवार्ड-2024 से सम्मानित किया गया है। कृषि जागरण द्वारा उन्हें प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

गौरतलब है कि कृषि जागरण और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा संयुक्त रूप से मिलेनियर फार्मर ऑफ इंडिया-2024 पुरस्कार समारोह का आयोजन भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान पूसा नई दिल्ली में किया गया था। जय राम सैनी जिला मंडी के टमाटर उत्पादन के एक अग्रणी किसान हैं जिन्हें करोड़पति टमाटर उत्पादक के नाम से भी जानते हैं। सैनी कई वर्ष से निरंतर टमाटर का उत्पादन कर रहे हैं। इससे पूर्व भी जय राम सैनी को टमाटर उत्पादन में उत्कृष्ट कार्य के लिए कृषि जागरण, चौधरी सरवन कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर व अन्य संस्थाओं द्वारा भी सम्मानित किया जा चुका है।





#### कृषि विज्ञान केंद्र से जुड़े किसान



कृषि विज्ञान केंद्र मंडी स्थित सुंदरनगर के प्रभारी व वरिष्ठ वैज्ञानिक डा. पंकज सूद ने बताया कि जय राम सैनी कृषि विज्ञान केंद्र से पिछले कई वर्ष से जुड़े हुए हैं और वैज्ञानिकों के परामर्श से टमाटर की उन्नत खेती कर रहे हैं।

डॉ. पंकज सूद ने जय राम सैनी की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की और उन्हें शुभकामनाएं दी है। साथ ही उन्होंने अन्य किसानों से अपील की है कि वे जय राम सैनी से प्रेरणा लेकर वैज्ञानिक तरीके से सब्जियों की खेती के लिए आगे आएं और कृषि विज्ञान केंद्र से जुड़कर अपनी आमदनी में इजाफा करें। (अनंत ज्ञान)



## न्यूज ब्रीफ

### नशे के दुष्प्रभावों को लेकर जानकारी दी



**अनंत ज्ञान, ऊना।** राजकीय उच्च विद्यालय लोअर बसाल में बच्चों को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के संबंध में जागरूक किया गया। रिसोर्सपर्सन सेवानिवृत्त प्रवक्ता सतीश शर्मा ने बच्चों को नशा क्या होता है, इसके हमारे शरीर पर क्या प्रभाव पड़ते हैं, यदि कोई बच्चों नशे की चपेट में आ गया है तो इससे बचने के क्या उपाय हैं, इस संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

### डॉ. अंबेडकर का परिनिर्वाण दिवस मनाया



**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** बाथड़ी से सटे श्री गुरु रविदास ऐतिहासिक अमृत कुंड चरण छोह गंगा खुरालगढ़ साहिब में भारत रत्न संविधान निर्माता बाबा साहिब डॉ. भीमराव अंबेडकर का परिनिर्वाण दिवस मनाया गया, जिसकी अध्यक्षता खुरालगढ़ साहिब के प्रधान संत सुरिंद्र दास ने श्रद्धालुओं सहित बाबा साहिब की प्रतिमा पर अपनी श्रद्धा के फूल अर्पित कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर संत सुरिंद्र दास ने कहा कि बाबा साहिब ने पढ़ो जुड़ो संघर्ष का नारा दिया था। उन्होंने कहा सबसे पहले हमें अपने बच्चों पढ़ा लिखाकर एक अच्छे काबिल इंसान बनाना है, इसके बाद हमे हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए संघर्ष करना होगा, तब जाकर हम सफलता की सीढ़ी चढ़ सकते हैं। इस अवसर पर दयाल चंद बंगा, संत निरंजन दास, संत गिरधारी लाल, जगदीश दिस्सा, काला सहित अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे।

### साहित्यकारों ने ऊना में मनाई यशपाल जयंती



**अनंत ज्ञान, ऊना।** भाषा विभाग व ज़िला ऊना की पंजीकृत साहित्यिक संस्था 'दर्पण' द्वारा शुक्रवार को ज़िला स्तरीय यशपाल जयंती समारोह का आयोजन संयुक्त रूप से ऊना के डीआरडीए सभागार में किया गया। कार्यक्रम में ज़िला के भिन्न-भिन्न भागों से आए तीस साहित्यकारों ने कविता पाठ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला भाषा अधिकारी नीलम चंदेल की जबकि मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ साहित्यकार प्रकाश चन्द मैहरम ऊनवी ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज करवाई। भाषा अधिकारी ने यशपाल द्वारा हिंदी साहित्य को समृद्ध करने को लेकर किए गए सृजन का विस्तार से उल्लेख किया। इस अवसर पर दर्पण संस्था द्वारा ज़िला के वरिष्ठ साहित्यकार 95 वर्षीय प्रकाश चंद मैहरम ऊनवी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अग्रवर्णित कवियों/लेखकों ने प्रभावी रचनाएं प्रस्तुत कीं जिनमें प्रकाश चंद मैहरम ऊनवी, कुंदन लाल शर्मा, राम पाल शर्मा 'घायल', रचना रानी, अनिल कुमार जसवाल, दीपक शर्मा, संतोष शर्मा, डॉ.जय अनजान, अशोक कालिया, कुलदीप शर्मा, डॉ. बालकृष्ण सोनी, रजनीकांत शर्मा, राम किशन भट्टी, ओम देवी सैनी, सूरम सिंह, राजीव शर्मन, ओम प्रकाश शर्मा, तरुण जोशी, देवराज हीरा, राम प्रकाश, पुष्पा देवी, किशोरी लाल बैंस, चरणजीत चन्नी बिस्मिल शामिल रहे।

### पूर्व नौसैनिक 15 को चताड़ा मोड़ में मनाएंगे नौसेना दिवस

**अनंत ज्ञान, ऊना।** 'नौसेना दिवस' 15 दिसंबर को त्रिशमा रिजोर्ट चताड़ा मोड़ ऊना में पूर्व नौ सैनिकों द्वारा परिवार सहित मनाया जाएगा। पूर्व नौसैनिक कल्याण संघ ऊना के प्रधान ओम प्रकाश शर्मा ने बताया कि गत वर्षों की तरह इस वर्ष भी भारी संख्या में पूर्व नौसैनिक अपने परिवार सहित हिमाचल और पंजाब से इस ऐतिहासिक 'नौसैनिक परिवार मिलन' समारोह मे भाग लेने आएंगे। इस बात को ध्यान में रखते हुए ऊना के पूर्व नौसैनिकों ने तैयारियां करनी शुरू कर दी हैं। गत 2 वर्षों में अलग पहल करते हुए संघ ने मानव जीवन रक्षा मे उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं लता बहल, सुनीता राणा और परमजीत सिंह को सम्मानित किया गया था, इस बार भी ऊना जिले के 'मानव जीवन रक्षक' का नाम आने पर, उसे भी सम्मानित किया जाएगा। जिस किसी ने भी जिला ऊना से गत वर्ष 'मानव जीवन रक्षक' का यह पुण्य कार्य किया है, वह कृपया नौ सैनिक कल्याण संघ के प्रधान ओमप्रकाश शर्मा से 9418107770 पर संपर्क करें।

### भंजाल के स्वयंसेवक राज्य स्तरीय कैंप के लिए चयनित



**गोंदपुर बनेहड़ा।** एनएसएस का एकदिवसीय जिला स्तरीय शिविर शुक्रवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ठठल में आयोजित हुआ, जिसमें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भंजाल के आठ स्वयंसेवियों ने भाग लिया जिनका चयन राज्य स्तरीय एनएसएस मेघा कैंप के लिए हुआ है। यह जानकारी पाठशाला के कार्यकारी प्रिंसिपल राजन शर्मा व एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी मुकेश कुमार महिला कार्यक्रम अधिकारी सुनीता कुमारी ने दी है।

### हटली पाठशाला में डिक्लेमेशन कंटेस्ट करवाया



**ऊना।** राष्ट्रीय अधिकार अभियान के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हटली में डिक्लेमेशन कंटेस्ट करवाया गया। स्कूल के सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। स्कूल के प्रधानाचार्य एवं राष्ट्रीय अधिकार अभियान के प्रभारी इंदर सिंह आजाद तथा स्कूल के सभी विद्यार्थी व शिक्षक उपस्थित थे।

### जन्मदिन पर की गुरु के लंगर में सेवा



**ऊना।** अपने जन्म दिवस पर ऊना अस्पताल में गुरु के लंगर में परिजनों के साथ सेवा करती नन्ही आंछिका जैन।

### डीसी ने सुरक्षा के मद्देनजर जारी की एडवाइजरी

**अनंत ज्ञान, ऊना।** लोअर अरनियाला और आसपास के क्षेत्र के सार्वजनिक स्थानों पर तेंदुए को देखे जाने की सूचना मिली है। प्राप्त सूचना के आधार पर वन विभाग द्वारा इसकी पुष्टि भी की गई है। इस संबंध में जिला आपदा प्रबंधन एवं प्राधिकरण के अध्यक्ष और उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने लोगों की सुरक्षा के मद्देनजर एडवाइजरी जारी की है। उपायुक्त ने लोगों से अपील की है कि गांव के आस-पास के इलाकों में जाते समय अकेले न जाएं। रात के समय घर से बाहर न निकलें, विशेष रूप से अंधेरे में अकेले बाहर जाने से बचें। जरूरत पड़ने पर टॉर्च, लाठी लेकर ही घर से बाहर निकलें। घरों के आसपास पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था करें। बच्चों और बुजुर्गों को अकेले बाहर न जाने दें। पालतू जानवरों को सुरक्षित रखें, पालतू जानवरों को खुले में न रखें। उन्हें रात के समय घर के भीतर रखें व मवेशियों को बाड़े में रखें। यदि आप तेंदुए की उपस्थिति का अनुभव करते हैं, तो शोर मचाएं। तेंदुए आमतौर पर शोर से डरकर भाग जाते हैं। आसपास के जंगल या झाड़ियों में न जाएं।

# बंगाणा को नगर पंचायत बनाने के मामले में बंटे लोग

## कुछ का आरोप-ग्रामीणों पर पड़ेगा अतिरिक्त टैक्स का बोझ, दर्ज करवा चुके हैं प्रशासन के पास अपनी आपत्ति

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

नगर पंचायत बनाने के फैसले पर बंगाणा में ढोल-नगाड़े पीटे गए। लोगों का काफी उत्साह दिखाया गया, लेकिन एक बड़ा पक्ष नाराज भी दिख रहा है। इस पक्ष का मानना है कि नगर पंचायत बनने के बाद बंगाणा के लोगों पर टैक्स का बोझ बढ़ जाएगा। इसे लेकर प्रशासन के पास भी आपत्ति हो चुकी है। इस पक्ष की मानें तो ग्रामीण स्तर की पंचायत को नगर पंचायत बनाने के फैसले से गांवों में रहने वाले लोग स्तब्ध हैं कि जब गांवों में लोग अब भी भाईचारे से रहते हैं तो इसको सिटी पंचायत बनाने पर स्थानीय प्रशासन व प्रदेश सरकार इतनी रुचि क्यों दिखा रही है।

हां कई मायनों में सिटी पंचायत बनने के कई फायदे भी हैं किंतु ग्रामीण इलाकों को सरकार व प्रशासन सिटी बनाने के लिए क्यों लगी हुई है, यह एक बड़ा प्रशन है। गांवों में अभी भी माहौल ऐसा है कि लोग आपस में ही वस्तुओं का आदान प्रदान करते हैं जो भाईचारे को मजबूत बनाता है। मार्च

### बोले-आखिर क्यों सरकार गांवों को शहर बनाने पर तुली हुई है

2020 में लगे लॉकडाउन में पूरी दुनिया ने देखा कि शहरों में रहने वाले लोगों को प्रशासनिक प्रतिबंधों का मजबूरन पालन करना पड़ा जिसमें शहरों के लोग पैदल अपने अपने गांवों तक पहुंचे जिसमें उनको राहत मिली। गांवों में रहने वाली आबादी शहरों के मुकाबले अति संपन्न थी तो आखिर क्यों सरकार इन गांवों को भी शहर बनाने पर तुली हुई है।

व्यापार मंडल बंगाणा के अध्यक्ष का कहना है कि बंगाणा में शौचालय की सुविधा मिलेगी, तो वे यह भूल चुके हैं कि व्यापार मंडल सबसे पहले रजिस्टर करवाना पड़ता है, उसके बाद उसकी अध्यक्षता की जाती है, बाजार के लोगों के लिए सिर्फ नाम के ही अध्यक्ष कहलाना कहां सही है। ग्राम पंचायत मुच्छाली के वर्तमान प्रधान भी यह भूल चुके होंगे कि यह वही पंचायत है, जो लगभग 15 वर्ष पहले स्वच्छ व शौचालय मुक्त का राष्ट्रीय अवॉर्ड राष्ट्रपति से प्राप्त कर चुके हैं और यही बात इस पंचायत को स्वच्छता व शौचालय मुक्त की अपनी मजबूती को दर्शाता है और रही बात शौचालय की तो आपको यहां पर बता दें कि लाखों रुपए से बंगाणा में पंचायत द्वारा दो शौचालय बनाए गए हैं। यही पंचायत कई वर्ष पहले स्वच्छ व शौचालय मुक्त पंचायत होने का राष्ट्रीय अवॉर्ड ले चुकी है तो ऐसी बातें करना भी मूर्खता होगी।

### राजनीति भी है मुख्य कारण

अकसर देखा जाता है कि ग्राम पंचायत चुनावों में प्रधान बनने से पहले प्रत्याशी ग्रामीणों से वादे कर देते हैं कि हम विकास करवाएंगे किंतु जीतने के बाद अक्सर लोगों की आपसी लड़ाई का यही पंचायत प्रतिनिधि फायदा उठाते हैं और उन्हें सुलझाने की जगह सुलगने देते हैं क्योंकि अगली बार भी वही प्रत्याशी बनकर दोबारा चुनाव जीतने के लिए अग्रसर रहते हैं। अगर पंचायत प्रतिनिधि राजनीति से ऊपर उठकर कार्य करें तो गांवों के विकास की गति को कोई नहीं रोक सकता है। पंचायत प्रतिनिधि अपनी नाकामियों का ठीकरा सरकार पर थोपकर अपना उल्लू सीधा कर लेते हैं, तब विकास की बातें हवा हवाई लगने लगती हैं।

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम पंचायत को नगर पंचायत न बनाने के मुख्य कई कारण हैं जिसका निवारण करना सरकार व प्रशासन का कार्य है, जिसके लिए ग्रामीणों द्वारा जिला प्रशासन के माध्यम से सरकार को आपत्ति पत्र भी सौंपा गया है, जिसका समाधान किया जाना चाहिए।

ग्रामीणों द्वारा तर्क यह दिया गया है कि यह एक संपूर्ण पहाड़ी क्षेत्र है जिसको नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। ग्रामीणों द्वारा बताया गया है कि इस पंचायत के अधिकतर लोग कृषि, पशुपालन पर ही अपनी अजीविका कमाते हैं जो प्रशासन द्वारा लगाए जाने वाले कर को वहन नहीं कर पाएंगे। प्रशासन द्वारा अतिरिक्त कर का बोझ सिर्फ और सिर्फ इस पंचायत के गांवों पर ही पड़ेगा। यहां की सामाजिक स्थितियां इसे नगर पंचायत में अपग्रेड करने का बिलकुल भी समर्थन नहीं करती हैं क्योंकि ग्रामीणों के पास मनरेगा, कृषि, पशुपालन के अतिरिक्त व्यवसाय के कोई साधन नहीं हैं, जो सरकार व प्रशासन द्वारा लगाए जाने वाले अतिरिक्त कर का बोझ नहीं वहन कर सकते हैं, जिस पंचायत में लगभग 800 के तकरीबन श्रमिक मनरेगा द्वारा रोजगार प्राप्त करने पर आधारित हैं, वे अतिरिक्त कर को कैसे वहन करेंगे।

स्वच्छता में राष्ट्रीय पुरस्कृत पंचायत के ग्रामीण अपनी अपशिष्ट व जल निकासी के प्रभावी प्रबंधन में अपनी क्षमता को दर्शाता है कि हम स्वछता के मामले में कितने मजबूत हैं। जिस पंचायत के ग्रामीण पंचायत प्रणाली के तहत होने वाले विकास परियोजनाओं में भागीदार हैं, वे जनता की भागीदारी की सराहना करते हैं। गाँवों में पंचायत द्वारा किए जाने वाले कार्यों में अधिकतर ग्रामीण मजदूर होते हैं, जिनको सिर्फ नगर पंचायत बनाने के लिए ठेकेदारी प्रथा अपना बलिदान देना पड़ेगा। ग्रामीणों द्वारा यह तर्क भी दिया गया है कि हम गांवों में रहते हैं, जहां पर हमारी जरूरतें सीमित हैं और हम अपने परिवारों का लालन पोषण करने करने के लिए खेतीबाड़ी, पशुपालन से गुजारा करते हैं। यह कोई शहर नहीं है, जहां पर प्रशासन द्वारा अतिरिक्त कर को वहन कर सकें। इन गांवों की कुल आबादी भी नगर पंचायत का समर्थन नहीं करती है। इस पंचायत में लगभग सभी ग्रामीण गांवों में ही रहते हैं, जो सरकार व प्रशासन द्वारा लगाए जाने वाले अतिरिक्त कर को वहन नहीं कर सकते हैं।

निवासियों को बेहतर सुविधा जैसे बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य देने के चक्कर में सरकार व प्रशासन इस पंचायत के गांवों से ही पूरे अतिरिक्त कर वसूलेगी। अच्छा होता कि सरकार सिर्फ बाजारों पर ही फोकस करे और मुख्य बाजारों को सबसे पहले यह सुविधाएं प्रदान करे और इस पंचायत के गांवों को नगर पंचायत के फेर में न उलझाए। (अनंत ज्ञान)

## जीवन को सुगम बनाने के लिए 36 पात्र लोगों को मिले जरूरी उपकरण



पात्र लोगों को कृत्रिम अंग और सहायता उपकरण प्रदान करते आयोजक।

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

शारीरिक चुनौती प्राप्त लोगों का जीवन सुगम बनाने के लिए एसडीएम कार्यालय गगरेट में विधायक राकेश कालिया ने 36 शारीरिक चुनौती प्राप्त लोगों को उनकी सुविधा के लिए जरूरी उपकरण उपलब्ध करवाए।

भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम व भारतीय स्टेट बैंक के संयुक्त तत्वावधान में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, जिसमें 3.04 लाख रुपए के विभिन्न सामान वितरित किए गए। विधायक राकेश कालिया ने कहा कि शारीरिक चुनौती प्राप्त लोगों को भी सुगम जीवन जीने का अधिकार है और भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम व भारतीय स्टेट बैंक का यह प्रयास सराहनीय है।

विधायक राकेश कालिया ने कहा कि शारीरिक रूप से चुनौती प्राप्त लोगों के लिए प्रदेश सरकार भी सुविधाओं का ख्याल रख रही है। ऐसे लोगों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के साथ जोड़ा गया है ताकि उन्हें किसी के आगे हाथ फैलाने को विवश न होना पड़े।

## वीपीएस में विधायक सतपाल सत्ती ने नवाजे मेधावी

**अनंत ज्ञान, ऊना**

वशिष्ट पब्लिक स्कूल ऊना में शुक्रवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें मुख्यातिथि के रूप में ऊना के विधायक सतपाल सत्ती ने शिरकत की। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन सतपाल वशिष्ट, प्रधानाचार्य दीपक कौशल, मैनेजिंग कमेटी के सदस्य अशोक नंदा, राज वशिष्ट, महेंद्र वशिष्ट, रमेश वशिष्ट, नरेश वशिष्ट, अनुज वशिष्ट व अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। समारोह की शुरुआत ज्योति प्रज्ज्वलन व गणेश वंदना से की गई। इस समारोह में स्कूल के लगभग 970 विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।





मुख्य अतिथि विधायक सतपाल सिंह सत्ती और प्रबंधकों के साथ मेधावी छात्र।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से लेकर नृत्य तक हर गतिविधि के लिए बच्चों ने अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन में कड़ी मेहनत की है। बच्चों की इस तैयारी में न केवल उनके कौशल निखरे हैं, बल्कि उनमें आत्मविश्वास और टीमवर्क की भावना भी विकसित हुई है। विद्यालय ने इस सत्र में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। 10वीं और 12वीं के परिणाम शत- प्रतिशत रहे, जिसमें दसवीं के 12 विद्यार्थियों ने 90 फीसद से अधिक अंक प्राप्त किए और कक्षा 12वीं के 14 विद्यार्थियों ने 90 फीसद से अधिक अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया है।

बारहवीं कक्षा के शिवांश, ऋत्विक सैनी और दसवीं कक्षा की राशि ने जिलेभर में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय के 4 बच्चों को गोल्ड मेडल तथा 4 बच्चों को सिल्वर मेडल से नवाजा गया। गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले गोविंद कौशल का दाखिला बीटेक एनआईटी हमीरपुर, आदर्श कुमार शर्मा का दाखिला बीटेक एनआईटी. हमीरपुर, रिद्धि प्रभाकर का दाखिला बीटेक एनआईटी हमीरपुर, सुजल चंदेल का दाखिला बीटेक एनआईटी हमीरपुर में हुआ। सिल्वर मेडल प्राप्त करने वाले आदित्य लाल का दाखिला एमबीबीएस, एमएम एमसीएच सोलन, शैरिल धीमान का दाखिला बीटेक यूआईआईटी शिमला, वैष्णवी का दाखिला जीडीएस आईजीएमसी शिमला, हर्ष कालिया का दाखिला बीटेक जीएनडीयूआरसी जालंधर में हुआ।

वशिष्ट पब्लिक स्कूल हिमाचल प्रदेश का एकमात्र ऐसा विद्यालय है , जिसके 20 बच्चों का राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में चयन हुआ है। विद्यार्थियों को उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम, सबसे अधिक उपस्थिति, स्पोर्ट्स, सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर सम्मानित किया गया। नन्हे-मुन्नों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देकर सभी दर्शकों का मन मोह लिया। इसमें मुख्य प्रस्तुतियां आज दिन खुशियां दा चढ़या, मैं निकला गड्डी लेके, चक धूम-धूम, डिस्को दीवाने, रोहडू जाना मेरी अम्मीए, फिर भी दिल है हिंदुस्तानी, डोला रे डोला, स्वैग से करेंगे सबका स्वागत आदि रहीं। समारोह का मुख्य आकर्षण 'श्री राम-सीता विवाह' रहा, जिसमें सीता जी का गृह प्रवेश यह दर्शाता है कि नई शुरुआत हमेशा उम्मीद और आनंद से भरी होती है।

भांगड़े की धुन पर छात्रों की तालबद्धता और उनकी ऊर्जा दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर गई। वहीं, गिद्दा के पारंपरिक गीतों और नृत्य मुद्राओं ने पंजाब की लोक संस्कृति को जीवंत कर दिया। विद्यालय के चेयरमैन सतपाल वशिष्ट ने वंदे मातरम् की प्रस्तुति को सराहते हुए कहा कि वंदे मातरम् हमारे देश की आत्मा को दर्शाता है और उसका गायन हर भारतीय के लिए गर्व का क्षण है। समारोह के अंत में स्कूल के निदेशक अनुज वशिष्ट ने मुख्यातिथि व दर्शकों का धन्यवाद किया।

## हिमाचल प्रदेश राज्य एससी आयोग कार्यालय का ऊना में जल्द होगा उद्घाटन : कुलदीप

**अनंत ज्ञान, ऊना**

हिमाचल प्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग का कार्यालय शीघ्र ही ऊना-संतोषगढ़ रोड पर कृषि विज्ञान केंद्र के सामने स्थित सरकारी भवन में प्रारंभ होगा। कार्यालय के उद्घाटन समारोह की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को आयोग के अध्यक्ष कुलदीप कुमार ने जिला मुख्यालय में उपायुक्त सहित विभिन्न अधिकारियों के साथ बैठक की। कुलदीप कुमार ने बताया कि इस कार्यालय के उद्घाटन समारोह में जिला और प्रदेश के विशिष्ट लोगों को आमंत्रित किया जाएगा। उन्होंने जिला मुख्यालय से कार्यालय तक साइन बोर्ड लगाने के निर्देश दिए, ताकि लोगों को पहुंचने में कोई कठिनाई न हो।

शिमला में भीड़ को कम करने और क्षेत्रीय संतुलन सुनिश्चित करने के लिए डी-सेंटरलाइजेशन पॉलिसी के तहत ऊना में आयोग का कार्यालय खोला जा रहा है। कुलदीप कुमार ने कहा कि ऊना में कार्यालय खुलने से गरीब और पिछड़े वर्गों के लोगों को शिमला जाने की जरूरत नहीं होगी। यह कदम अनुसूचित जाति वर्ग के अधिकारों के संरक्षण और उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और उपमुख्यमंत्री श्री मुकेश अग्निहोत्री का इस निर्णय के लिए आभार व्यक्त किया, साथ ही उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि स्थर्यी कार्यालय के लिए भूमि चिन्हित कर सभी



अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष कुलदीप कुमार, डीसी जतिन लाल और आयोग के अन्य सदस्य

### स्थायी कार्यालय भवन निर्माण के लिए भूमि चिन्हित कर औपचारिकताएं पूरा करने के दिए निर्देश

औपचारिकताएं शीघ्र पूरी करें, ताकि आयोग के स्थाई कार्यालय का निर्माण कार्य भी जल्द आरंभ किया जा सके। बैठक में पूर्व विधायक सतपाल सिंह रायजादा, आयोग के सदस्य विजय डोगरा, उपायुक्त जतिन लाल, पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह, सहायक आयुक्त वरिंद्र शर्मा, जल शक्ति विभाग के अधीक्षण अभियंता नरेश धीमान, डीएफओ सुशील राणा और जिला कल्याण अधिकारी अनीता शर्मा समेत कई अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

**डॉ. भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि :** बैठक के दौरान कुलदीप कुमार ने संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## सभा में घोटाला करने वाले आरोपी को पुलिस आज अदालत में करेगी पेश

**अनंत ज्ञान, ऊना।** सहकारी सभा नंगल सलांगड़ी के बहुचर्चित करोड़ों के घोटाले के आरोप में गिरफ्तार हुए पूर्व सचिव धीरज कुमार को 5 दिसंबर को 3 दिन का डिमांड पुलिस को मिल गया है। आरोपी को दोबारा 7 दिसंबर को कोर्ट के सामने पेश किया जाएगा और यह केस क्या मोड़ लेता है, तभी पता चलेगा। संघर्ष समिति के अध्यक्ष श्याम चंदेल का कहना है कि घोटले की यह केवल एक ही कड़ी है जिसमें केवल अनीता देवी सहित लोगों ने इस सचिव के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई थी जिसमें लगभग 80 लाख रुपए का गवन किया गया है।

## सरकार के संरक्षण में फलफूल रहा माफिया : चैतन्य शर्मा

**अनंत ज्ञान, गगरेट ।** गगरेट के पूर्व विधायक चैतन्य शर्मा ने प्रदेश सरकार पर हमला बोला है। चैतन्य शर्मा ने कहा कि वन माफिया को प्रदेश सरकार का इतना संरक्षण मिला हुआ है कि हर तरह का माफिया आजकल खूब फलफूल रहा है। हालात इतने बिगड़ चुके है कि सीआईडी को नाका लगाकर वन माफिया को पकड़ना पड़ रहा है। प्रदेश सरकार बताए कि वन विभाग और पुलिस विभाग क्या कर रहा है। चैतन्य शर्मा ने कहा की पुलिस मात्र झूठी एफआईआर करने तक ही सीमित रह गई है या फिर अपने आकाओं के इशारे पर लोगों को तंग किया जा रहा है ।

## युवाओं के सर्वांगीण विकास में निहित है समाज की मजबूती : उपायुक्त



समूरकलां में जिला स्तरीय युवा महोत्सव एवं साइंस मेला में उपस्थित डीसी व अन्य।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

उपायुक्त जतिन लाल ने शुक्रवार को शिक्षा भारती बीएड कॉलेज समूरकलां में आयोजित जिला स्तरीय युवा महोत्सव एवं साइंस मेले में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। नेहरू युवा केंद्र (एनवाइके) ऊना द्वारा आयोजित इस महोत्सव में जिले के 10 महाविद्यालयों और 16 वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों के लगभग 300 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

इस दौरान उपायुक्त जतिन लाल ने जिला स्तरीय युवा महोत्सव के सफल आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई दी तथा कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध होते हैं। उपायुक्त ने कहा कि युवा देश के भविष्य हैं, और उनका सर्वांगीण विकास हमारे समाज की मजबूती का आधार है। नेहरू युवा केन्द्र ऊना के जिला युवा अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि महोत्सव में आयोजित की गई सात प्रतियोगिताओं के लिए कुल 50 हजार रुपए के नकद पुरस्कार वितरित किए गए।

इस अवसर पर शिक्षा भारती एजुकेशनल सोसायटी के निदेशक ईशान ठाकुर, शिक्षा भारती बीएड कॉलेज समूर के प्रिंसिपल हंसराज, जिला नोडल अधिकारी एनएसएस डॉ. लिल्ली ठाकुर, जिला मैनेजर एससी एसटी कॉर्पोरेशन विपिन, नेहरू युवा केंद्र ऊना के लेखपाल विजय भारद्वाज सहित विभिन्न कॉलेज से प्रवक्ता एवं गणमान्य उपस्थित रहे।

**उपलब्धि** डीएवी राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में डीएवी अंबोटा ने रचा इतिहास

## स्वर्ण पदक जीतकर स्कूल का नाम किया रोशन

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

डीएवी स्कूल अंबोटा के विद्यार्थियों ने डीएवी राष्ट्रीय खेलों में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय का नाम रोशन किया। इस वर्ष इन खेलों का उद्घाटन समारोह मेजर ध्यानचंद अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम नई दिल्ली में किया गया व इन खेलों का आयोजन अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में जहां कॉमनवेल्थ खेलों का आयोजन किया जाता है, उसी स्टेडियम में डीएवी अंबोटा के खिलाड़ियों ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्कूल का नाम रोशन किया।

कक्षा दसवीं के शौर्य पटेल ने एंडयोरेंस स्किपिंग में स्वर्ण पदक जीतकर अपनी क्षमता का लोहा मनवाया। स्किपिंग डबल टच में आकाश और अभिमन्यु ने रजत पदक जीता, वहीं स्किपिंग की टीम इवैंट में रुद्रांश, आकाश, अभिमन्यु और शौर्य ने कांस्य पदक पर कब्जा किया। इसके



डीएवी राष्ट्रीय खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों के साथ प्रबंधक।

साथ कक्षा छठी व सातवीं की छात्राएं साक्षी और प्रियांशी ने रजत पदक जीतकर अपनी मेहनत और कौशल का परिचय दिया।

टीम योगिंग इवेंट में साक्षी, प्रियांशी, प्राची और मीनाक्षी में कांस्य पदक अपने नाम किया। विद्यालय के चेयरमैन अरविंद घई, वॉइस चेयरमैन केसी कतना व मैनेजर पी सोफत ने विद्यालय की इस अभूतपूर्व सफलता के लिए विजयी खिलाड़ियों व उनके अभिभावकों, विद्यालय के प्रधानाचार्य व शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता न केवल छात्रों की मेहनत और विद्यालय के मार्गदर्शन का परिणाम है बल्कि विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षकों व अभिभावकों के अटूट समर्थन और प्रेरणा का प्रतीक है।

यह उपलब्धि विद्यालय की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाती है। विद्यालय के प्रधानाचार्य व एआरओ नमित शर्मा ने विजेता खिलाड़ियों व उनके अभिभावकों को बधाई दी और कहा कि हमारे विद्यालय के विद्यार्थियों ने यह साबित कर दिया कि खेलों के माध्यम से न केवल व्यक्तिगत विकास होता है, बल्कि एक टीम वर्क, अनुशासन और आत्मविश्वास को भी बढ़ावा मिलता है।

इस बार की डीएवी खेल प्रतियोगिताओं ने खिलाड़ियों को एक नया प्रेरणादायक अनुभव प्रदान किया है। उन्होंने बताया कि यह सफलता विद्यालय में प्रतिदिन दिए जाने वाले खेल प्रशिक्षण, अनुशासन और छात्रों की कड़ी मेहनत का परिणाम है। डीएवी विद्यालय परिवार इन सितारों की सफलता पर गर्व महसूस करता है व शुभकामनाएं देता है कि वे भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्टता के नए आयाम स्थापित करें, अंत में उन्होंने कहा कि सपने देखने वाले और उन्हें पूरा करने वाले ही इतिहास बनाते हैं।



# पर्यटन स्थल सिस्सू में कृत्रिम बर्फ बनी आकर्षण का केंद्र

## अटल टनल के नॉर्थ पोर्टल में पर्यटन व्यवसायियों ने तैयार की कृत्रिम बर्फ, आइस स्केटिंग का मजा ले रहे सैलानी

**कमलेश वर्मा, केलांग**

मौसम की बेरुखी देखिए कि इस बार दिसंबर माह में भी अभी तक बारिश-बर्फबारी नहीं हो रही है। ऐसे में कुल्लू व लाहौल-स्पीति के किसान बागवानों के साथ साथ पर्यटन कारोबारियों को भी अपने कारोबार की चिंता सताने लगी है।

देश-दुनिया से बर्फ का दीदार करने की चाह लिए मनाली व लाहौल घाटी के पर्यटन स्थलों में पहुंच रहे हैं, लेकिन कहीं भी बर्फ नहीं दिख रही, जिस कारण पर्यटक मायूस होकर वापस लौट रहे हैं। पर्यटकों को लुभाने के लिए लाहौल के पर्यटन कारोबारियों ने एक नया तरीका सुझाया है। अटल टनल के नॉर्थ पोर्टल (सिस्सू) में पर्यटन व्यवसायी अमित पाल और उनके सहयोगी ने यहां पर गुफा होटल के पास मशीनों के माध्यम से कृत्रिम बर्फ (आर्टिफिशियल) तैयार की है, जोकि पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। पर्यटन कारोबारियों ने आर्टिफिशियल बर्फ बनाने वाली मशीन को नॉर्थ पोर्टल (सिस्सू) के समीप स्थापित किया है।





अटल टनल के नॉर्थ पोर्टल (सिस्सू) में पर्यटन कारोबारियों की ओर से कृत्रिम बर्फ के बीच मस्ती करते पर्यटक(दाएं) स्केटिंग करते पर्यटक।

पर्यटक यहां पर इस कृत्रिम बर्फ के बीच जहां फोटोग्राफी का आनंद ले रहे हैं। वहीं, इसमें स्केटिंग भी कर रहे हैं। लिहाजा, जहां पूरे प्रदेश सहित कुल्लू व लाहौल-स्पीति जिले में इस बार दिसंबर माह में भी बारिश बर्फबारी नहीं हो रही और चारों तरफ सूखा पड़ा है, लेकिन आसमान से भले ही बर्फ नहीं गिर रही है, लेकिन अटल टनल नॉर्थ पोर्टल गुफा होटल के पास पर्यटकों को कृत्रिम बर्फ के दीदार हो रहे हैं। पर्यटक यहां पर इस कृत्रिम बर्फ के बीच अठखेलियां करने के साथ ही स्केटिंग कर रहे हैं। अटल टनल नॉर्थ पोर्टल के समीप (सिस्सू) सैलानी अब आर्टिफिशियल बर्फ में अठखेलियां कर सकेंगे। हालांकि विंटर सीजन के चलते पर्यटन स्थलों में पर्यटकों से चहलकदमी बढ़ गई है।

सप्ताहांत के चलते बाहरी राज्यों से आने वाले पर्यटकों की आमद में भी बढ़ोतरी हुई है। मनाली के होटलों में आक्यूपेंसी 50 से 55 प्रतिशत के बीच चल रही है। सप्ताहांत में बढ़ोतरी की उम्मीद है। प्रशासन ने रोहतांग दर्रा पर्यटकों के लिए बंद कर दिया है, लेकिन पर्यटक लाहौल के सिस्सू, कोकसर, अटल टनल व सोलंग नाला में घूमने का आनंद ले रहे हैं। बर्फबारी न होने से सैलानियों सहित पर्यटन कारोबारी मायूस हैं। (अनंत ज्ञान)

### सैलानी होटल संचालकों और ट्रैवल एजेंट से कर रहे संपर्क

**हालांकि** इस आर्टिफिशियल बर्फ देखकर सैलानी कुछ समय के लिए बेशक खुश हो रहे हैं, लेकिन उन्हें ज्यादा खुशी तब मिलेगी जब आसमान से बर्फ के सफेद फाहे धरती पर गिरेंगे। अगर दिसंबर माह में भी बर्फबारी नहीं हुई, तो इससे पर्यटन कारोबार खासा प्रभावित होगा। हालांकि बाहरी राज्यों से बर्फबारी का मजा लेने के लिए सैलानी होटल संचालकों तथा ट्रैवल एजेंट से संपर्क कर रहे हैं, लेकिन बर्फबारी न होने के चलते सैलानी फिलहाल अपने घरों में ही रहने को मजबूर हो गए हैं।

### अगले वर्ष होगा जिंगजिंगबार पर्यटन स्थल का दीदार

**लाहौल** आने वाले पर्यटकों को अब अगले वर्ष जिंगजिंगबार पर्यटन स्थल का दीदार हो पाएगा। जिला प्रशासन की ओर से छह दिसंबर तक जिंगजिंगबार पर्यटकों की आवाजाही के लिए खुला था, जो कि आज से बंद हो गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### जल बहाव सिंचाई योजना का कार्य ठेकेदार को सौंपा

**कुल्लू।** हिमाचल में चल रहे फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना, जायका चरण-दो, कुल्लू द्वारा जल बहाव सिंचाई योजना ब्यासर से मापक निर्माण के लिए ठेकेदार कामी शेर्पा को कृषक विकास संगठन ब्यासर से मापक के सदस्यों की उपस्थिति में सौंपी गई। ठेकेदार ने योजना निर्माण अनुसूची कृषक विकास संगठन ब्यासर से मापक की उपस्थिति में खंड परियोजना प्रबंधन इकाई कुल्लू से निर्माण अभियंता भरत भूषण को सौंपी तथा ठेकेदार ने निर्माण अभियंता तथा कृषक विकास संगठन को आश्वस्त किया कि योजना का निर्माण कार्य दी गई अनुसूची के अनुसार तय समय पर पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाएगा। इस उपलक्ष्य में खंड परियोजना प्रबंधन कार्यालय के अन्य अधिकारी, कनिष्ठ अभियंता मनमोहन सिंह, पर्यवेक्षक अश्वनी कुमार तथा कृषक विकास संगठन ब्यासर से मापक के सचिव प्रकाश चंद व अन्य सदस्य मौजूद रहे। फसल विविधीकरण परियोजना, कृषि के क्षेत्र में आवश्यक बुनियादी ढांचे के विकास के माध्यम से फसल विविधीकरण, लघु सिंचाई सुविधाओं के विकास और सुधार, डेयरी, मधुमखी पालन, शीटा के मशरूम की खेती के माध्यम से आजीविका में सुधार, किसानों का सिंचाई एवं बाजार आधारित फसल उत्पादन में क्षमता निर्माण आदि के क्षेत्र में कार्य कर रहा है।

### पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के बारे में दें जानकारी

**कुल्लू।** बिजली परिचलन वृत्त एचपीएसईबीएल कुल्लू के अंतर्गत आने वाले सभी वरिष्ठ अधिशाषी अभियंताओं और सहायक अभियंताओं की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता ई. रोहित ठाकुर, अधीक्षण अभियंता, परिचलन वृत्त एचपीएसईबीएल कुल्लू ने की। बैठक का मुख्य उद्देश्य पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रभावी कार्यान्वयन और प्रचार-प्रसार के लिए दिशा-निर्देश प्रदान करना था। बैठक में उपस्थित अधिकारियों को योजना के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए ई. रोहित ठाकुर ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य घरेलू उपभोगताओं में बिजली की उपलब्धता को बढ़ाना और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना है। योजना के तहत घरेलू उपभोगताओं को घरों की छत पर सौर ऊर्जा प्रणाली लगाने के लिए निम्नलिखित सब्सिडी केंद्र सरकार कि तरफ से उपलब्ध करवाई जा रही है। 1 किलोवाट प्रणाली के लिए 33000 रुपए, 2 किलोवाट प्रणाली के लिए 66000 रुपए और 3 किलोवाट प्रणाली के लिए 85800 रुपए की सब्सिडी का प्रावधान है तथा साथ ही ग्राम पंचायतों/ शहरी निकायों के लिए उनके अधिकार क्षेत्र में लगने वाली सौर ऊर्जा प्रणाली की प्रति इकाई के लिए 1000 रुपए की प्रोत्साहन राशि का प्रावधान भी है। बैठक में ई. रोहित ने बताया कि यह योजना न केवल बिजली के बिलों को कम करने में मदद करेगी, बल्कि सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देकर पर्यावरण संरक्षण में भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। साथ ही यह भी निर्देश दिए कि ऑपरेशन सर्कल कुल्लू के अंतर्गत आने वाले सभी वरिष्ठ अधिशाषी अभियंता और सहायक अभियंता व्यक्तिगत रूप से जनता को योजना के लाभों के बारे में जानकारी दें, ताकि इस योजना का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जा सके। इस अवसर पर ई. रोहित ठाकुर ने सभी अधिकारियों से योजना के उचित क्रियान्वयन के लिए मिलजुलकर काम करने और जारी दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने की अपील की।

### एबीवीपी ने झुग्गी- झोपड़ियों में वस्त्र किए दान




**कुल्लू।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कुल्लू इकाई द्वारा शुक्रवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य पर एसएफएस के द्वारा झुग्गी-झोंपड़ियों में वस्त्र दान किए गए। एबीवीपी कुल्लू इकाई हर वर्ष झुग्गी-झोंपड़ियों में रहने वाले व्यक्तियों के लिए वस्त्र दान करती है। कुल्लू कॉलेज में वस्त्र वितरण का कार्यक्रम 3 दिन पहले शुरू हो गया था, जिसमें कुल्लू कॉलेज के स्टूडेंट्स ने वस्त्र दिए थे। साथ ही एकता दिवस के उपलक्ष्य पर सभी स्टूडेंट्स को एक साथ मिलजूल कर रहने की प्रेरणा दी। एबीवीपी ने अपने स्थापना काल से ही समाज राष्ट्र और छात्रों के लिए कार्य किया है। आगे भी इसी प्रकार से एबीवीपी समाज राष्ट्र और छात्रों के लिए कार्य करेगा।



जिला कुल्लू की लगघाटी के देवता हुरंग नारायण 25 सालों के बाद अपने नए रथ में विराजमान हुए। शनिवार को देवता शाही स्नान के लिए मणिकर्ण प्रस्थान करेंगे। वहीं, देवता आठ के शाही स्नान के बाद 13 दिसबंर से परिक्रमा पर निकलेंगे। देवता हुरंग नारायण को बलराम का रूप भी माना जाता है।

# सुल्तानपुर स्कूल में मेधावियों को मिला सम्मान



पीएम श्री कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सुल्तानपुर में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में उपस्थित मुख्यातिथि व अन्य।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

पीएम श्री कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सुल्तानपुर में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया।

एसडीएम कुल्लू विकास शुक्ला इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने मेधावी छात्रों सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आने वाला समय शिक्षा एवं रोजगार की दृष्टि से बहुत चुनौतियों भरा होने वाला है। कृत्रिम मेधा के आने से जहां बहुत सारे पारंपरिक रोजगार धीरे-धीरे समाप्त हो रहे हैं। वहीं, नई किस्म के तकनीकी आधारित तथा स्किल आधारित रोजगार ही अस्तित्व में रहेंगे। उन्होंने कहा कि समय के साथ हमें अपनी-अपने स्किल को अपडेट करने की आवश्यकता है, ताकि भविष्य की चुनौतियों के लिए हम तैयार हो सकें। उन्होंने कहा कि समाज में जाति, धर्म, लिंग, समुदाय के भेदभाव पर आधारित बटवारा हमें विकास की राह पर आगे बढ़ाने में बाधा बनता है। यदि हम वर्तमान समय में तकनीकी क्षेत्र में आ रहे बदलावों को समझते हुए अपने आप को उसके अनुसार ढालेंगे तभी हम विश्व की विकास की धारा के साथ चलने में सक्षम होंगे। उन्होंने इस अवसर पर छात्रों द्वारा प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रशंसा की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य भावना तनवर ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की।

# कोकसर टीडीसी ने होमस्टे गाइडलाइंस के लांच के साथ एक नया मानक किया तैयार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

स्थानीय धरोहर को संरक्षित करते हुए सतत पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, कोकसर पंचायत पर्यटन विकास समिति (टीडीसी) ने पीपल-ओनड एंड पीपल-गवर्नड टूरिज्म परियोजना के तहत होमस्टे गाइडलाइंस का शुभारंभ किया। यह पहल पीपल फॉर हिमालयन डेवलपमेंट (पीएचडी) और रॉयल एनफील्ड के सहयोग से एक अनूठी कोशिश है, जो पर्यटकों को मार्गदर्शन देने और स्थानीय होमस्टे मालिकों को आतिथ्य और सांस्कृतिक संरक्षण के बीच संतुलन स्थापित करने के लिए सशक्त बनाती है।

गाइडलाइंस, जो होमस्टे मालिकों और स्थानीय हितधारकों के साथ मिलकर तैयार की गई है, उसका मुख्य उद्देश्य आगंतुकों और समुदाय के बीच आपसी सम्मान को बढ़ावा देना है। प्रत्येक होमस्टे मालिक को गाइडलाइंस की दो प्रति दी गई हैं—एक हिंदी में और दूसरी अंग्रेजी में, ताकि ये दोनों मेजबान और मेहमानों के लिए सुलभ हो। होमस्टे गाइडलाइंस क्षेत्रीय मूल्यों को दर्शाती है। पर्यटकों के लिए ये गाइडलाइंसस्थानीय परंपराओं का सम्मान करने, अपशिष्ट को कम करने और पर्यावरण के साथ जिम्मेदारी से जुड़ने की याद दिलाती हैं। होमस्टे मालिकों के लिए, ये गाइडलाइंस



एक साझा ढांचा प्रदान करती है, जो उन्हें लाहौली संस्कृति की गर्मजोशी और सरलता में निहित प्रामाणिक सुसंगत आतिथ्य प्रदान करने में मदद करती है। कोकसर पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में आयोजित लांच कार्यक्रम में समुदाय के सदस्य, होमस्टे मालिक और हितधारक एकत्र हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कोकसर पंचायत पर्यटन विकास समिति के प्रधान ने की, जिन्होंने इस पहल की सामूहिक भावना पर जोर दिया। प्रधान ने कार्यक्रम के समापन पर कहा, यह हमारी तरफ से दुनिया को लाहौल का अनुभव करने का निमंत्रण है, लेकिन हम चाहते हैं कि वे केवल यादें ही न लेकर जाएं, हम चाहते हैं कि वे हमारी भूमि, हमारी संस्कृति और हमारे लोगों के लिए सम्मान लेकर जाएं। होमस्टे गाइडलाइंस का शुभारंभ कोकसर के सामूहिक संकल्प का प्रतीक है, जो एक ऐसा पर्यटन मॉडल बनाने की दिशा में है, जो लोगों और प्रकृति दोनों का सम्मान करता है और यह हिमालयी क्षेत्र के लिए एक चमकता उदाहरण प्रस्तुत करता है।

## पंचायत तूंग के विभाजन के लिए सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित

**बंजार।** बंजार बिकास खंड के तहत तीर्थन घाटी की पंचायत तूंग के विभाजन के लिए पंचायत का जनरल हाऊस बुलाया गया, जिसमें लोगों ने बड़ी संख्या में महिलाओं व युवा पुरुषों ने भाग लिया तथा इलाके के विकास के लिए सर्वसम्मत प्रस्ताव पारित कर छोटी पंचायत बनाने के लिए लोगों में जोश भर कर आवाज उठाई।

पंचायत प्रधान घनश्याम ठाकुर का कहना है कि लोगों में दो पंचायत बनाने में काफी दिलचस्पी देखने को मिली, जिसमें फरयाडी पंचायत को नया रूप देने में सहमति दी गई। प्रधान घनश्याम ठाकुर ने कहा कि पंचायत तूंग की आबादी 2300 के लगभग है, जिसमें लगभग 525 के करीब परिवार आते हैं, जिससे पंचायत में विकास नहीं हो पाता है इसलिए लोगों ने सरकार व प्रशासन को सर्वसम्मति प्रस्ताव पारित कर दिया है। ग्रामीण गांव मनाली खेम चंद, नारायण सिंह, कुंज लाल, दूनी चंद आदि ने इस कार्य के लिए खुशी जाहिर की। बीडीओ बंजार मान चंद बग्गा ने कहा कि सरकार से नोटीफिकेशन आई है तथा पंचायतों से इस बारे प्रस्ताव पारित कर जल्द सरकार को भेजने का आग्रह किया।

# टीबी उन्मूलन कार्यक्रम में जनभागीदारी की महत्वपूर्ण भूमिका : रजनीश शर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति की जिला टीबी उन्मूलन समिति की बैठक डीसी कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम (ना.) रजनीश शर्मा ने की।

उन्होंने बताया कि जिले में इस समय निवास कर रहे 21591 लोगों में से उच्च जोखिम जनसंख्या की 16 श्रेणियों के 7374 लोगों का राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन अभियान के अतंगर्त घर-घर जाकर स्क्रीनिंग की जाएगी, ताकि टीबी से ग्रसित लोगों की पहचान कर उन्हें उपचार प्रदान किया जा सके और जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति को वर्ष 2025 से पहले टीबी मुक्त बनाया जा सके। 7 दिसंबर से 100 दिनों तक चलने वाले टीबी अभियान शुरू किया जाएगा। बैठक में इस टीबी स्क्रीनिंग कार्यक्रम को सफल बनाने बारे विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। रजनीश शर्मा ने कहा कि किसी भी कार्यक्रम को सफल बनाने में जनभागीदारी की अहम भूमिका होती है उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से कहा कि इस अभियान में निक्षय मित्रों, पंचायत प्रतिनिधियों, महिला मंडलों, युवक मंडलों सहित गैर सरकारी संगठनों को शामिल करें, ताकि यह अभियान एक



विस्तृत रूप ले सके। इस अवसर जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. जगदीश चंद ने बताया कि जिले में स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर जाकर उच्च जोखिम जनसंख्या की स्क्रीनिंग करेंगें। 100 दिनों तक चलने वाले इस अभियान में 51 आशा वर्कर्स, 12 स्वास्थ्य कार्यकर्ता सहित 6 सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं सहित लगभग 80 स्वास्थ्य कर्मी इस अभियान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। इस अभियान के बारे में प्रैजेनटेशन के माध्यम से सारी जानकारी प्रस्तुत की। इस अवसर पर जिला परिषद अध्यक्षा बीना देवी, खंड विकास अधिकारी विवेक गुलेरिया, जिला पंचायत अधिकारी सचिन, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. राम सिंह व जिला परिषद सदस्य कुंगा बोद्ध सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।




**आयोजन** पीएम श्री प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वालों को नवाजा

# छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रम : अश्वनी कुमार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला मुख्यालय कुल्लू देव सदन के सभागार में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान जरढ कुल्लू द्वारा समग्र शिक्षा अभियान के तहत पीएम श्री स्कूलों की जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें चार अलग-अलग कैटेगरी में जिला भर के 13 स्कूलों के 160 स्टूडेंट्स ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

इस कार्यक्रम का शुभारंभ उच्च शिक्षा उपनिदेशक अमर सिंह चौहान ने किया, जबकि समापन समारोह में एडीएम कुल्लू अश्विनी कुमार मुख्यातिथि के तौर पर मौजूद रहे। इस मौके पर एडीएम कुल्लू अश्विनी कुमार ने स्टूडेंट्स को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में गुणात्मक शिक्षा और छात्रों के सर्वांगीण विकास को लेकर पीएम श्री एक बेहतर योजना है। स्टूडेंट्स को पढ़ाई के साथ अपनी भविष्य में किस तरीके से बेहतर कार्य करना है, उसको लेकर भी प्रेरणा दी गई।



पीएम श्री प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वालों को सम्मानित करते हुए एडीएम कुल्लू अश्विनी कुमार।

एडीएम कुल्लू अश्विनी कुमार ने पीएम श्री जिला स्तरीय प्रतियोगिता में विद्या वैभव मंडल प्रतियोगिता में क्विज और क्रिएटिव आर्ट, मंथन मंडल में डिबेट और डिजिटल कवेस्ट में एनवायरमेंटल एजुकेशन, सोशल इश्यूज, सोशल एजुकेशन, डेमोक्रेसी, जनरल इक्कलिटी व डिस्कवर एंड लोकल साइट प्रतियोगिता के विजेता स्टूडेंट्स को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। एडीएम ने कहा कि केंद्र सरकार के द्वारा सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने और छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए पीएम श्री योजना कुल्लू के 13 स्कूलों में शुरू की गई है और इस योजना के तहत चार अलग-अलग एक्टिविटीज में स्टूडेंट्स ने भाग लिया। बच्चों में गुणात्मक शिक्षा को बढ़ाना और बेहतर मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने के लिए केंद्र और राज्य सरकार के द्वारा संयुक्त रूप से सरकारी स्कूलों की छात्रों को एक बेहतरीन प्लेटफार्म उपलब्ध करवाया जा रहा है।

## बगीचों की सफाई करने के लिए आग लगाने से बचें बागवान

**पतलीकूहल।** समय पर बारिश न होने के कारण बागवान फलों के पौधों की काट-छांट नहीं कर पा रहे हैं और न ही नमी के अभाव में तौलिये बना पा रहे हैं। ऐसे में बागवान आजकल अपने बगीचों की सफाई में व्यस्त हैं। सफाई के दौरान कई बागवान अपने बगीचों के किनारे गंदगी को जलाने के लिए आग जला कर उसे नष्ट कर रहे हैं, लेकिन सूखे के कारण कई बार यह आग विकराल रूप ले लेती है और जंगल में फैल जाती है, जिस कारण कई बार वन संपदा को भारी नुकसान पहुंचता है और साथ ही पर्यावरण भी दूषित हो जाता है।

कुल्लू फलोत्पादक मंडल के प्रधान महेंद्र उपाध्याय का कहना है कि वैसे तो कुल्लू के बागवान पर्यावरण के प्रति काफी जागरूक हैं और बगीचे की गंदगी को ठिकाने लगाने के लिए आग का प्रयोग कम ही करते हैं, लेकिन कई बार अनजाने में बगीचों की सफाई के लिए लगाई आग जंगल में फैल जाती है। उपाध्याय ने बागवानों से आग्रह किया कि बगीचों की सफाई में आग का प्रयोग करने से बचें और बगीचे से निकलने वाली गंदगी को गड्डा बनाकर उसमें डालकर उसकी खाद बनाएं।

# नप अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के पास समय कम, चुनौती ज्यादा

**एम बोकटापा, मनाली**

लगभग तीन महीने के राजनीतिक उठापटक के बाद मनाली नगर परिषद के अध्यक्ष पद का ताज भाजपा के मनोज लारजे ने हासिल तो कर लिया, लेकिन ये ताज चुनौतियों से भरा हुआ है।

नव निर्वाचित अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का कार्यकाल लगभग एक साल ही बचा है। सीमित अवधि में मनाली शहर का विकास और व्यवस्था में सुधार के साथ राजनीतिक पेठ बनाना मनोज लारजे और उपाध्यक्ष सुनीता शर्मा के लिए बड़ी चुनौती है। लगभग तीन महीने से मनाली के रुके हुए विकास कार्यों को गति देने के लिए भी जल्द कड़े कदम उठाने होंगे। इसके लिए बाकी पार्षदों का कितना साथ मिलेगा ये आने वाला समय ही बताएगा। अगले साल इन्हीं दिनों नगर परिषद के चुनाव होने हैं। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार होने से मनोज लारजे को कितना सहयोग मिलेगा। नप की सबसे बड़ी परेशानी सफाई के साथ सही तरीके से कूड़े का निष्पादन करना है। कूड़ा-कचरा निष्पादन में असफल रहने पर एनजीटी ने कई बार नप को जुर्माना भी ठोका है। रांगड़ी में बने कूड़ा संयंत्र में आज भी कचरे का निष्पादन बंद है। रांगड़ी में कूड़े का पहाड़ खड़ा हो गया है, जिसे खत्म करने के लिए नव निर्वाचित अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को जल्द योजना बनानी होगी। मनाली में पार्किंग की बेहतर व्यवस्था के साथ शहर में चलती-फिरती दुकानों और माल रोड अवैध कारोबार को रोकना आसान काम नहीं होगा। शहर का विकास करने के लिए समय कम है, ऐसे में मनोज लारजे और सुनीता को मिलकर काम करना होगा। अब दोनों मिलकर इन चुनौतियों का सामना करते हैं या नहीं ये आने वाला समय ही बताएगा। लिहाजा, नगर परिषद मनाली को बेशक एक बार फिर से नए अध्यक्ष और उपाध्यक्ष मिल गए हों, लेकिन इन दोनों के पास कार्यकाल कम और चुनौतियां बहुत ज्यादा हैं। अब देखना यह है कि नए अध्यक्ष और उपाध्यक्ष इन चुनौतियों से पार कैसे पाते हैं। (अनंत ज्ञान)

### मनाली में अतिक्रमण को हटाकर व्यवस्था बनाना आसान नहीं



## न्यूज ब्रीफ

### मृदा जांच व फसल बीमा योजना की दी जानकारी



**सोलन।** विश्व मृदा दिवस को कृषि विभाग सोलन ने विभिन्न ब्लॉक (खंडो) में जागरूकता शिविर के रूप में मनाया। विकास खंड धर्मपुर, कुनिहार, कंडाघाट व नालागढ़ के चंडोह सूरजपुर मालगा व गरलों में मनाया गया, जिसमें किसानों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर कृषि उपनिदेशक सोलन देवराज कश्यप ने किसानों को मृदा जांच व फसल बीमा योजना को पूर्ण रूप से अपनाने के लिए शपथ दिलवाई, ताकि वे सूखे की मार से बचने के लिए समर्थ हो जाएं। इस अवसर पर विकास खंड कंडाघाट के कार्यकारी विषयवाद विशेषज्ञ डॉ. टेक चंद, जिला कृषि अधिकारी डॉ. सीमा बंसल, कृषि विकास अधिकारी, प्रधान पंचायत पोढना अनीता व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### वित्तीय लाभ न देने पर रोष प्रकट किया



**सराहां।** पेंशनर्स एवं वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ सराहां पच्छाद इकाई की मासिक बैठक इकाई के अध्यक्ष नरेश शर्मा की अध्यक्षता में सराहां में संपन्न हुई। बैठक में जनवरी 2016 से जनवरी 2022 के बीच सेवानिवृत्त हुए पेंशनर्स को अभी तक वित्तीय लाभ न दिए जाने बारे रोष प्रकट किया तथा सरकार द्वारा जल्द जारी करने की मांग की। इसके अतिरिक्त पेंशनर्स व वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ के 17 दिसंबर को सफलतापूर्वक आयोजन करने के लिए मंथन किया। बैठक में वरिष्ठ सदस्य जगत राम शर्मा, अमर सिंह, प्रमोद गौतम आदि मौजूद रहे।

### सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर अंशदान करें

**सोलन।** उपनिदेशक सैनिक कल्याण सोलन कर्नल (सेवानिवृत्त) सुरेश कुमार अग्निहोत्री ने सभी से आग्रह किया कि सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर उदारतापूर्वक अंशदान करें। कर्नल अग्निहोत्री ने यहां जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत करवाया कि 7 का दिन देश की सीमाओं पर बहादुरी से लड़ने वाले शहीदों और जवानों की सहायता के लिए धन एकत्र करने एवं उनके परिजनों को सम्मानित करने के उद्देश्य से आयोजित किया जाता है। 28 अगस्त, 1949 को देश के तत्कालीन रक्षा मंत्री के अधीन गठित एक समिति द्वारा 7 को प्रति वर्ष सशस्त्र सेना दिवस मनाने का निर्णय लिया गया है। यह दिवस हम सभी को स्मरण करवाता है कि युद्ध के दौरान जान-माल की हानि के उपरांत देशवासियों का यह कर्तव्य बनता है कि वह अपनी युद्ध विधवाओं, अपंग सैनिकों एवं पूर्व सैनिकों के कल्याण के कार्यों में सहायता करें। इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए एक निधि सृजित की गई है, ताकि ज़रूरतमंद सैन्य कर्मियों एवं उनके परिजनों की सहायता की जा सके।

### पशुपालकों को तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया

**दाड़लाघाट।** अंबुजा फाउंडेशन दाड़लाघाट और पशु पालन विभाग ने संयुक्त रूप से एक तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें दाड़लाघाट परिक्षेत्र के 30 प्रगतिशील किसानों और स्वयं सहायता समूहों के 3 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण शिविर में वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी अर्की डॉ. देवराज शर्मा एवं पशु चिकित्सा अधिकारी दाड़ला डॉ. मानवी चौधरी विशेष रूप से मौजूद रहे। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पशुपालकों को तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान करना था, जिससे वे दुधारू पशुओं को उच्च कोटि का चारा और स्वस्थप्रद सेवा प्रदान कर सकें। मुख्य निर्माण अधिकारी अंबुजा सीमेंट लिमिटेड मुकेश सक्सेना ने कहा कि अंबुजा फाउंडेशन दाड़लाघाट का प्रयास पशुपालकों को तकनीकी मार्गदर्शन देकर उन्हें आजीविका के साधनों को सुनिश्चित करना एक सार्थक प्रयास है। क्षेत्रीय प्रबंधक अंबुजा फाउंडेशन दाड़लाघाट भूपेंद्र गांधी ने बताया कि पशुपालकों को अमृतधारा दुग्ध उत्पादन समिति से जोड़ा गया है, जिससे किसान दूध को स्थानीय स्तर पर समूहों के माध्यम से विपणन कर सकते हैं।

### डीसी ने कुफर स्कूल में छात्रों से किया संवाद

**नाहन।** डीसी सिरमौर सुमित खिमटा ने पझौता के राजकीय माध्यमिक पाठशाला कुफर का औचक निरीक्षण कर शैक्षणिक गतिविधियों व शिक्षण संस्थान में उपलब्ध अन्य सुविधाओं का जायजा लिया। डीसी ने कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों से संवाद किया तथा विद्यार्थियों से पठन-पाठन संबंधी तौर तरीकों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है और एक अनुभवी शिक्षक शिक्षण कार्य के साथ-साथ मार्गदर्शक के रूप में भी अपने कर्तव्य व उत्तरदायित्व का निर्वहन करता है। उन्होंने शिक्षकों को निर्देश देते हुए कहा कि बच्चों को पढाई के साथ-साथ खेलकूद व बौद्धिक विकास संबंधी अतिरिक्त गतिविधियों के साथ जोड़ा जाना आवश्यक है। पढ़ाई के अतिरिक्त विद्यार्थियों को बुनियादी ज्ञान व देश-प्रदेश तथा जिला संबंधी सामान्य ज्ञान की जानकारी अवश्य होनी चाहिए, ताकि प्रतिस्पर्धा के दौर में अपने आप को सक्षम बनाकर आगे बढ़ सकें। इस दौरान उन्होंने विद्यालय में चलाए जा रहे मिड-डे-मील के तहत विद्यार्थियों को उपलब्ध करवाए जा रहे भोजन की गुणवत्ता भी जांची।

### अंबुजा सीमेंट्स लिमिटेड के साथ हुआ एमओयू

**दाड़लाघाट।** ग्रामीण विकास विभाग ने राज्य में गैर-पुनर्चक्रण योग्य प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन के महत्वपूर्ण मुद्दे के समाधान के लिए अंबुजा सीमेंट्स लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया। इस साझेदारी के तहत अंबुजा सीमेंट्स अपने सीमेंट भट्टों में गैर-पुनर्चक्रण योग्य प्लास्टिक कचरे को सह-प्रसंस्कृत करने के लिए विभाग के साथ सहयोग करेगी। समझौता ज्ञापन स्थायी अपशिष्ट प्रबंधन प्रथाओं को बढ़ावा देने की दिशा में ग्रामीण विकास विभाग और अंबुजा सीमेंट्स की साझा प्रतिबद्धता को रेखांकित करेगा। गैर-पुनर्चक्रण योग्य कचरे के प्रसंस्करण और निपटान, पर्यावरण प्रदूषण को कम करने और लैंडफिल उपयोग को कम करने के लिए अंबुजा सीमेंट की उन्नत तकनीक से लाभ होगा। अंबुजा सीमेंट प्लांट राज्य के चंबा, कांगड़ा, शिमला और सोलन जिलों के गैर-पुनर्चक्रण योग्य प्लास्टिक कचरे का निष्पादन करेगा। वर्तमान में ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 29 प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाइयों को चालू कर दिया गया है और इन इकाइयों के गैर-पुनर्चक्रण योग्य प्लास्टिक कचरे को भी सह-प्रसंस्करण के लिए अंबुजा सीमेंट प्लांट में भेजा जाएगा। ग्रामीण विकास विभाग के निदेशक राघव शर्मा ने कहा कि यह सहयोग स्वच्छ और हरित हिमाचल के दृष्टिकोण को प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# सलोगड़ा में पुराने कूड़े से निकला प्लास्टिक वेस्ट पहुंचेगा गाजियाबाद, पानीपत व चितौड़गढ़

**आर मोहन चौहान, सोलन**

नगर निगम सोलन की सलोगड़ा स्थित डंपिंग साइट के लिगेसी वेस्ट (पुराना कूड़ा) से अलग किया गया आरडीएफ (प्लास्टिक वेस्ट) गाजियाबाद, पानीपत और चितौड़गढ़ स्थित सीमेंट प्लांट पहुंचाया जाएगा।

बरसात के चलते आरडीएफ उठाने का कार्य रुका हुआ था। मौसम खुलते ही सूखा आरडीएफ उठाना शुरू हो चुका है। सलोगड़ा में लिगेसी वेस्ट को उठाने का कार्य भी प्रगति पर है। इससे डंपिंग साइट में जल्द प्रदूषण से मुक्ति मिलेगी। निगम ने इस कार्य का जिम्मा पंचकूला की कंपनी सनटन लाइफ को दिया है। कंपनी का दावा है कि अभी तक डंपिंग साइट से करीब 95 फीसदी लिगेसी वेस्ट (पुराना कूड़ा) उठाया जा चुका है, जबकि बचे हुए 5 फीसदी लिगेसी वेस्ट को 2 से 3 महीने में उठाने का लक्ष्य है। (अनंत ज्ञान)



### नए कूड़े को सेग्रीगेट कर भेजा जा रहा पंचकूला

डंपिंग साइट में सोलन शहर से रोज निकलने वाले फ्रेश कूड़े को रोजाना सेग्रीगेट कर प्रोसेसिंग प्लांट पंचकूला भेजा जा रहा है, जबकि लिगेसी वेस्ट से निकले प्लास्टिक वेस्ट (आरडीएफ) को सीमेंट और बिजली बनाने वाली कंपनी को दिया जा रहा है। पहले प्लास्टिक वेस्ट को दाड़लाघाट स्थित अंबुजा सीमेंट कंपनी को भेजा जा रहा था पर कंपनी ने फिलहाल आरडीएफ का स्टॉक रुक गया। अब इस काम में लगी कंपनी आरडीएफ को गाजियाबाद, पानीपत और चितौड़गढ़ भेजेगी पर वहां की सीमेंट कंपनियां आरडीएफ नहीं ले रही हैं। फिलहाल निगम ने इस डंपिंग प्वॉइंट को प्रदूषण मुक्त कर यहां पौधरोपण कर पार्क बनाने का निर्णय लिया है।

कांट्रैक्टर सनटन लाइफ पंचकूला शौर्य गल्होत्रा का कहना है कि कंपनी ने अपने करार मुताबिक सलोगड़ा डंपिंग साइट से अभी तक करीब 60 फीसदी लिगेसी वेस्ट उठा लिया है। बरसात रुकने से आरडीएफ उठाने का कार्य भी शुरू हो चुका है।

**सलोगड़ा** स्थित डंपिंग साइट से लिगेसी वेस्ट उठाने का कार्य लगभग पूरा हो गया है। कंपनी के मुताबिक अभी तक 95 फीसदी पुराना कूड़ा उठाया गया है। **ऊषा शर्मा, मेयर, एमसी सोलन।**

### दशकों से डंप हो रहा शहर का कूड़ा

**सलोगड़ा** डंपिंग साइट में पिछले करीब तीन दशक में सोलन शहर का हजारों टन पुराना कूड़ा डंप हुआ है। डंपिंग साइट से निकले लिगेसी वेस्ट का 15 से 20 फीसदी प्लास्टिक वेस्ट (आरडीएफ) सीमेंट उद्योग को जाता है, जबकि बाकी वेस्ट से कंपनी खाद बनाती है। निगम के करार के मुताबिक अगले वर्ष तक साइट को पूरी तरह साफ कर यहां पर पेड़, पौधे लगा कर प्रदूषण मुक्त किया जाएगा। जगह की कमी से पुराने कूड़े को सेग्रीगेट किए जा रहे ओडीएफ को स्टोर करना मुश्किल हो रहा है। कंपनी आरडीएफ की मांग के बाद ही संबंधित कंपनियों को भेज पाती है। कंपनी ने मौके पर स्थापित सेग्रिगेट मशीनें स्थापित तो की हैं, लेकिन जगह कम होने के चलते यहां पर अतिरिक्त सेग्रिगेट मशीन लगाना मुश्किल है।

## कांग्रेस सरकार का जश्न मात्र प्रदेश की बदहाली के अलावा कुछ नहीं : भाजपा

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

सिरमौर जिले के भाजपा नेताओं ने हिमाचल की सुक्खू सरकार द्वारा 11 दिसंबर को बिलासपुर में दो वर्ष पूर्ण करने के अवसर पर मनाए जा रहे जश्न पर अनेक सवाल खड़े किए हैं।

सिरमौर जिला भाजपा प्रवक्ता मेलाराम शर्मा, जिला सह मीडिया प्रभारी प्रताप रावत और जिला युवा भाजपा मोर्चा के अध्यक्ष रणबीर ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार का यह जश्न मात्र हिमाचल की बदहाली, दुर्दशा और लोगों के साथ की गई ठगी के इलावा कुछ भी नहीं है। इन दो वर्षों के दौरान प्रदेश विकास के मामले में लगभग दो दशक पीछे चला गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि विकास तो दूर, सुक्खू सरकार ने सत्ता में आते ही भाजपा सरकार द्वारा खोले गए हजारों संस्थान बंद कर दिए हैं। भाजपा नेताओं ने सरकार से पूछा कि सत्ता हथियाने के लिए चुनाव के दौरान प्रत्येक महिला को 1500, सरकार बनते ही पहली कैबिनेट प्रदेश के युवाओं को पांच लाख नौकरियां, दूध के दाम बढ़ाने जैसे झूठे वादों के कारण कांग्रेस की पूरे देश में फजीहत हुई है और यही कारण है कि उसके बाद हरियाणा, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में विधानसभा चुनावों में कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया है। भाजपा नेताओं ने कहा कि यह बात प्रदेश की जनता की समझ से बाहर है की झूठी गारंटियां देकर सत्ता में आने के बाद लगातार 2 साल तक सुक्खू सरकार आर्थिक तंगी का रोना रो रही है और विकास के नाम पर सरकार ने किसी भी क्षेत्र में कोई काम नहीं किया है। सड़कों के बुरे हाल हैं शैक्षणिक संस्थाओं और स्वास्थ्य संस्थानों में स्टाफ नहीं है, बच्चों का भविष्य खराब हो रहा है, स्वास्थ्य संस्थानों में चिकित्सकों और स्टाफ की कमी के कारण लोग प्राइवेट अस्पतालों में महंगा इलाज करने के लिए मजबूर है। चारों ओर त्राहि मची हुई है और सरकार अपनी नाकामियां छुपाने के लिए 2 वर्षों का जश्न मनाने लगी है। सरकार की बदहाली का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं मिल रहा है, जबकि जीवन के अंतिम पड़ाव में बैठे पेंशनर्स को समय पर पेंशन नहीं मिल रही है। भाजपा नेताओं ने कहा कि प्रदेश के कोने-कोने में सरकार की नाकामियों के खिलाफ धरना-प्रदर्शन किए जा रहे हैं।

## सोलन को मिली गवर्नर ट्रॉफी

### सोलन में डीसी ने 84 खिलाड़ियों को किया सम्मानित



**अनंत ज्ञान, सोलन,**

जिला सोलन को इस वर्ष गवर्नर ट्रॉफी से नवाजा गया है। सोलन के ब्वॉयज सीनियर सेकेंडरी स्कूल में जिला स्कूल खेल संघ (डीएसएसए) की ओर से एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस मौके पर डिप्टी डॉयरेक्टर डीआर शारदा भी विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम का आयोजन गवर्नर ट्रॉफी सोलन जिले को मिलने के उपलक्ष्य में किया गया। इसमें डीसी सोलन ने 84 राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को सम्मानित किया। सोलन के स्टूडेंट्स ने अंडर-17 व अंडर-19 में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। यह ट्रॉफी डीसी सोलन ने डिप्टी डॉयरेक्टर एवं एडीपीओ अशोक चौहान को सौंपी। इस मौके पर ब्वॉयज स्कूल के प्रिंसिपल जेएस नेगी, डीएसएसए के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राज कुमार, एसओ रविंद्र चौहान, एमडी चौहान, राजेंद्र पेजटा, नरेंश कंवर, महेंद्र राठौर, मोहन लाल, हेमराज, देश दीपक आदि मौजूद रहे।

## फर्जी कागजात बनाकर बैंक से लिया डेढ़ करोड़ का लोन

**सोलन।** सोलन के एक सहकारी बैंक से करीब डेढ़ करोड़ का लोन लिया गया, लेकिन जब व्यक्ति ने लोन वापस नहीं किया और बैंक ने रिकवरी के लिए कार्रवाई की तो खुलासा हुआ कि व्यक्ति द्वारा बैंक में प्रस्तुत किए गए कागजात जमाबंदी फर्जी हैं। ऐसे में अब पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच करने के बाद आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है।

मामला सोलन शहर के बघाट सहकारी बैंक से जुड़ा है। एसपी गौरव सिहं से मिली जानकारी के मुताबिक हरीश कुमार ब्रांच हेड बघाट को-ऑपरेटिव बैंक राजगढ़ रोड सोलन ने शिकायत दर्ज करवाई कि बैंक द्वारा सत्य प्रकाश निवासी ठियोग को फ्लैट निर्माण के लिए 21 अक्तूबर, 2016 को 55 लाख रुपए व दिनांक 19 दिसंबर, 2017 को एक करोड़ रुपए का लोन मंजूर किया गया था, लेकिन सत्य प्रकाश ने लोन की अदायगी न की जिस पर बैंक ने बकाया ऋण राशि वसूलने के लिए उचित कार्रवाई शुरू की और इस दौरान बैंक को राजस्व प्राधिकरण से पता चला कि सत्य प्रकाश द्वारा बैंक में पेश किए गए कागजात और जमाबंदी भी फर्जी थी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है।

## युवा पीढ़ी अपनी सांस्कृतिक विरासत के प्रति जागरूक रहे : सुमित खिमटा

**अनंत ज्ञान, नाहन**



डीसी सिरमौर सुमित खिमटा विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए।

डीसी सिरमौर सुमित खिमटा ने नेहरू युवा केंद्र नाहन एवं राजकीय महाविद्यालय पझौता के संयुक्त प्रयास से हाबी मान सिंह कला केंद्र, जालग, पझौता में आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय युवा महोत्सव उत्थान कुसुम के समापन अवसर पर बतौर मुख्यातिथि शिरकत की, जबकि एसडीएम राजगढ़ राज कुमार और पद्मश्री विद्यानंद सरैक विशिष्टातिथि उपस्थित रहे।

इस अवसर पर उपस्थित लोगों को बधाई देते हुए डीसी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं। उन्होंने लोक कला संरक्षण के लिए पद्मश्री विद्यानंद सरैक और डॉ. जोगेंद्र हाबी के प्रयासों की सराहना की तथा युवा पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत के प्रति जागरूक रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि नेहरू युवा केंद्र एवं पझौता कॉलेज द्वारा आयोजित यह महोत्सव युवाओं को उनके कौशल और रचनात्मकता को प्रदर्शित करने का एक शानदार मंच प्रदान करता है। नेहरू युवा केंद्र नाहन के युवा समन्वयक सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि इस महोत्सव में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के 9 कॉलेजों और 11 वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों के लगभग 260 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इससे पूर्व पझौता स्कूल की प्रधानाचार्य शिवानी शर्मा ने मुख्यातिथि को स्मृति चिन्ह तथा डॉ. जोगेंद्र हाबी, आसरा संस्था के निदेशक एवं हाबी मान सिंह कला केंद्र के संचालक ने शाल व डांगरा देकर सम्मानित किया। मुख्यातिथि ने प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

## स्टूडेंट्स ने पर्यटन स्थलों का किया भ्रमण

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बुघार के विद्यार्थियों ने हाल ही में एक चार दिवसीय शैक्षिक भ्रमण पर हिमाचल के विभिन्न पर्यटन स्थलों का भ्रमण किया।

इस शैक्षिक भ्रमण का आयोजन प्रधानाचार्य रेखा राठौर के नेतृत्व में किया गया। इस शैक्षिक भ्रमण में दसवीं से 12वीं कक्षा के 50 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिन्हें उपप्रधानाचार्य दीपक ठाकुर, टीजीटी आर्ट्स सुरेश कुमार, टीजीटी नॉन मेडिकल जगदीश चंद और टीजीटी आर्ट्स राज ठाकुर ने मार्गदर्शन प्रदान किया। विद्यार्थियों ने अपने शैक्षिक भ्रमण की शुरुआत माता चामुंडा के दर्शन से की। इसके बाद उन्होंने डलहौजी, खज्जियार और चंबा की प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लिया। विद्यार्थियों ने धर्मशाला में धौलाधार पहाड़ियों की तलहटी में स्थित हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के क्रिकेट स्टेडियम का भी भ्रमण किया। इसके अलावा विद्यार्थियों ने मेकलोडगंज, भागसूनाग मंदिर और भागसुनाग वॉटरफॉल का भी भ्रमण किया। शैक्षिक भ्रमण के अंतिम चरण में विद्यार्थियों ने माता बगलामुखी और माता चिंतपूर्णी के दर्शन किए।

## 20 तक करवाएं ई-केवाईसी

**सोलन।** बिजली उपमंडल सोलन-1 के अधीन घरेलू व होटल बिजली उपभोक्ता अपने बिजली मीटर खाता संख्या को उनके आधार कार्ड से जोड़ने (ई-केवाईसी) की प्रक्रिया आरंभ हो गई है। यह जानकारी बिजली उपमंडल सोलन-1 के सहायक अभियंता ने दी। उन्होंने कहा कि बिजली उपभोक्ता 20 तक ई-केवाईसी करवाना सुनिश्चित करें, ताकि जनवरी माह से बिजली के बिलों में सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली सुविधाएं मिल सकें। सहायक अभियंता ने बिजली उपभोक्ताओं से आग्रह किया कि जल्द ही अपना बिजली का बिल जमा करवाना सुनिश्चित करें

## सूबेदार हीरा नंद शर्मा का पूरे सैन्य सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार

**अनंत ज्ञान, सोलन**



अखिल भारतीय/हि.प्र. भूतपूर्व सैनिक संघ सायरी ममलीग जुब्बड़हट्टी जिला सोलन-शिमला ने वीर सपूत वेटरन सूबेदार हीरा नंद शर्मा का अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव बैहली, पंचायत सायरी, तहसील कंडाघाट जिला सोलन में पूर्व सैनिक लीग और 2 जम्मू-कश्मीर लाइट इन्फैंट्री सोलन के संयुक्त तत्वावधान में सूबेदार मेजर नरेश कुमार कौंडल के कुशल नेतृत्व में पूरे सैन्य सम्मान के साथ किया।

लीग के सदस्यों ने तिरंगे और फूल माला के साथ अपने वेटरन सदस्य को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। 2 जैक लाइट इन्फैंट्री की टुकड़ी ने रीथ अर्पित कर दिवंगत सैनिक को सलामी दी। 2 जैक लाइट इन्फैंट्री, सोलन के कमान अधिकारी ने परिवार को 10,000 की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। नम आंखों से पूरा वातावरण शहीद सूबेदार हीरा नंद शर्मा अमर रहे के नारों से गूंज उठा।

## एड्स के खिलाफ किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, सोलन**




एमएम यूनिवर्सिटी, सोलन के रजिस्ट्रार अजय सिंघल ने बताया कि महर्षि मार्कंडेश्वर कॉलेज ऑफ नर्सिंग, कुमारहट्टी-सोलन में विश्व एड्स दिवस मनाया गया।

इस वर्ष एड्स दिवस का थीम सही रास्ता अपनाएं मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार रहा। नर्सिंग कॉलेज की डीन और प्रिंसिपल डॉ. जसबीर कौर ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। वाइस प्रिंसिपल हरप्रीत कौर ने बताया कि इस दिन को मनाने का मुख्य लक्ष्य एचआईवी/एड्स के बारे में जागरूकता फैलाना और इस गंभीर बीमारी से संबंधित सभी मिथकों को खत्म करने के लिए लोगों को प्रेरित करना है। प्रिंसिपल डॉ. जसबीर कौर ने कहा कि एचआईवी लोगों को खतरनाक नहीं बनाता है इसलिए आप उनसे हाथ मिला सकते हैं और उन्हें गले लगा सकते हैं। भगवान जानता है कि उन्हें इसकी आवश्यकता है। एचआईवी जैसे महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्वास्थ्य मुद्दे के बारे में ज्ञान को बढ़ावा देकर, विश्व एड्स दिवस एचआईवी से लड़ने तथा सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज एवं स्वास्थ्य अधिकार प्राप्त करने के बीच के अभिन्न संबंधों पर प्रकाश डालता है।

## कानूनगो व पटवारी पद पर पुन: नियुक्ति के लिए 15 दिसंबर तक करें आवेदन

**नाहन।** डीसी सिरमौर सुमित खिमटा ने बताया कि सिरमौर में कानूनगो के 15 पद व पटवारियों के 3 रिक्त पदों पर पारिश्रमिक के आधार पर राजस्व विभाग से सेवानिवृत्त कर्मियों को पुन: नियुक्ति दी जाएगी, जिसके लिए आवेदन पत्र सभी प्रासंगिक, सहायक दस्तावेजों, प्रमाण पत्रों के साथ 15 तक डीसी कार्यालय में जमा करवाने होंगे। आवेदन पत्र सिरमौर की आधिकारिक वेबसाइट http://hpsirmaur.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है। आवेदक ने सेवानिवृत्त होने से पहले हिमाचल के राजस्व विभाग के किसी भी विंग में कम से कम 5 वर्ष की सेवा की हो और उसके खिलाफ कोई विभागीय अनुशासनात्मक कार्रवाई लंबित न हो। इस संबंध में सेवानिवृत्त व्यक्ति को अपने मूल विभाग से प्रमाण पत्र प्राप्त करना होगा और आवेदन पत्र के साथ जमा करना होगा। आवेदक को आवेदन पत्र के साथ सरकारी अस्पताल से प्राप्त मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत करना होगा। नियोजित किए जाने वाले सेवानिवृत्त व्यक्ति की आयु 15 दिसंबर तक 65 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

## नौणी में मनाया वन्य जीव संरक्षण दिवस

**सोलन।** डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी के सिल्विकल्चर और एग्रोफोरेस्ट्री विभाग ने कनेक्टिंग पीपल एंड प्लैनेट एक्सप्लोरिंग डिजिटल इनोवेशन इन वाइल्डलाइफ कंजर्वेशन थीम के तहत वन्य जीव संरक्षण दिवस मनाया। पहला विश्व वन्यजीव संरक्षण दिवस 4 दिसंबर 2012 को मनाया गया था और इस वर्ष की थीम वन्यजीव संरक्षण में प्रौद्योगिकी की बढ़ती भूमिका और संरक्षण प्रथाओं को बदलने की उनकी क्षमता को रेखांकित करती है। इन गतिविधियों का उद्देश्य वन्यजीव संरक्षण के बारे में छात्रों की समझ को गहरा करना है, जिससे उन्हें वन्यजीवों की रक्षा के प्रयासों में और अधिक संलग्न होने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। प्रतियोगिताओं ने न केवल जागरूकता बढ़ाई, बल्कि छात्रों और शिक्षकों को पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने और सतत विकास को बढ़ावा देने में वन्यजीवों की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में अपने ज्ञान का प्रदर्शन करने के लिए एक मंच प्रदान किया।




**जागरूकता** डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी और वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी के मृदा विज्ञान ने कोटला पंजोला पंचायत में विश्व मृदा दिवस मनाया

# कृषि में स्वस्थ मृदा की महत्वपूर्ण भूमिका पर दिया जोर

**अनंत ज्ञान, सोलन**



कोटला पंजोला पंचायत में विश्व मृदा दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में बोलते वीसी।

पारिस्थितिक तंत्र को बनाए रखने में स्वस्थ मृदा की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी और वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी के मृदा विज्ञान और जल प्रबंधन विभाग द्वारा कोटला पंजोला पंचायत में विश्व मृदा दिवस मनाया गया।

इस वर्ष के विश्व मृदा दिवस का विषय मिट्टी की देखभाल माप, निगरानी, प्रबंधन रहा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने 25 एमएससी और डॉक्टरेट छात्रों के साथ मिलकर खेतों से मिट्टी के नमूने एकत्र करने की उचित तकनीक स्थानीय किसानों को सिखाई। चर्चाओं में मिट्टी के पोषक तत्वों के महत्व, फसल की उपज पर उनके प्रभाव और जैविक आदानों के बढ़ते उपयोग के माध्यम से मिट्टी के स्वास्थ्य में सुधार के महत्व पर भी चर्चा की गई। इस पहल के तहत किसानों के खेतों से 75 मिट्टी के नमूने एकत्र किए गए, जिनका विश्वविद्यालय में विश्लेषण किया जाएगा। निष्कर्षों के आधार पर, किसानों को मृदा प्रबंधन के लिए अनुरूप सिफारिशें प्रदान की जाएंगी। इसके अतिरिक्त छात्रों ने विश्वविद्यालय फार्म का भी दौरा किया, जहां उन्होंने मिट्टी प्रबंधन प्रथाओं और प्राकृतिक खेती, जैविक खेती और रासायनिक खेती के बीच अंतर दिखाया। मृदा स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करने वाले जागरूकता शिविर के अलावा, पादप रोग विज्ञान विभाग ने इस अवसर पर मशरूम उद्यमिता पर एक जागरूकता शिविर आयोजित किया, जिसमें मुख्यातिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर राजेश्वर सिंह चंदेल रहे। कार्यक्रम में संबोधित करते हुए, मृदा विज्ञान एवं जल प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. उदय शर्मा ने बताया कि विश्व मृदा दिवस हर साल 5 दिसंबर को मनाया जाता है, जो स्वस्थ मिट्टी के महत्व को उजागर करता है और टिकाऊ मिट्टी प्रबंधन की वकालत करता है। इस वर्ष की थीम के बारे में बताते हुए उन्होंने टिकाऊ मृदा प्रबंधन में निर्णय लेने में मार्गदर्शन के लिए सटीक मृदा डेटा और जानकारी की आवश्यकता पर जोर दिया, जो खाद्य सुरक्षा के लिए आवश्यक है। डॉ. प्रदीप ने इस अवसर पर धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम में पंचायत प्रधान हेमराज, उपप्रधान बलराम, पंचायत प्रतिनिधि, विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक आदि मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### केजरीवाल को झटका, तारीख बढ़ाने से कोर्ट का इनकार



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को 'आप' के प्रमुख अरविंद केजरीवाल की उस याचिका पर सुनवाई की तारीख आगे बढ़ाने से इनकार कर दिया, जिसमें उन्होंने मनी लांड्रिंग के एक मामले में उनके खिलाफ दायर आरोपपत्र पर संज्ञान लेने के निचली अदालत के आदेश को चुनौती दी थी। न्यायमूर्ति मनोज कुमार ओहरी ने कहा कि मामले की सुनवाई 20 दिसंबर को ही होगी। मेरे पास सुनवाई के लिए और भी मामले हैं।

### सौदान सिंह ने बाबा साहेब को दी श्रद्धांजलि



**चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष उत्तर क्षेत्रीय प्रभारी सौदान सिंह ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के 68वें महाप्रयाण दिवस पर स्थानीय सेक्टर 33 स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय कमलम में पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर सौदान सिंह ने कहा कि आज हम बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर हम उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। उनका जीवन और कार्य हमें सामाजिक न्याय, समानता और मानवाधिकारों के लिए प्रेरित करता हैं। आज हम उनकी विरासत को याद करते हैं और उनके आदर्शों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। बाबा साहेब ने भारतीय संविधान के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और सामाजिक समरसता के लिए काम किया। हम उनके महान योगदान को याद करते हुए उनकी शिक्षाओं को अपने जीवन में लागू करने का संकल्प लेते हैं। बाबा साहेब की पुण्यतिथि पर हम उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं और उनकी विरासत को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### हरियाणा में जल्द बनेंगे नए जिले, कमेटी का गठन

**चंडीगढ़।** हरियाणा में नए परीसिमन से पहले नए जिलों के साथ ही उपमंडल और तहसीलों का गठन हो सकता है। सरकार की ओर से इसके लिए कैबिनेट मंत्री कृष्णलाल पंवार की अध्यक्षता में एक चार सदस्यीय कमेटी का गठन किया है। इस कमेटी की ओर से तीन महीनों में प्रदेश की हर प्रकार की स्थिति का अवलोकन कर सरकार को रिपोर्ट सौंपी जाएगी। कमेटी की ओर से नए जिलों के अलावा उपमंडल, तहसील और उपतहसील बनाने के लिए अपनी रिपोर्ट तैयार की जाएगी। कमेटी जिला, तहसील और कस्बों की प्रशासनिक सीमा में बदलाव को लेकर अपनी रिपोर्ट तैयार कर सरकार को सौंपेगी। वित्तायुक्त राजस्व और राजस्व एवं आपदा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी की ओर से कमेटी बनाने का आदेश जारी किया गया है।

### टीम इंडिया के टर्बनेटर पर बन रही बायोपिक

**चंडीगढ़।** बॉलीवुड में बायोपिक फिल्मों का खूब ट्रेंड है। कई खिलाड़ियों पर सहित देश के बहादुर सैन्य अधिकारियों पर फिल्में बन चुकी हैं। अब बॉलीवुड में पूर्व भारतीय क्रिकेटर व आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सदस्य हरभजन सिंह की बायोपिक बनने जा रही है। ऐसा हम नहीं, बल्कि सोशल मीडिया पर वायरल हो रही उनकी यह पोस्ट कह रही है। इसमें हरभजन सिंह और विक्की कौशल की फोटो के साथ एक कोट लिखा हुआ। यह पोस्ट तेजी से वायरल हो रही है। इस पोस्ट में हरभजन सिंह ने बायोपिक में अपने किरदार के लिए विक्की कौशल को मॉडल च्वाइस बताया है।इस वायरल पोस्ट में हरभजन सिंह ने कहा है कि 'मुझे लगता है कि विक्की कौशल मेरी बायोपिक के लिए आदर्श विकल्प होंगे। वह और मैं दोनों एक ही जिले से हैं और एक ही भाषा बोलते हैं। मैं उनसे जरूर बात करुंगा। इस पोस्ट के हवाले से तो यहीं लग रहा है कि हरभजन सिंह की बायोपिक पर बॉलीवुड में काम जरूर हो रहा है।

### राष्ट्रपति मुर्मू ने बीआर अंबेडकर को दी श्रद्धांजलि



**भुवनेश्वर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारतीय संविधान के मुख्य वास्तुकार बीआर अंबेडकर की पुण्यतिथि पर शुक्रवार को उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। राष्ट्रपति मुर्मू ओडिशा के पांच दिवसीय दौरे पर हैं। उन्होंने यहां एजी स्क्वायर पहुंचकर अंबेडकर को श्रद्धांजलि दी और फिर मयूरभंज जिले के उपरबेड़ा स्थित अपने पैतृक गांव के लिए रवाना हो गईं। मुर्मू का उपरबेड़ा सरकारी उच्च प्राथमिक विद्यालय जाने का भी कार्यक्रम है, जहां से उन्होंने प्रारंभिक शिक्षा दीक्षा ली थी। राष्ट्रपति छात्रों और ग्रामीणों से बातचीत करेंगी। वह महिला महाविद्यालय, रायरंगपुर की छात्राओं और शिक्षकों से भी बातचीत करेंगी।

### पात्रा के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद हिबी ईडेन ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को भाजपा के नेता संबित पात्रा की ओर से कथित तौर पर 'देशद्रोही' कहे जाने को लेकर पात्रा के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया। ईडेन का आरोप है कि लोकसभा सदस्य पात्रा की टिप्पणी अपमानजनक और असंसदीय है तथा संवैधानिक मानदंडों का उल्लंघन करने वाली है।

### रक्षा मंत्री राजनाथ 9 को रूस दौरे पर जाएंगे

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 9 दिसंबर को रूस दौरे पर जाएंगे। राजनाथ सिंह आईएनएस तुशील की कमिशनिंग सेरेमनी में शामिल होंगे। उनके साथ नौसेना प्रमुख चीफ एडमिरल दिनेश त्रिपाठी भी मौजूद रहेंगे। वॉरशिप तुशिल को रूसी शिपयार्ड ने बनाया है। इस वॉरशिप में बड़ी संख्या में स्वदेशी मिसाइलें लगाई गई हैं।

### बीजापुर में नक्सलियों से मुठभेड़, 3 सुरक्षाकर्मी जखमी

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में तीन सुरक्षाकर्मी मामूली रूप से घायल हो गए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गोलीबारी वीरवार रात को हुई जब सुरक्षाबल के जवान पामेड़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत झिड़पल्ली गांव के करीब एक शिविर के बाहरी घेरे में तैनात थे। शिविर का निर्माण हाल ही में किया गया है।

# पूर्व आतंकवादी चौड़ा के बादल पर खुद ही हमला करने की संभावना!

**एजेंसी, चंडीगढ़**

पंजाब के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुखबीर सिंह बादल पर स्वर्ण मंदिर के बाहर हुए हमले की प्रारंभिक जांच में पता चला है कि गोली चलाने वाले पूर्व आतंकवादी नारायण सिंह चौड़ा ने स्वयं ही शिअद नेता पर हमला किया है। चौड़ा को बृहस्पतिवार को अमृतसर की एक अदालत ने तीन दिन की पुलिस रिमांड में भेज दिया।

मंगलवार को हुए हमले में बादल की जान उस समय बाल बाल बच गई थी, जब अमृतसर में स्वर्ण मंदिर के प्रवेश द्वार पर चौड़ा ने उन पर नजदीक से गोली चलाई थी, लेकिन एक पुलिसकर्मी की सतर्कता से उसका निशाना चूक गया। इस दौरान सादे कपड़ों में मौजूद पुलिसकर्मियों ने हमलावर को काबू कर लिया था। सुखबीर पर हुए हमले का दृश्य मौके पर मौजूद मीडियाकर्मियों के कैमरों में रिकॉर्ड हो गया था, जो वहां कवरेज के लिए एकत्र हुए थे, जहां बादल 2007 से 2017 तक पंजाब में रही अकाली सरकार द्वारा की गई 'गलतियों' के लिए धार्मिक प्रायश्चित के रूप में स्वर्ण मंदिर के मुख्य द्वार पर 'सेवादार' के रूप में ड्यूटी निभाने के दूसरे दिन को कवर करने के लिए एकत्र हुए थे। पुलिस सूत्रों ने बताया कि 68 वर्षीय चौड़ा ने बादल को 'तनखाह' घोषित किए जाने के बाद हमले की योजना बनाई थी। 2007 से 2017 तक पंजाब में अकाली दल सरकार और उनकी पार्टी द्वारा की गई 'गलतियों' के लिए अकाल तख्त ने उन्हें धार्मिक सजा सुनाई थी।

उन्होंने बताया कि हमले के लिए उसने जिस 9 एमएम पिस्तौल का इस्तेमाल किया था, उसे पुलिस ने जब्त कर लिया है। अमृतसर के पुलिस आयुक्त गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने बृहस्पतिवार को कहा था कि पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है। भुल्लर ने अमृतसर में कहा, उसके कब्जे से नौ एमएम की पिस्तौल बरामद की गई है। यह (पिस्तौल) कहां से खरीदी गई, हम इसकी जांच कर रहे हैं। हम अपनी जांच को पारदर्शी बनाए रखने के लिए सभी एजेंसियों को शामिल कर रहे हैं। चौड़ा ने इस साल जुलाई में फेसबुक पर एक पोस्ट में लिखा था, सिख समुदाय ने अकाली दल (बादल) को उसके गंभीर कुकर्मों के कारण राजनीतिक क्षेत्र से खारिज कर दिया है और वह अपनी छवि को पुनर्जीवित करने के लिए अकाल तख्त का इस्तेमाल कर रहा है।

यह पार्टी 'पंथ' (सिख समुदाय) की दुश्मन है और अब उसे राजनीतिक क्षेत्र में सिख समुदाय का नेतृत्व करने का अधिकार नहीं है।' अकाल तख्त पर सिख धर्मगुरुओं ने दो दिसंबर को सुखबीर सिंह बादल एवं अन्य नेताओं को गलतियों के लिए तनखाह की सजा सुनाई थी, जिसमें 2007 के ईशनिंदा मामले में डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह को माफ करना भी शामिल था।

### जान बचाने वाले दो एएसआई को लगाया गले



**शिरोमणि** अकाली दल के नेता सुखबीर सिंह बादल ने अपनी जान बचाने वाले दो पुलिस अधिकारियों को बृहस्पतिवार को गले लगाया। एक पूर्व आतंकवादी ने बादल पर गोली चलाई थी, लेकिन सादे कपड़ों में मौजूद पुलिसकर्मियों ने हमलावर को काबू में कर लिया था। बादल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर सहायक उपनिरीक्षक जसबीर सिंह और हीरा सिंह की तस्वीरें पोस्ट कीं जो उनकी सुरक्षा में शामिल हैं। बादल ने पोस्ट में लिखा, ÷किसी की जान बचाने के लिए अपनी जान जोखिम में डालना कोई आसान बात नहीं है। एएसआई जसबीर सिंह और एएसआई हीरा सिंह दोनों ही प्रकाश सिंह जी बादल के समय से हमारे परिवार का हिस्सा रहे हैं।

# सचिवों को एक हफ्ते में तैयार करना होगा एक्शन प्लान: राधा

**एजेंसी, देहरादून**



सीएस राधा रतूड़ी ने 12 जनवरी, 2025 को देहरादून में प्रस्तावित अंतरराष्ट्रीय प्रवासी उत्तराखंडी सम्मेलन के आयोजन के दौरान विभिन्न सत्रों की जिम्मेदारी संबंधित सचिवों को देते हुए एक सप्ताह में कार्ययोजना तय करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने अंतरराष्ट्रीय प्रवासी उत्तराखंडी सम्मेलन के दौरान आयोजित होने वाले सत्रों में राज्य में विभिन्न क्षेत्रों जैसे मैन्युफेक्चरिंग, पावर जनरेशन, स्टार्टअप आदि में निवेश के संभावनाओं पर चर्चा करवाने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने विशेषकर पर्यटन, कृषि, बागवानी, ग्राम्य विकास, उच्च शिक्षा, स्किल डेवलपमेंट, हेल्थ केयर, आयुष, योगा आदि पर विचार मंथन करवाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने इन सत्रों में विषय विशेषज्ञों एवं अधिकारियों के साथ ही अतिथि प्रवासियों को भी वक्ताओं के रूप में शामिल करने के निर्देश दिए हैं। सचिवालय में आयोजित बैठक में मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने प्रस्तावित अंतरराष्ट्रीय प्रवासी उत्तराखंडी सम्मेलन के आयोजन के दौरान राज्य की लोक संस्कृति, खानपान, स्थानीय हस्तशिल्प, उत्पादों के बेहतरीन प्रदर्शन के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने सम्मेलन के दौरान आयोजित किए जाने वाले प्रत्येक सत्र के लिए संबंधित विभाग के सचिव को नोडल अधिकारी बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून को सम्मेलन के आयोजन के दौरान शहर एवं आयोजन स्थल की स्वच्छता, पार्किंग व्यवस्था, विदेश से आने वाले प्रवासी अतिथियों के स्वागत-सत्कार के लिए संपर्क अधिकारियों, परिवहन, प्रोटोकॉल, रहने, ट्रैफिक की पुख्ता व्यवस्था के लिए निर्देश दिए हैं। बैठक में अपर मुख्य सचिव आनंद बर्धन, प्रमुख सचिव आर के सुधांशु, सचिव मीनाक्षी सुंदरम, सचिन कुर्वे, विनोद कुमार, सुमन सहित सभी विभागों के सचिव, अपर सचिव एवं संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# एनजीओ ने दिव्यांग कलाकारों की कला प्रदर्शनी का दौरा कर किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**




अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर वॉयस ऑफ यूनिटी वेलफेयर सोसायटी ने अपनी प्रेसिडेंट जया गोयल के नेतृत्व में गवर्नमेंट म्यूजियम एंड आर्ट गैलरी, सेक्टर-10 में आयोजित दिव्यांग कलाकारों द्वारा बनाई गई विशेष कला प्रदर्शनी का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने दिव्यांग कलाकारों को शॉल और गुडीज भेंट कर सम्मानित किया और उनकी रचनात्मकता की सराहना की।

यह प्रदर्शनी वी-ए ग्रुप ऑफ इंडियन कंटेंपरेरी वुमन आर्टिस्ट चंडीगढ़ की ओर से आयोजित की गई है, जिसकी संस्थापक साधना संगर हैं। प्रदर्शनी में 20 दिव्यांग कलाकारों द्वारा बनाई गई 45 अद्वितीय कलाकृतियां प्रदर्शित की गई। सोसायटी की महिलाओं ने इन विशेष कलाकारों की कला को देखा और कलाकारों ने अपनी कलाकृतियों के पीछे की सोच और मेहनत के बारे में जानकारी साझा की। इस मौके पर वॉयस ऑफ यूनिट की प्रेसिडेंट जया गोयल ने कहा कि दिव्यांग कलाकारों की यह प्रदर्शनी यह साबित करती है कि असली कला किसी भी सीमाओं में बंधी नहीं होती। उनकी रचनात्मकता और दृढ़ संकल्प हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। हमें गर्व है कि हम इस खास पल का हिस्सा बन सकें। उन्होंने कहा कि वॉयस ऑफ यूनिटी हमेशा इस तरह की प्रेरणादायक पहलों को समर्थन देने और समाज में समावेशिता बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दौरे के दौरान जया गोयल के साथ सोसायटी की अन्य सदस्य नेहा मित्तल, मिसेज अग्रवाल, मधु शर्मा, नंदी गोयल, रेखा मित्तल, सुनीता गर्ग, नीलू गुप्ता, अनिता गोयल, नीना भाटिया, चंदा मालपानी, आरती कथूरिया, उषा गुप्ता, सरोज नागोरी, कांता, मधु सिंगला भी मौजूद थीं।

# रेडक्रॉस की गतिविधियों को आमजन तक पहुंचाने पर चर्चा

**अनंत ज्ञान, गुरुग्राम**

रेडक्रॉस की गतिविधियों को आमजन तक पहुंचाने एवं रेडक्रॉस में नए प्रोजेक्ट का आरंभ करने के उद्देश्य से शुक्रवार को भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी हरियाणा राज्य शाखा के नवनियुक्त वाइस चेयरमैन अंकुश मिगलानी ने रेडक्रॉस सोसायटी गुरुग्राम का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण उपरांत मिगलानी द्वारा सचिव विकास कुमार एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी गुरुग्राम के पैटर्न, वाइस पैटर्न, आजीवन सदस्य एवं सामाजिक संस्थाओं के साथ बैठक की गई। बैठक में सर्वप्रथम सचिव विकास ने सभी उपस्थित अतिथियों एवं सामाजिक संस्थाओं व रेडक्रॉस स्टाफ का परिचय वाइस चेयरमैन के साथ कराया। बैठक में वाइस चेयरमैन ने सभी आजीवन सदस्यों, पैटर्न से नई प्रोजेक्ट एवं संचालित प्रोजेक्ट को और अधिक बेहतर बनाने के सुझाव मांगे। वाइस चेयरमैन ने यह भी कहा कि जिला रेडक्रॉस सोसाइटी वह मंच है, जहां पर व्यक्ति के अंदर सेवा भाव के गुण उत्पन्न कर सकता है।



भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी हरियाणा शाखा के उपाध्यक्ष अंकुश मिगलानी पहुंचे रेड क्रॉस गुरुग्राम।

इस अवसर पर मिगलानी द्वारा टीबी से ग्रसित रोगियों को प्रोटीन डाइट उपलब्ध कराई गई एवं दिव्यांग जनों को मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल प्रदान की गई। इस अवसर पर रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया जहां पर वाइस चेयरमैन ने मतदाताओं को प्रोत्साहित किया गया इसके साथ-साथ वाइस चेयरमैन अंकुश मिगलानी द्वारा रेड क्रॉस द्वारा संचालित वृद्धा आश्रम में जाकर वहां रह रही संवासियों को कंबल वितरित किए गए।

इस अवसर पर विशेष रूप से जिला रेड क्रॉस सोसायटी फरीदाबाद के सचिव विजेंद्र, जिला रेडक्रॉस सोसायटी के पैटर्न एवं आजीवन सदस्य कल्याणी सचान, शिल्पा रैना, अधिवक्ता एके शर्मा, कर्नल पीके भल्ला, अनिल मल्होत्रा, डॉ. ललित गोला आदि उपस्थित थे।

## देश-विदेश

# मतदाता सूची से बड़ी संख्या में हटाए गए मतदाताओं के नाम : केजरीवाल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**आम** आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए हैं। केजरीवाल ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भाजपा ने शाहदरा, जनकपुरी, लक्ष्मी नगर और अन्य सीट पर हजारों मतदाताओं के नाम हटाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग में आवेदन दाखिल किए हैं।

भाजपा ने शाहदरा क्षेत्र में 11,018 मतदाताओं के नाम हटाने के लिए आवेदन किया है। जब हमने 500 नामों संबंधी आवेदन की समीक्षा की तो पता चला कि 75 प्रतिशत लोग अब भी वहां रह रहे हैं, लेकिन उनके नाम मतदाता सूची से हटाए जा सकते हैं।



उन्होंने कहा कि पिछले चुनाव में शाहदरा विधानसभा सीट पर 'आप' ने करीब 5,000 मतों से जीत हासिल की थी। उन्होंने आरोप लगाया कि अब उस निर्वाचन क्षेत्र में करीब 11,000 मतदाताओं के नाम हटाए जा रहे हैं और इनमें से अधिकतर मतदाता 'आप' समर्थक हैं।

### इसरो वैज्ञानिक प्रमोद आर. नायर को युवा वैज्ञानिक पुरस्कार मिला

**तिरुवनंतपुरम।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के वैज्ञानिक प्रमोद आर नायर को हाई एनर्जी मैटेरियल्स सोसाइटी ऑफ इंडिया की ओर से युवा वैज्ञानिक पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। डीआरडीओ और इसरो के संयुक्त संगठन, हाई एनर्जी मैटेरियल्स सोसाइटी ऑफ इंडिया ने 'एमआर कुरुप एंडोमेंट अवार्ड' की स्थापना की है, जो उच्च ऊर्जा सामग्री के क्षेत्र में काम करने वाले युवा वैज्ञानिकों को मान्यता देता है। इसरो के अध्यक्ष डॉ. एस सोमनाथ ने डीआरडीओ के महानिदेशक और वीएसएससी, एलपीएससी और आईआईएसयू के निदेशकों की उपस्थिति में पुरस्कार प्रदान किया।

# वायनाड के लोगों को बहाने नहीं, मदद चाहिए : प्रियंका

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**कांग्रेस** महासचिव प्रियंका गांधी ने शुक्रवार को कहा कि आपदाओं पर राजनीति नहीं होनी चाहिए और भू-स्खलन प्रभावित वायनाड के लोग राज्य और केंद्र सरकारों की ओर उम्मीद के साथ देख रहे हैं तथा उन्हें अब बहाने नहीं चाहिए।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया था कि वायनाड के लोगों को सम्मान के साथ अपने जीवन को पटरी पर लाने में सक्षम होने के लिए तत्काल मदद की आवश्यकता है। इससे एक दिन पहले ही प्रियंका गांधी ने इस मुद्दे पर केरल के सांसदों के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी। प्रियंका ने शुक्रवार को 'एक्स' पर कहा कि आपदाएं राजनीति का विषय नहीं होनी चाहिए।

### भाजपा वाले कुछ भी कहें, राहुल के लिए देश से बढ़कर कुछ नहीं

प्रियंका ने भाजपा की ओर से लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को 'देशद्रोही' कहे जाने पर शुक्रवार को कहा कि सत्तारूढ़ दल के लोग कुछ भी कहें, उन्हें फर्क नहीं पड़ता क्योंकि उनके भाई के लिए देश से बढ़कर कुछ नहीं है। उन्होंने कहा कि जो लोग देश की आजादी के लिए 13 साल जेल में काटने वाले पंडित जवाहरलाल नेहरू और पाकिस्तान के दो टुकड़े करने वाली इंदिरा गांधी को 'देशद्रोही' कह सकते हैं, उनके लिए राहुल गांधी के लिए इस शब्द का इस्तेमाल करना कोई नई बात नहीं है।

# 1987 हाशिमपुरा नरसंहार मामले में आठ लोगों को जमानत दी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट 1987 में 'प्रादेशिक आर्म्ड कान्स्टेबुलरी' के कर्मियों की ओर से 38 लोगों की कथित हत्या से जुड़े हाशिमपुरा नरसंहार मामले में आठ दोषियों को शुक्रवार को जमानत दे दी। हाशिमपुरा नरसंहार 22 मई 1987 को हुआ था, जब पीएसी की 41वीं बटालियन की 'सी-कंपनी' के जवानों ने सांप्रदायिक तनाव के दौरान उत्तर प्रदेश में मेरठ के हाशिमपुरा इलाके से लगभग 50 मुस्लिम पुरुषों को कथित तौर पर घेर कर उन्हें गोली मार दी गई और उनके शवों को एक नहर में फेंक दिया गया। इस घटना में 38 लोगों की मौत हुई थी। पांच लोग ही बच पाए थे।

### महाराष्ट्र में मिड-डे मील खाने से बिगड़ी 96 छात्रों की तबीयत

**मुंबई।** महाराष्ट्र के एक सरकारी स्कूल में मिड-डे मील खाने के बाद 96 छात्रों की तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। यह घटना उस वक्त हुई जब बच्चों ने स्कूल में दिया गया मिड-डे मील खाया और कुछ समय बाद ही उनकी हालत बिगड़ने लगी। छात्रों को उल्टियां और पेट दर्द जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ा, जिसके चलते उन्हें तुरंत इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। स्कूल प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# पीलीभीत में पेड़ से टकराई तेज रफ्तार कार, 6 लोगों की मौत, पांच घायल

**एजेंसी, पीलीभीत**

बेटी के वलीमे से उत्तराखंड अपने घर लौट रहा परिवार वीरवर देर रात हुए सड़क हादसे का शिकार हो गया। तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। जोरदार टक्कर से पेड़ टूटकर कार पर गिर गया, जिससे कार सवार



5 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 5 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। अस्पताल में एक और कार सवार की मौत हो गई। वहीं, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी इस सड़क हादसे का संज्ञान लेते हुए मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है. सीएम योगी ने मुख्यमंत्री जी ने अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंच कर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।

# भाजपा को झटका, सुरेंद्र बिट्टू 'आप' में शामिल




**एजेंसी, नई दिल्ली**

दिल्ली में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले तिमारपुर सीट से दो बार विधायक रहे सुरेंद्र पाल सिंह बिट्टू शुक्रवार को आम आदमी पार्टी (आप) में शामिल हो गए। आप के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने सिंह का पार्टी में स्वागत किया और कहा कि विकास कार्यों में उनका अनुभव पार्टी की मदद करेगा। 'आप' में शामिल होने के बाद सुरेंद्र सिंह ने कहा कि केवल एक ही पार्टी है जो आम लोगों की जरूरतों को सही मायने में समझती है और मैं आप के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करूंगा।

### 10 फुट तक सोने से मढ़ा होगा राम मंदिर का शिखर



**अयोध्या।** राम मंदिर निर्माण समिति की बैठक के दूसरे दिन नृपेंद्र मिश्र बताया कि निर्माण कार्यों की प्रगति संतोषजनक है। मजदूरों की संख्या बढ़ी है, लेकिन अपेक्षाकृत अभी मजदूरों की कमी है। पहली प्राथमिकता मंदिर निर्माण पूरा करना है, जो 15 मार्च तक पूरा हो जाएगा। उसी के साथ सप्त मंदिरों का भी काम पूरा किया जा रहा है। प्रयास है कि मार्च तक परकोटा का तीन चौथाई काम पूरा हो जाए। लोअर प्लिंथ में 500 फुट लंबाई में आर्ट वर्क पूरा हो गया है। पत्थरों पर रामकथा के प्रसंग उकेरे जा रहे हैं। तीर्थयात्री सुविधा केंद्र, फायर स्टेशन और वॉटर प्लाट आदि जो परियोजना है।

# सेंसेक्स में 56 और निफ्टी में 30 अंक की गिरावट

**एजेंसी, मुंबई**

**हफ्ते** के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को शेयर बाजार में फ्लैट कारोबार रहा। सेंसेक्स 56 अंक की गिरावट के साथ 81,709 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 30 अंक की गिरावट रही, यह 24,677 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, बीएसई स्मॉलकैप 342 अंक की तेजी के साथ 57,050 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 17 में गिरावट और 13 में तेजी रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 32 में गिरावट और 18 में तेजी रही। एनएसई सेक्टोरल इंडेक्स में मेटल सेक्टर सबसे ज्यादा 1.23 फीसदी की तेजी के साथ बंद हुआ। रिलायंस, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल और इंफोसिस ने बाजार को नीचे गिराया। जबकि, एक्सिस बैंक, टाटा मोटर्स, लार्सन एंड टुब्रो और आईटीसी ने बाजार को ऊपर खींचा। एशियाई बाजार में जापान के निक्केई में 0.77 फीसदी और कोरिया के कोस्पी में 0.56 फीसदी की गिरावट रही। वहीं चीन का शंघाई कम्पोजिट इंडेक्स 1.05 फीसदी की तेजी के साथ बंद हुआ।




# बाबरी मस्जिद विध्वंस की बरसी पर कड़ी सुरक्षा में जुमे की नमाज अदा

**एजेंसी, संभल (उप्र)**

**बाबरी** विध्वंस को गिराए जाने की घटना के 32 साल पूरे होने और जुमे की नमाज के मद्देनजर शुक्रवार को संभल में भारी सुरक्षा व्यवस्था में गई। सैकड़ों लोगों ने जुमे की नमाज अदा की गई। 26 जिलों में अलर्ट पर रखा गया था। मथुरा की शाही ईदगाह मस्जिद में नमाज पढ़ने के लिए 1500 लोग पहुंचे।

हर शख्स का आधार कार्ड चेक करने बाद मस्जिद में एंट्री दी जा रही है। अमूमन 400 से 500 लोग ही नमाज अदा करने पहुंचते थे। अदालत के आदेश पर 24 नवंबर को शहर के कोट गर्वी इलाके में मुगलकालीन शाही जामा मस्जिद का सर्वेक्षण किए जाने के बाद संभल में हिंसा हुई थी। हिंसा में चार लोगों की मौत हो गई थी और कई अन्य घायल हो गए थे। जिले में तभी से स्थिति तनावपूर्ण है। एसपी मथुरा सिटी अरविंद कुमार ने बताया कि हमने इलाके को 4 जोन में बांटा है। संवेदनशील जगहों पर बैरिकेडिंग की गई है।

### बरेली में छतों पर मिले पत्थर

**बाबरी** मस्जिद विध्वंस वाले दिन से पहले बरेली पुलिस ने फ्लैग मार्च किया। बरेली में ड्रोन कैमरे में आला हजरत मस्जिद के पास छतों पर पत्थर नजर आए। इसके बाद पुलिस ने पत्थर को हटवाया।

## स्पोर्ट्स विंडो

### एडीलेड में भारत-ऑस्ट्रेलिया टेस्ट के लिए पहुंचे रिकॉर्ड दर्शक



**एडीलेड।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच दूसरे क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन एडीलेड ओवल में 36,225 प्रशंसक पहुंचे जो दोनों टीम के बीच पांच दिवसीय मैच के दौरान स्टेडियम में दर्शकों की मौजूदगी का नया रिकॉर्ड है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार पिछला रिकॉर्ड 2011-12 की सीरीज के दौरान 35,081 दर्शकों का था, जिसमें मेजबान टीम ने भारत का 4-0 से सूपड़ा साफ किया था। शुक्रवार को 53,500 दर्शकों की क्षमता वाले मैदान पर दर्शकों की भीड़ उमड़ने का अनुमान था क्योंकि पहले और दूसरे टेस्ट के बीच लंबे अंतराल के बाद भारत और ऑस्ट्रेलिया दोबारा आमने-सामने थे। पांच मैच की सीरीज के बाकी मुकाबलों के आयोजन स्थल ब्रिसबेन, मेलबोर्न और सिडनी में भी बड़ी संख्या में दर्शकों के स्टेडियम में आने की उम्मीद है।




एडीलेड में बॉर्डर-गावस्कर सीरीज के दूसरे टेस्ट मैच के शुरू होने से पहले ट्रॉफी के साथ पोज देते पूर्व भारतीय क्रिकेटर हरभजन सिंह और ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग।

### विश्व पिकलबॉल चैंपियनशिप में भारत ने 1 स्वर्ण सहित 6 पदक जीते

**नई दिल्ली।** भारत ने विश्व पिकलबॉल चैंपियनशिप के हांगकांग चरण में शानदार प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण, तीन रजत और दो कांस्य पदक सहित कुल छह पदक हासिल किए। हांगकांग में 29 नवंबर से एक दिसंबर तक हुई इस प्रतियोगिता में वंशिक कपाड़िया और वृशाली ठाकरे ने 19 प्लस ओपन मिश्रित युगल वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। कुलदीप महाजन ने भी दक्षिण कोरिया की किम युंग ग्वोन के साथ मिलकर इसी वर्ग में रजत पदक हासिल किया। वंशिक (19 प्लस ओपन पुरुष एकल) तथा करीना आदित्य द्विपयानी और वृशाली ठाकरे (19 प्लस महिला युगल) ने भी दो रजत पदक जीते। ईशा लखानी और रूस वान रीक तथा मयूर पाटिल और नीलसन चेन ने क्रमशः 19 प्लस ओपन महिला युगल और 19 प्लस ओपन मिश्रित युगल में कांस्य पदक जीते।

### काव्या के आगे बड़ी-बड़ी एक्ट्रेस भी फीकी

**नई दिल्ली।** कुछ आईपीएल फ्रेंचाइजी ऐसी हैं, जिनके मालिक अक्सर चर्चा में बने रहते हैं। उनमें से एक हैं सनराइजर्स हैदराबाद की मालकिन और सीईओ काव्या मारन। बेबाक खूबसूरती के मामले में काव्या के आगे बॉलीवुड की बड़ी-बड़ी एक्ट्रेसेज फीकी पड़ती हैं।या फिर यूं कह लीजिए की जैसे ही आईपीएल आता है तो काव्या को लेकर सुर्खियां अपने आप तेज हो जाती हैं। उसकी वजह सनराइजर्स हैदराबाद की जीत के बाद उनके ब्यूटीफुल रिएक्शन और स्माइल हैं।



### एशियाई तलवारबाजी परिसंघ के महासचिव बने राजीव मेहता

**नई दिल्ली।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के पूर्व शीर्ष अधिकारी राजीव मेहता को एशियाई तलवारबाजी परिसंघ (एफसीए) का महासचिव चुना गया है। वह इस पद पर काबिज होने वाले देश के पहले प्रशासक हैं। मेहता को एक दिसंबर को उज्बेकिस्तान के ताशकंद में संस्था की आम सभा की बैठक के दौरान एफसीए के महासचिव के रूप में चुना गया था। मेहता ने 2014 से 2022 तक आठ वर्षों तक आईओए के महासचिव के रूप में कार्य किया। वह वर्तमान में भारतीय तलवारबाजी संघ के भी महासचिव हैं।

### ऑस्ट्रेलिया के जो बर्न्स बने इटली की क्रिकेट टीम के कप्तान

**रोम।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज जो बर्न्स को इटली की क्रिकेट टीम का कप्तान बनाया गया है। बर्न्स ने 23 टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधितत्व करने के बाद यूरोपीय देश का रुख किया है। पैंतीस साल के बर्न्स 2020 के एडीलेड टेस्ट के दौरान ऑस्ट्रेलियाई की दूसरी पारी में 63 गेंद पर 51 रन बनाकर नाबाद रहे। इस मैच में भारत अपनी दूसरी पारी में 36 रन पर ऑल आउट हो गया था। सलामी बल्लेबाज बर्न्स ने इस साल मई में इटली का रुख किया था। ब्रिसबेन में जन्मे बर्न्स अपनी मां की विरासत के माध्यम से इटली के लिए खेलने के पात्र हो गए और जून में उनके लिए पदार्पण किया।



**दिन-रात्रि टेस्ट** टीम इंडिया 180 रनों पर सिमटी, ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी में मजबूत शुरुआत

# स्टॉर्क के सामने लड़खड़ाया भारत

**एजेंसी, एडीलेड**

अनुभवी तेज गेंदबाज मिशेल स्टॉर्क के करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी से भारत को 180 रन पर ढेर करने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने दिन-रात्रि के दूसरे क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन शुक्रवार को यहां पहली पारी में एक विकेट पर 86 रन बनाकर अपना पलड़ा भारी रखा। मेजबान टीम अब भारत के पहली पारी के स्कोर से सिर्फ 94 रन से पीछे है जबकि उसके नौ विकेट शेष हैं। ऑस्ट्रेलिया ने सिर्फ उस्मान ख्वाजा का विकेट गंवाया है जिन्हें जसप्रीत बुमराह ने स्लिप में कप्तान रोहित शर्मा के हाथों कैच कराया। स्टंप के समय सलामी बल्लेबाज नाथन मैकस्वीनी 38 जबकि मार्नस लाबुशेन 20 रन बनाकर खेल रहे थे। दोनों दूसरे विकेट के लिए 62 रन जोड़ चुके हैं। स्टार्क ने इससे पहले गुलाबी गेंद से पहली बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट चटकाए, जिससे भारतीय टीम सिर्फ 44.1 ओवर में 180 रन पर ढेर हो गई। उन्हें कप्तान पैट कमिंस और स्कॉट बोलैंड का अच्छा साथ मिला जिन्होंने दो-दो विकेट चटकाए। भारतीय टीम नीतिश कुमार रेड्डी की आक्रामक पारी की बदौलत 150 रन के आंकड़े को पार कर पाई। सलामी बल्लेबाज लोकेश राहुल (37) और शुभमन गिल (31) ने अच्छी शुरुआत के बाद विकेट गंवाए। ऑस्ट्रेलिया को ख्वाजा और मैकस्वीनी की जोड़ी ने सतर्क शुरुआत दिलाई। दोनों ने 10 ओवर तक ऑस्ट्रेलिया को झटका नहीं लगने दिया और 22 रन जोड़े।




मैकस्वीनी 7वें ओवर में भाग्यशाली रहे जब तीन रन के निजी स्कोर पर बुमराह की गेंद पर उनका कैच छूट गया। बुमराह की गेंद उनके बल्लेका किनारा लेकर स्लिप की ओर जा रही थी, लेकिन विकेटकीपर ऋषभ पंत बीच में कूद गए और गेंद उनके हाथ से लगकर छिटक गई। बुमराह ने उछाल लेती गेंद पर ख्वाजा को स्लिप में रोहित के हाथों कैच कराके भारत को पहली सफलता दिलाई। मैकस्वीनी और लाबुशेन ने इसके बाद मोर्चा संभाला और दिन का खेल खत्म होने तक ऑस्ट्रेलिया को और झटके नहीं लगने दिए। इस दौरान दोनों बल्लेबाजों ने कुछ आकर्षक शॉट खेले, जिसमें मैकस्वीनी के नितीश पर जड़े लगातार दो चौके भी शामिल रहे। ऑस्ट्रेलिया की पारी के दौरान दो बार 'लाइट टावर' की बत्ती गुल हुई लेकिन इसके कारण अधिक विलंब नहीं हुआ। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने पहले सत्र में 82 रन पर चार विकेट हासिल करने के बाद दूसरे सत्र में 98 रन पर छह विकेट चटकाकर मेहमान टीम की पारी का अंत किया। दूसरे सत्र के अपने दूसरे ही ओवर में बोलैंड ने अंदर आती गेंद पर रोहित को पगबाधा किया जो छह साल के बाद मध्यक्रम में खेल रहे थे। पंत ने एक बार फिर आक्रामक तेवर दिखाए लेकिन कमिंस की बाउंसर पर लाबुशेन को आसान कैच दे बैठे, जिससे भारत का स्कोर छह विकेट पर 109 रन हो गया। पर्थ में पदार्पण टेस्ट में प्रभावित करने वाले रेड्डी ने रविचंद्रन अश्विन के साथ सातवें विकेट के लिए 32 रन जोड़े। स्टार्क ने अंदर की ओर स्विंग होती गेंद पर अश्विन को पगबाधा किया और फिर इसी ओवर में हर्षित राणा (00) को बोल्ड किया। दूसरे छोर पर विकेट गिरते देख रेड्डी ने आक्रामक तेवर दिखाए। उन्होंने स्टॉर्क पर एक्स्ट्रा कवर के ऊपर से जबकि बोलैंड पर रिवर्स स्कूप करके स्लिप के ऊपर से छक्का जड़ा।

## 06 विकेट 48 रन देकर झटके मिशेल स्टॉर्क ने

### ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों ने बांह पर बांधी काली पट्टी

**ऑस्ट्रेलियाई** खिलाड़ी शुक्रवार को पूर्व क्रिकेटरों फिलिप ह्यूज और इयान रेडपैथ की याद में भारत के खिलाफ दिन-रात्रि के दूसरे टेस्ट के दौरान बांह पर काली पट्टी बांधकर खेले। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज ह्यूज की 2014 में शेफील्ड शील्ड मैच के दौरान सिर पर गेंद लगने से मौत हो गई थी। रेडपैथ भी सलामी बल्लेबाज थे। उनका इस महीने की शुरुआत में निधन हो गया था।

### स्कोर बोर्ड

| भारत (पहली पारी) | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| जायसवाल पगबाधा ब. स्टॉर्क | 00 | 01 | 0/0 |
| राहुल क. मैकस्वीनी ब. स्टॉर्क | 37 | 64 | 6/0 |
| गिल पगबाधा ब. बोलैंड | 31 | 51 | 5/0 |
| कोहली क. स्मिथ ब. स्टॉर्क | 07 | 08 | 1/0 |
| पंत क. लाबुशेन ब. कमिंस | 21 | 35 | 2/0 |
| रोहित पगबाधा ब. बोलैंड | 03 | 23 | 0/0 |
| नीतिश क. हेड ब. स्टॉर्क | 42 | 54 | 3/3 |
| अश्विन पगबाधा ब. स्टॉर्क | 22 | 22 | 3/0 |
| हार्षित ब. स्टॉर्क | 00 | 03 | 0/0 |
| बुमराह क. ख्वाजा ब. कमिंस | 00 | 08 | 0/0 |
| सिराज (नाबाद) | 04 | 03 | 1/0 |
| **अतिरिक्त** | 13 | | |
| **कुल : (44.1 ओवर)** | **180/10** | | |

**विकेट पतन** : 1-0, 2-69, 3-77, 4-81, 5-87, 6-109, 7-141, 8-141, 9-176, 10-180.

**गेंदबाजी :** स्टॉर्क 14.1-2-48-6, कमिंस 12-4-41-2, बोलैंड 13-0-54-2, लियोन 1-0-6-0, मार्श 4-0-26-0.

| ऑस्ट्रेलिया (पहली पारी) | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| ख्वाजा क. रोहित ब. बुमराह | 13 | 35 | 2/0 |
| मैकस्वीनी (नाबाद) | 38 | 97 | 6/0 |
| लाबुशेन (नाबाद) | 20 | 67 | 3/0 |
| **अतिरिक्त** | 15 | | |
| **कुल : (33 ओवर)** | **86/1** | | |

**विकेट पतन** : 1-24.

**गेंदबाजी :** बुमराह 11-4-13-1, सिराज 10-3-29-0, हर्षित 8-2-18-0, नीतिश 3-1-12-0, अश्विन 1-1-0-0.

# श्रीलंका को हराकर भारत अंडर-19 एशिया कप के फाइनल में

**एजेंसी, शारजाह**

वैभव सूर्यवंशी की लगातार दूसरी अर्धशतकीय पारी से भारत ने अंडर-19 एशिया कप वनडे के सेमीफाइनल में शुक्रवार को यहां श्रीलंका को 170 गेंद शेष रहते सात विकेट से शिकस्त दी। श्रीलंका की पारी को 46.2 ओवर में 173 रन पर समेटने के बाद भारत ने सूर्यवंशी की 36 गेंद में 67 रन की ताबड़तोड़ पारी के बूते तीन विकेट गंवाकर महज 24.4 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। सूर्यवंशी ने हाल में आईपीएल नीलामी में सुर्खियां बटोरी थी, जब राजस्थान रॉयल्स ने उन्हें एक करोड़ 10 लाख रुपए में खरीदा। वह लीग के इतिहास में नीलामी में उतरने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने। बाएं हाथ के बल्लेबाज सूर्यवंशी ने अपनी पारी में पांच छक्के और छह चौके लगाए। रविवार को दुबई में खेले जाने वाले फाइनल में भारत के सामने बांग्लादेश की चुनौती होगी। बांग्लादेश ने एक अन्य सेमीफाइनल में पाकिस्तान के खिलाफ जीत के लिए मिले 117 रन के लक्ष्य को महज 22.1 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। लेकिन अबेसिंघे (110 गेंद में 69 रन) और शारुजन शनमुगनाथन (78गेंद में 42 रन) की शानदार बल्लेबाजी के बावजूद भारत के खिलाफ श्रीलंका के बल्लेबाज कभी लय हासिल नहीं कर सके। श्रीलंका ने आठ रन तक शुरुआती तीन विकेट गंवा दिए जिसके बाद अबेसिंघे और शनमुगनाथन ने चौथे विकेट के लिए 93 रन की साझेदारी की। इस साझेदारी के टूटने के बाद टीम लगातार अंतराल पर विकेट गंवाती रही। चेतन शर्मा (34 रन पर तीन विकेट), किरण चोरमले (32 रन पर दो विकेट), और आयुष म्हात्रे (37 रन पर दो विकेट) ने श्रीलंका के बल्लेबाजों को हाथ खोलने का मौका नहीं दिया। भारत ने आक्रामक अंदाज में लक्ष्य का पीछा करना शुरू किया। आयुष म्हात्रे (28 गेंद में 34 रन) ने पहले विकेट के लिए 8.3 ओवर में सूर्यवंशी के साथ 91 रन जोड़ दिए। सूर्यवंशी ने पारी के दूसरे ओवर में दुलनिथ सिगेरा के खिलाफ तीन छक्के और एक चौका लगाया। म्हात्रे ने भी और छक्के और चौके लगाए। मैच में दूसरे छोर से तेजी से रन बनाए। इस साझेदारी को 9वें ओवर में विहास थेवमिका ने म्हात्रे को आउट कर तोड़ा। इस विकेट का सूर्यवंशी पर हालांकि ज्यादा प्रभाव नहीं पड़ा जिन्होंने परिपक्वता दिखाते हुए सी आंद्रे सिद्धार्थ (22) के साथ दूसरे विकेट के लिए 41 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी में तेजी से रन बनाना जारी रखा।




## सिल्वा ने एसीसी अध्यक्ष पद संभाला

**दुबई।** श्रीलंका के शम्मी सिल्वा ने एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के अध्यक्ष का पद संभाल लिया है। उन्होंने भारत के जय शाह का स्थान लिया है, जो हाल ही में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष बने हैं। शाह ने एसीसी अध्यक्ष के रूप में तीन कार्यकाल के बाद पद खाली कर दिया था। यह एसीसी में सिल्वा की पहली भूमिका नहीं होगी। वह पहले इस संस्था की वित्त और विपणन समिति के अध्यक्ष के रूप में कार्य कर चुके हैं। सिल्वा ने कहा,''एशियाई क्रिकेट परिषद का नेतृत्व करना एक बड़ा सम्मान है।''

## विश्व चैंपियनशिप में गुकेश-लिरेन की नजरें जीत के साथ बढ़त बनाने पर

**एजेंसी, सिंगापुर**




लगातार छह ड्रॉ और कुछ मौके गंवाने के बाद तेजतर्रार चैलेंजर डी गुकेश और गत चैंपियन डिंग लिरेन शनिवार को यहां विश्व शतरंज चैंपियनशिप की 10वीं बाजी में जीत के साथ बढ़त हासिल करने के लिए बेताब होंगे। गुकेश ने जीत के कई मौके गंवाए, लेकिन फायदे की स्थिति को जीत में नहीं बदल सके। इस 25 लाख डॉलर इनामी राशि वाली चैंपियनशिप में अब सिर्फ पांच और क्लासिकल बाजियां खेली जानी बाकी हैं और ऐसे में 18 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी शु. वार को एक दिन के आराम के बाद गतिरोध को तोड़कर महत्वपूर्ण बढ़त हासिल करना चाहेगा। गुरुवार को लगातार छठी बाजी और मुकाबले की कुल 7वीं बाजी ड्रॉ थी, जिसमें दोनों खिलाड़ियों ने अंक बांटे। इस ड्रॉ के बाद दोनों खिलाड़ियों के समान 4.5 अंक हैं जो चैंपियनशिप जीतने के लिए जरूरी 7.5 अंक से तीन अंक कम हैं। चीन के 32 वर्षीय लिरेन ने पहली बाजी जीती थी जबकि गुकेश तीसरी बाजी में विजयी रहे थे। बाकी सभी बाजियां ड्रॉ रही।

## ईपीएल: बोर्नेमाउथ ने टोटेनहैम को दी शिकस्त

**एजेंसी, लंदन**

टोटेनहैम को इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल में बोर्नेमाउथ के खिलाफ 0-1 की शिकस्त का सामना करना पड़ा। मैच का एकमात्र गोल डीन हुइसेन ने 17वें मिनट में किया। टोटेनहैम इस तरह मैनचेस्टर सिटी और आर्सेनल की सूची में शामिल हो गया, जो मौजूदा सत्र में बोर्नेमाउथ के खिलाफ शिकस्त झेलनी वाली शीर्ष प्रीमियर लीग टीम हैं। एक अन्य मैच में एलेक्स इवोबी के दो गोल की मदद से फुलहम ने ब्राइटन को 3-1 से हराया।

**लाजियो ने नेपोली को 3-1 से हराया:** लाजियो ने तिजानी नोस्लिन की हैट्रिक की मदद से सिरी-ए में शीर्ष पर चल रहे नेपोली को 3-1 से हराकर इटैलियन कप फुटबॉल टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। नीदरलैंड के फारवर्ड नोस्लिन ने स्टेडियो ओलंपिको में 32वें, 41वें और 50वें मिनट में गोल करके लाजियो को क्वार्टर फाइनल में पहुंचाया। जियोवानी शिमोन ने नेपोली की ओर से मैच का एकमात्र गोल किया। दोनों टीम अब रविवार को सिरी-ए में भिड़ेंगी। नेपोली ने लीग में एक अंक की बढ़त बना रखी है और पांचवें स्थान पर मौजूद लाजियो से चार अंक आगे है।



टोटेनहैम के खिलाफ मैच जीतने के बाद खुशी मनाते बोर्नेमाउथ के खिलाड़ी।

**टेस्ट क्रिकेट** हैरी ब्रूक ने लगाया 8वां टेस्ट शतक, इंग्लैंड ने पहली पारी में बनाए 280 रन

# न्यूजीलैंड के खिलाफ इंग्लैंड का पलड़ा भारी

**एजेंसी, वेलिंगटन**

हैरी ब्रूक के 8वें टेस्ट शतक से इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन शुक्रवार को यहां अपना पलड़ा भारी रखा। ब्रूक ने 115 गेंद में 11 चौकों और पांच छक्कों की मदद से 123 रन की पारी खेली। उन्होंने ओली पोप (66) के साथ 5वें विकेट के लिए 174 रन की साझेदारी भी की, जिससे 43 रन पर चार विकेट गंवाने के बावजूद इंग्लैंड की टीम 280 रन बनाने में सफल रही। न्यूजीलैंड ने इसके जवाब में दिन का खेल खत्म होने तक 86 रन तक पांच विकेट गंवा दिए। स्टंप के समय टॉम ब्लंडेल सात रन बनाकर खेल रहे थे जबकि रात्रि प्रहरी विल ओ रोर्क ने अभी खाता नहीं खोला है। न्यूजीलैंड की टीम अब भी 194 रन से पीछे है जबकि उसके पांच विकेट बचे हैं।




ब्रूक ने पहले टेस्ट में भी इंग्लैंड की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने 171 रन की पारी खेलकर टीम को पहली पारी में बढ़त दिलाई थी जबकि इंग्लैंड 45 रन पर तीन विकेट गंवाकर संकट में था। शुक्रवार को बेसिन रिजर्व में शुरुआती घंटे में न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाजों का दबदबा रहा, जिससे मेहमान टीम ने 26 रन तक तीन विकेट गंवा दिए। ब्रूक ने इसके बाद मोर्चा संभाला और चाय से पहले के अंतिम ओवर में रन आउट होने से पहले कुछ आक्रमक शॉट खेले। उन्होंने 74 रन बाउंड्री से बनाए। ब्रूक के आउट होने से इंग्लैंड का स्कोर सात विकेट पर 259 रन हो गया और इसके बाद उसकी पारी को सिमटने में अधिक समय नहीं लगा। पूरी टीम 54.4 ओवर में आउट हो गई। ब्रूक ने 37 गेंद में अर्धशतक और फिर सिर्फ 91 गेंद में शतक पूरा किया। उन्होंने पोप के साथ 37 गेंद में अर्धशतकीय और 97 गेंद में शतकीय साझेदारी पूरी की। पोप ने भी आक्रामक तेवर दिखाए और 65 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। ओ रोर्के ने पोप को रचिन रविंद्र के हाथों कैच कराके इस साझेदारी को तोड़ा। न्यूजीलैंड की ओर से नाथन स्मिथ ने 86 रन देकर चार जबकि ओ रोर्के ने 49 रन देकर तीन विकेट चटकाए। मैट हेनरी ने 43 रन पर दो विकेट हासिल किए।

## फुटबॉल : कोपा डेल रे में बड़े क्लब जीते

**मैड्रिड।** स्पेन के शीर्ष टीयर के क्लब एटलेटिको मैड्रिड, गेटाफे और ओसासुना ने निचली लीग की विरोधी टीम के खिलाफ कड़े मुकाबले में जीत दर्ज करके कोपा डेल रे फुटबॉल टूर्नामेंट के तीसरे दौर में जगह बनाई, लेकिन डिपोर्टिवो एल्वेस की टीम चौथे टीयर के क्लब डिपोर्टिवो मिनेरा के खिलाफ शिकस्त के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गई।

## गोल्फ : भुल्लर ने सऊदी अरब में हासिल किया कट

**रियाद।** गगनजीत भुल्लर सऊदी इंटरनेशनल गोल्फ टूर्नामेंट में कट हासिल करने वाले एकमात्र भारतीय रहे जबकि अनिर्बान लाहिड़ी और शुभंकर शर्मा प्रतियोगिता से बाहर हो गए। भुल्लर ने दूसरे दौर में चार अंडर 67 के स्कोर से रियाद गोल्फ क्लब पर दो दौर के बाद कुल चार अंडर का स्कोर बनाया। लाहिड़ी (73-67) हालांकि एक शॉट से कट से चूक गए जबकि शुभंकर (71-71) से तीन शॉट पीछे रहे।

